नई दिल्ली
मंगलवार, 16 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, दशमी वर्ष : 28, अंक : 96
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 35
न्यून. 28


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 सात्विक-चिराग को ओलंपिक के लिए मिला अनुकूल ड्रॉ

## धार भोजशाला की सर्वे रिपोर्ट एएसआई ने मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बैंच को सौंपी

# 2000 पेज की रिपोर्ट में दावा: 94 टूटी प्रतिमाएं मिलना मंदिर होने का सबूत

*करीब तीन महीने चली इस स्टडीके दौरान हिंदू और मुस्लिम पक्ष ने अपने-अपने दावे किए हैं। 22 जुलाई को हाईकोर्ट में अगली सुनवाई होगी। हिंदू पक्ष के वकील की ओर से दावा किया गया कि सर्वे के दौरान कई ऐसे साक्ष्य मिले हैं, जो साबित करता है कि यहां मंदिर था।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने धार जिले में स्थित भोजशाला का सर्वे पूरा कर सोमवार को अपनी दो हजार पेज की रिपोर्ट मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बैंच को सौंप दी है। अब 22 जुलाई को इस मसले पर सुनवाई होगी। ये रिपोर्ट मीडिया से शेयर नहीं करने के निर्देश सभी पक्षों को दिए गए हैं। भोजशाला का सच जानने के लिए एएसआई द्वारा किए गए इस सर्वे की रिपोर्ट पर सबकी निगाहें लगी है। हिंदू समुदाय भोजशाला को वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है। मुस्लिम पक्ष कमाल मौला मस्जिद कहता है। दावा किया ▶▶ शेष पेज 7 पर



## हिंदू पक्ष ने कहा-हमारा पक्ष मजबूत, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

हिंदू फ्रंट ऑफ जस्टिस के वकील एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने कहा कि इस मामले में एएसआई रिपोर्ट महत्वपूर्ण है। एएसआई रिपोर्ट ने हमारे केस को मजबूत किया है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बैंच के सामने हमने कहा था कि यह परिसर एक हिंदू मंदिर का है। इसका इस्तेमाल मस्जिद की तरह हो रहा है। 2003 में एएसआई ने जो आदेश पारित किया था, वह पूरी तरह गलत है। देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है। हमने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने एएसआई को साइंटिफिक स्टडी के निर्देश दिए ▶▶ शेष पेज 7 पर

### मुस्लिम पक्ष ने कहा रिपोर्ट की गोपनियता बनाए रखें

धार के शहर काजी वकार सादिक ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही निर्देश दे चुका है कि एएसआई की रिपोर्ट पर हाईकोर्ट स्तर से कोई एक्शन नहीं लिया जा सकता है। हाईकोर्ट में 22 जुलाई को सुनवाई है, लेकिन फैसला सुप्रीम कोर्ट स्तर से ही करना है। सुनने में आया है कि रिपोर्ट पक्षकारों को दी जा रही है। गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश भी सुप्रीम कोर्ट ने दिए थे, ऐसे में पक्षकारों को रिपोर्ट दी जानी थी या नहीं, इस तथ्य पर भी जानकारी ले रहे हैं। उम्मीद है कि कोई भी पक्ष रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करेगा।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### थोक महंगाई दर बढ़कर 3.36 फीसदी पर पहुंची



**नई दिल्ली।** देश में जून में थोक महंगाई दर बढ़कर 3.36 प्रतिशत हो गई है। इससे पहले पिछले मई 2024 में यह 2.61 प्रतिशत थी, जबकि जून 2023 में यह शून्य से 4.18 प्रतिशत नीचे रही थी। अप्रैल में यही थोक महंगाई दर 1.26 % थी। खाने और पीने की चीजों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते देश में थोक मुद्रास्फीति का बढ़ना भी जारी है। वाणिज्य-उद्योग मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि थोक मुद्रास्फीति सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आधार पर जून में महंगाई दर 3.36 फीसदी है।

### निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर, सेंसेक्स भी चढ़ा



**मुंबई ।** शेयर बाजार में सोमवार को शुरुआती कारोबार में तेजी रही। जहां निफ्टी अपने नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, वहीं सेंसेक्स ने करीब 290 अंक की चढ़ाई की। बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 290.46 अंक चढ़कर 80,809.80 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 95.85 अंक की बढ़त के साथ 24,598 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर रहा। सेंसेक्स में सूचीबद्ध कंपनियों में से एचसीएल के शेयर में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी आई।

## घरेलू और वैश्विक स्तर पर बनी हुई चुनौतियों के बीच हरिभूमि से बातचीत में रक्षा विशेषज्ञों ने दी यह प्रतिक्रिया

# चीन-पाकिस्तान की बांह मरोड़ने को भारत को चाहिए जीडीपी का तीन फीसदी 'रक्षा बजट'

## रक्षा मंत्रालय का तर्क, अंतरिम के मुकाबले निश्चित बढ़ेगा रक्षा बजट, देश की सुरक्षा के लिए पैसे की कोई कमी नहीं।

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

विशेष खबर

देश की उत्तरी, पश्चिमी और पूर्वी सीमा पर बनी हुई चीन-पाकिस्तान की साझा युद्ध की चुनौती व रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास संघर्ष की वजह से चिंताजनक बने हुए हालात के बीच अगले सप्ताह संसद में पेश किए जाने वाले मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले आम बजट के एक बेहद महत्वपूर्ण भाग रक्षा बजट को जीडीपी का करीब दो से तीन फीसदी किया जाना चाहिए। जो अभी जीडीपी का लगभग 1.9 फीसदी है। दो से तीन फीसदी में भी रक्षा व्यय की जगह पर रक्षा पूंजीगत व्यय में हर हाल में बढ़ोतरी की जानी चाहिए। क्योंकि पूंजीगत व्यय में वृद्धि से ही सेनाओं की मूलभूत आवश्यकताओं के साथ आधुनिकीकरण, अनुसंधान व विकास के लिए जरूरी सैन्य हथियारों, प्लेटफार्म की खरीद की जा सकेगी। यह जानकारी बजट पूर्व **हरिभूमि** से हुई बातचीत में रक्षा विशेषज्ञों ने दी है। उधर, रक्षा मंत्रालय का कहना है कि फरवरी में आए वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट (6.21 लाख करोड़ रुपए) के मुकाबले महंगाई दर समेत पूर्ण बजट में हमें करीब 5 से 7 फीसदी का इजाफे की उम्मीद है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सरकार के पास कभी फंड की कमी नहीं होती है। जीएसटी से जुड़ा राजस्व एकत्रीकरण रिकॉर्ड स्तर पर है। इसलिए रक्षा से जुड़ी मांगों को पूरा करने में कोई मुश्किल नहीं आएगी। सैन्य खरीद से जुड़ी एलसीए तेजस, हेलिकॉप्टर परियोजना ऑन ट्रैक है। इनका भुगतान करना पड़ेगा। साथ ही एमक्यू 9बी ड्रोन और पनडुब्बी (प्रो-75 आई) परियोजनाओं के लिए बजटीय प्रावधान अपेक्षित हैं।

### उत्तरी सीमा, आईओआर में मजबूती के लिए चाहिए पैसा

पूर्व नौसेनाप्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश (सेवानिवृत्त) ने कहा कि वर्ष 2020 से भारत का चीन के साथ उत्तरी सीमा पर विवाद चल रहा है। जिसकी वजह से पूर्वी लद्दाख में 50 हजार अतिरिक्त सैनिकों की नियमित तैनाती बनी हुई है। कुछ इसी अंदाज में वायुसेना पर भी इस विवाद का अतिरिक्त भार पड़ा है। ऐसे में सीमा पर यथास्थिति बनाए रखने के लिए बढ़े हुए रक्षा बजट की आवश्यकता है। इसके बीच में, मैं हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भारतीय नौसेना की सामरिक क्षमता को मजबूत बनाए जाने के पक्ष में हूं। क्योंकि इसी से चीन के साथ संतुलन बनेगा। अनुमान के हिसाब से रक्षा बजट को जीडीपी का 2 से 2.2 फीसदी होना चाहिए।



### अमेरिका, चीन, रूस और पाकिस्तान का रक्षा बजट

सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, मौजूदा वित्त वर्ष में अमेरिका का रक्षा बजट 858 बिलियन डॉलर है। यह भारत की तुलना में करीब दस फीसदी अधिक है। चीन का रक्षा बजट 231.4 बिलियन डॉलर है। चीन अमेरिका के बाद दुनिया में रक्षा बजट पर सर्वाधिक धनराशि खर्च करने वाला देश है। यूक्रेन के साथ जारी संघर्ष के बीच रूस का रक्षा बजट पर 84 बिलियन डॉलर है। वहीं, पाकिस्तान ने 2, 122 बिलियन रक्षा बजट रखा है।

### जरूरतें तो पूरी होनी चाहिए

वायुसेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी एयर मार्शल बी.के.पांडे ने कहा कि वर्तमान में बनी हुई चुनौतियों के बीच रक्षा बजट के लिए पैसा चाहिए। लेकिन ये धनराशि इतनी तो होनी ही चाहिए कि जिससे सशस्त्र सेनाओं की सभी जरूरतें पूरी हो सकें। मूल रूप से ये राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर जरूरतों पर आधारित होना चाहिए। न कि इसे किसी तय धनराशि के दायरे में बांधा जाना चाहिए। हां इतना जरूर है कि रक्षा बजट जीडीपी का 2 फीसदी होना चाहिए।



ले.ज.संजय कुलकर्णी



एयर मार्शल बीके पांडे



एडमिरल अरुण प्रकाश

### बीते वर्षों के ... बजट के आंकड़े

*बीते चार वर्षों में भारत के रक्षा बजट के आंकड़े देखें तो वित्त वर्ष 2021-22 में यह 5.78 लाख करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2022-23 5.25 लाख करोड़, वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 5.94 लाख करोड़ रुपए था। जबकि मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में अंतरिम बजट का आंकड़ा 6.21 लाख करोड़ रुपए था।*

### देश के रक्षा निर्यात की स्थिति

*रक्षा उत्पादन और निर्यात के मामले में भारत लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। पिछले छह वर्षों में इसमें करीब दस गुना की वृद्धि हुई है। वर्ष 2016-17 में रक्षा निर्यात 1521 करोड़, 2017-18 में 4682 करोड़, 2018-19 में 10745 करोड़, 2019-20 में 9115 करोड़, 2020-21 में 8434 करोड़, 2021-22 में 13,000 करोड़, 2022-23 में 16,000 करोड़ और 2023-24 में यह आंकड़ा 21 हजार करोड़ रुपए पर जा पहुंचा।*

### खतरों के बीच होगा आधुनिकीकरण

*सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि एलएसी पर चीन की चुनौती और पाकिस्तानी आतंकवाद के खतरे के बीच रक्षा बजट को जीडीपी का तीन फीसदी किया जाना चाहिए। इससे सेनाओं में आधुनिकीकरण, मौजूदा साजो सामान के रखरखाव, अनुसंधान और विकास की रफ्तार बनी रहेगी और राजस्व व्यय भी संतुलन में रहेगा। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि रक्षा बजट से पेंशन को अलग कर देना चाहिए। साथ ही वर्तमान में राजस्व (वेतन, पेंशन) और पूंजीगत व्यय का अनुपात में आंकड़ा क्रमशः 80:20 फीसदी है। इसे बदलकर 70:30 फीसदी होना चाहिए।*

## नेपाल के नए पीएम ओली को पीएम मोदी ने दी बधाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को केपी शर्मा ओली को नेपाल का नया प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई दी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में आपकी नियुक्ति पर बधाई। मैं हमारे दोनों देशों के बीच मित्रता के गहरे संबंधों को और मजबूत करने तथा हमारे लोगों की प्रगति एवं समृद्धि के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग का और विस्तार करने के लिए मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। बताते चलें कि नेपाल में 15 जुलाई की सुबह राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने केपी शर्मा ओली ने चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। उनके साथ ही प्रधानमंत्री ओली के मंत्रिमंडल के सहयोगियों के रूप में 21 मंत्रियों ने भी शपथ ली है। इस बार सरकार में एनसी, यूएमएल, जनता समाजवादी पार्टी, जेएसपी और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री ओली के अलावा नेपाली कांग्रेस के प्रकाश ▶▶ शेष पेज 7 पर

## एक्स पर पीएम मोदी के 10 करोड़ फॉलोवर होना गौरव का क्षण

एजेंसी ▶▶ जम्मू



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि 'एक्स' पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फॉलोअर की संख्या 10 करोड़ को पार करना देश के लिए गौरव का क्षण है और वह एक वैश्विक नेता के रूप में उभरे हैं। सिंह यहां भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के जगती परिसर में एमबीए छात्रों के नए बैच के लिए 'ओरियेंटेशन' कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। एक दिन पहले 'एक्स' पर प्रधानमंत्री मोदी के फॉलोवर की संख्या 10 करोड़ पार करने के बारे में पूछे जाने पर, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में राज्य मंत्री ने कहा कि इस उपलब्धि पर सभी को गर्व है। सिंह ने कहा कि सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले राष्ट्राध्यक्ष के रूप में दुनिया भर में उनकी (मोदी) जिस तरह की लोकप्रियता है, कई अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष वास्तव में उनसे सलाह लेने के इच्छुक होते हैं...वह एक वैश्विक नेता के रूप में उभरे हैं। इससे पहले छात्रों को संबोधित करते हुए सिंह ने उनसे 2047 के भारत का नेतृत्व करने के लिए खुद को तैयार करने ▶▶ शेष पेज 7 पर

### कहा, टिहरी बांध का निर्माण किसी आश्चर्य और इंजीनियरिंग चमत्कार से कम नहीं है

## केंद्रीय उर्जा मंत्री मनोहर लाल ने 2400 मेगावाट टिहरी हाइड्रो पावर कॉम्प्लेक्स का किया दौरा



हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल में 2400 मेगावाट टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। अपनी इस विजिट के दौरान मनोहर लाल ने 1000 मेगावाट के टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट (पीएसपी) में चल रही निर्माण गतिविधियों का निरीक्षण किया। यह टीएचडीसीआईएल के अंतर्गत एक प्रमुख परियोजना है जो भारत के नवीकरणीय ऊर्जा बुनियादी ढांचे का एक महत्वपूर्ण घटक है। केंद्रीय मंत्री ने बटरफ्लाई वाल्व चैंबर, मशीन हॉल और टिहरी पीएसपी के आउटफॉल सहित कई प्रमुख क्षेत्रों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने नदी को जोड़ने के कार्य की समीक्षा की, जो ▶▶ शेष पेज 7 पर

### टिहरी हाइड्रो पावर कॉम्प्लेक्स के बारे में कुछ तथ्य

टीएचपीसी गंगा नदी की सहायक नदी भागीरथी पर बनी एक बहुउद्देशीय योजना है। इसे मानसून के दौरान भागीरथी नदी के फालतू पानी का संग्रह करने तथा गैर-मानसून अवधि के दौरान उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के गंगा के मैदानी इलाकों में रहने वाले लोगों की सिंचाई और पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इस संग्रहित जल को उपलब्ध कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस परियोजना से 2400 मेगावाट बिजली का उत्पादन भी किया जाता है। टिहरी एचपीसी में टिहरी हाइड्रो पावर प्लांट (टिहरी एचपीपी) - 1000 मेगावाट (4×250 मेगावाट), 2. कोटेश्वर जल विद्युत परियोजना (कोटेश्वर एचईपी) - 400 मेगावाट (4x100 मेगावाट) तथा 3. टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट (टिहरी पीएसपी) - 1000 मेगावाट (4x250 मेगावाट) परियोजना शामिल हैं।




## इमारत की अन्य दुकानें भी जलकर खाक

# मयूर विहार: कैफे में लगी भीषण आग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार में एक कैफे में भीषण आग लग गई और इमारत की ऊपरी मंजिलों पर स्थित कई दुकानें भी जलकर खाक हो गईं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इमारत के भूतल पर बने कैफे में रविवार रात लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पहली तथा दूसरी मंजिल की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन दमकल की तीन-चार गाड़ियां अब भी घटनास्थल पर हैं और आग लगने के बाद घटनास्थल को ठंडा करने की प्रक्रिया जारी है। अधिकारी ने बताया कि हमें रविवार रात 11 बजकर 40 मिनट पर मयूर विहार फेज-दो और पॉकेट बी में एक कैफे और स्कूल की वर्दी की दुकान में आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि हमने दमकल की 25 गाड़ियों को मौके पर भेजा। इमारत की छत से एक व्यक्ति को निकाला गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दो भाई अमरप्रीत सिंह और सुमनजीत सिंह रात नौ बजकर 30 मिनट पर अपनी दुकानें बंद करके घर चले गए थे। उनकी पहली और दूसरी मंजिल पर तीन दुकानें हैं। अधिकारी ने बताया कि रात करीब 11 बजकर 30 मिनट पर उन्हें कुछ स्थानीय लोगों ने उनकी दुकानों में आग लगने की सूचना दी, जिसके बाद उन्होंने पांडव नगर थाने को सूचित किया। उन्होंने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि आग भूतल स्थित कैफे में लगी और बाकी दो मंजिलों तक फैल गई। अधिकारी ने बताया कि फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।




## केजरीवाल सरकार तिलक नगर-हरि नगर में सात करोड़ से कर रही विकास कार्य : राय

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने गांवों के विकास कार्यों को गति देने के लिए सोमवार को तिलक नगर एवं हरि नगर विधान सभा में विकास सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर दिल्ली के पर्यावरण एवं विकास मंत्री गोपाल राय ने कहा कि लगभग 7 करोड़ रूपए की लागत से तिलक नगर एवं हरिनगर विधान सभा में विकास कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली के गांव के विकास से संबंधित कार्यों के लिए सरकार ने इस साल 900 करोड़ रूपए का बजट रखा है। इस अवसर पर तिलक नगर एवं हरिनगर के विधायक जरनैल सिंह एवं राजकुमारी ढिल्लो और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और वन विभाग के अधिकारी मौजूद थे। राय ने कहा कि दिल्ली के सभी गांवो में विकास का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत सामुदायिक केंद्र,सड़कों, नालियों, जल निकाय, पार्क, श्मशान, खेल मैदान आदि से जुड़े विकास कार्य किए जा रहे हैं। दिल्ली के गांवों के विकास के लिए इस साल सरकार ने 900 करोड़ रुपए का बजट रखा है।

तिलक नगर एवं हरिनगर विधान सभा में सभी विकास की परियोजना पर कार्य तेजी से चल रहा है।

**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम — मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707
IRCTC | LiFE Lifestyle for Environment

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:—

1. खुली ई—निविदा सं.: 2024/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी—एफएफयू/ओपन टेंडर/01 — बी, सी एवं डी श्रेणी रेलवे स्टेशनों (मथुरा कैंट. एवं लक्सर जक्शन) में फूड प्लाजा की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन के लिए ई—निविदा—सह—नीलामी। प्री—बिड मीटिंग की तिथि: 23.07.2024। जमा करने की अंतिम तिथि: 06.08.2024 को 15:00 बजे तक। ई—मेल: anjali5065@irctc.com

2. खुली ई—निविदा सं.: 2024/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी—एफएफयू/ओपन टेंडर/02 — निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों (रूद्रपुर सिटी, पूरनपुर एवं बबीना) में फास्ट फूड यूनिट की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन के लिए ई—निविदा—सह—नीलामी। प्री—बिड मीटिंग की तिथि: 23.07.2024। जमा करने की अंतिम तिथि: 06.08.2024 को 15:00 बजे तक। ई—मेल: anjali5065@irctc.com

विस्तृत विवरणों के लिए www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC एवं www.eprocure.gov.in/cppp देखें। दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता केवल www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन का यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट हुआ तो उसे केवल www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC एवं www.eprocure.gov.in/cppp पर प्रकाशित किया जाएगा।

ecatering.irctc.co.in
आईआरसीटीसी, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी—148, बाराखंबा रोड, कनाट प्लेस, नई दिल्ली—110 001

# एक हजार बाल मजदूरों को मुक्त कराने के लिए याचिका हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार को जारी किया नोटिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को दिल्ली सरकार से उस याचिका पर जवाब तलब किया जिसमें अधिकारियों से छापेमारी कर देशभर के विभिन्न हिस्सों से लाए गए करीब एक हजार बाल मजदूरों को मुक्त कराने का आग्रह किया गया है जिनसे कथित तौर पर बंधुआ मजदूरी कराई जा रही है। कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने दिल्ली सरकार, राजस्व विभाग, दिल्ली बाल अधिकार सरंक्षण आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता रोहतास ने जनहित याचिका में दावा किया कि उसने अधिकारियों से दिल्ली की विभिन्न संपत्तियों पर छापेमारी कर 245 बच्चों और 772 किशोरों को मुक्त कराने के लिए 18 शिकायतें दी जिनसे अति असुरक्षित और गंदे माहौल में रोजाना 12 से 13 घंटे काम कराया जा रहा है। रोहतास के मुताबिक वह गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सहयोग केयर फॉर यू' के काम का समर्थन करते हैं। याचिका में कहा गया है कि अधिकांश बच्चे तस्करी करके लाए गए हैं और वे जिन नियोक्ता के लिए काम करते हैं उनके साथ ही रहते हैं एवं उन्हें अत्यंत खतरनाक परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है, जो उनके स्वास्थ्य और शारीरिक विकास के लिए हानिकारक है। दिल्ली सरकार के स्थायी अधिवक्ता (दीवानी) संतोष कुमार त्रिपाठी ने सुनवाई के दौरान कहा कि याचिकाकर्ता ने उन संपत्तियों का कोई उचित पता नहीं दिया है जहां बाल मजदूरों के काम करने का संदेह है। उन्होंने कहा कि पतों की पहचान किए बिना प्राधिकारियों द्वारा कार्रवाई मुश्किल हो सकती है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि आज तक उन्हें केवल तीन उपजिलाधिकारियों (एसडीएम) के साथ बैठक के लिए पत्र प्राप्त हुआ है। त्रिपाठी ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि याचिकाकर्ता सोमवार को ही एसडीएम (मुख्यालय) से मिलें। इस पर पीठ ने कहा कि अदालत को इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रशासन तत्काल कार्रवाई करेगा और इस मुद्दे पर अदालत के पूर्व के निर्णयों को ध्यान में रखेगा।

## संसद सुरक्षा चूक मामला : दिल्ली पुलिस ने अदालत में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया

दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा चूक मामले में सोमवार को यहां एक अदालत के समक्ष पूरक आरोप पत्र दाखिल किया। संसद की सुरक्षा में चूक की यह घटना पिछले साल, 2001 के आतंकी हमले की बरसी पर हुई थी। मामले के सभी आरोपियों पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी मिलने के बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष आरोप पत्र दाखिल किया गया। अदालत ने मामले का संज्ञान लेने पर बहस के लिए दो अगस्त की तारीख तय की। इसने सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत अगली सुनवाई तक बढ़ा दी। विशेष लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह ने संक्षिप्त सुनवाई के दौरान न्यायाधीश को सूचित किया कि पुलिस ने यूएपीए की धाराओं के तहत आरोपी व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने के लिए संबंधित अधिकारियों से अपेक्षित मंजूरी प्राप्त कर ली है। उन्होंने अदालत को यह भी बताया कि कुछ फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है और उन्हें बहुत जल्द प्रस्तुत किया जाएगा। इससे पहले सात जून को पुलिस ने सभी छह गिरफ्तार व्यक्तियों -मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल शिंदे, नीलम आजाद, ललित झा और महेश कुमावत के खिलाफ लगभग 1,000 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया था। संसद पर 2001 के आतंकवादी हमले की बरसी के दिन, पिछले साल 13 दिसंबर को सुरक्षा में चूक की घटना उस वक्त हुई थी, जब लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के भीतर कूद गये थे और उन्होंने 'केन' के जरिये पीले रंग का धुआं फैला दिया था। बाद में सांसदों ने इन्हें काबू किया था। लगभग उसी समय, दो अन्य आरोपियों - अमोल शिंदे और नीलम आजाद - ने भी संसद परिसर के बाहर 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाते हुए केन से रंगीन धुआं छोड़ा था।

## गांवों को मालिकाना हक देने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली पंचायत संघ ने गांवों की 18 सूत्री मांगों को लेकर गांव बुढेला में पंचायत की। इस दौरान खास तौर पर गांवों को मालिकाना हक देने की मांग जोर शोर से उठाई गई। पंचायत की अध्यक्षता जगदीश तंवर गांव बसई दारापुर ने की। पंचायत में नई दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली व उत्तर पश्चिमी लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख गांवों के पंचायत प्रमुखों ने शिरकत की। इस मौके पर दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव, पंच प्रमुख अधिवक्ता यमन यादव, साइकल संस्था के अध्यक्ष पारस त्यागी बुढेला, दिल्ली ग्राम विकास पंचायत के सचिव डॉ. रामनिवास सहरावत बवाना, राष्ट्रीय युवा संघ के अध्यक्ष आदित्य तंवर नारायण, पंचायत प्रमुख पालम प्रकाश तंवर, हुमायूंपुर वीरेंद्र फोगाट, मादीपुर सुधीर शर्मा, पीरागढ़ी विनोद शौकीन, ख्याला राजकुमार यादव आदि ने गांवों की मांगें पूरी करने नहीं होने तक निरंतर आवाज उठाने का ऐलान किया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **केलेची केनेथ उर्फ जैकब** पुत्र ईया मो निवासी 126, चौथी मंजिल, अर्जुन नगर, सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली-2. स्थायी पता:- 62, ट्रांस एनकू, एनुगुन, नाइजीरिया ने **एफ आई आर नंबर 24/2018 धारा 420/34 भा.द.स, थाना फर्श बाज़ार अधीन दण्डनीय अपराध किया है** (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **केलेची केनेथ उर्फ जैकब** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त **केलेची केनेथ उर्फ जैकब** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्‌घोषणा कि जाती है दिल्ली के उक्त **केलेची केनेथ उर्फ जैकब एफ आई आर नंबर 24/2018 धारा 420/34 भा.द.स, थाना फर्श बाज़ार न्यायालय** के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**डॉ. हरदीप कौर**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-02
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/9072/SHD/2024

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
(www.hssc.gov.in)

**सार्वजनिक सूचना**

**पुलिस विभाग, हरियाणा के विज्ञा. सं. 06/2024, श्रेणी सं. 01 के तहत पुरुष कांस्टेबल (जीडी) के पद हेतु पीएमटी के लिए उम्मीदवारों को सूचना**

यह उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है कि विज्ञा. सं. 6/2024 के क्लॉजेज और क्लॉज 5 (ए) अर्थात चयन और परीक्षा हेतु मानदंड के मद्देनजर, आयोग ने पुरुष कांस्टेबल (जीडी) के पद हेतु पीएमटी और पीएसटी के लिए पदों की कुल संख्या के 8 गुणा उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने का निर्णय लिया है। यद्यपि, पहले चरण में, केवल 6 गुणा उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की जा रही है। शेष 2 गुणा उम्मीदवारों की सूची भविष्य में प्रकाशित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, यह सभी उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है कि आयोग भविष्य में, यदि आवश्यक हुआ, उम्मीदवारों की संख्या बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विज्ञा. सं. 06/2024, श्रेणी सं. 01 के तहत पुरुष कांस्टेबल (जीडी) के पद हेतु शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों का पीएमटी 16.07.2024 से प्रारम्भ होना निर्धारित किया गया है। **संलग्नक-ए** के अनुसार पीएमटी का कार्यक्रम और आरोही क्रम में शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों के रजिस्ट्रेशन नंबर आयोग की अधिकारिक वेबसाइट अर्थात **www.hssc.gov.in** पर उपलब्ध है।

स्थान : पंचकूला — हस्ता/- सचिव
दिनांक : 14 जुलाई 2024 — हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
संवाद-1159/13/639/2025/27795/88/7 दि. 15.07.24 — पंचकूला

## पेट्रोल विक्रेताओं के विरोध के बीच दिल्ली में करीब 600 पीयूसी केंद्र बंद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




पेट्रोल विक्रेताओं और पंप मालिकों के विरोध प्रदर्शन के आह्वान पर राष्ट्रीय राजधानी में 400 पेट्रोल पंप के लगभग 600 प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) केंद्र सोमवार से बंद रहेंगे। दिल्ली सरकार द्वारा प्रदूषण प्रमाणपत्र शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि के बाद दिल्ली पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन (डीपीडीए) द्वारा प्रदूषण नियंत्रण केंद्रों (पीयूसीसी) को बंद करने का आह्वान किया गया है। डीपीडीए के अध्यक्ष निश्चल सिंघानिया ने 'पीटीआई भाषा' को बताया कि पीयूसीसी केंद्रों को चलाना अव्यवहारिक हो गया है इसलिए एसोसिएशन ने हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, ₹दिल्ली में 400 पेट्रोल पंप हैं और सभी के पास पेट्रोल पीयूसीसी केंद्र हैं। उनमें से कुछ के पास डीजल पीयूसीसी केंद्र भी हैं जिससे पीयूसी केंद्रों की संख्या करीब 600 हो जाती है।₹ केजरीवाल सरकार ने बृहस्पतिवार को करीब 13 साल के अंतराल के बाद पेट्रोल, सीएनजी और डीजल वाहनों के लिए पीयूसी प्रमाणपत्र शुल्क बढ़ा दिया। यह बढ़ोतरी 20 रुपये से 40 रुपये के बीच है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा अधिसूचित होते ही नई दरें प्रभावी हो जाएंगी।

# 142 देशों के प्रतिनिधियों का स्वागत करने के लिए सज संवर रही एनडीएमसी : चहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ 46वीं विश्व धरोहर यात्रा के तहत होंगे कार्यक्रम

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण पर 21 जुलाई, 2024 को नई दिल्ली क्षेत्र में 46वीं विश्व धरोहर समिति की यात्रा के तहत 142 देशों के प्रतिनिधियों का स्वागत करने के लिए सज संवर रही है। एनडीएमसी के सदस्य कुलजीत सिंह चहल ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसे लेकर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार और सांसद बांसुरी स्वराज, नियमित रूप से एनडीएमसी के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। वहीं, 46वीं विश्व धरोहर कार्यक्रम हमारी साझा सांस्कृतिक, प्राकृतिक और मिश्रित विरासत के संरक्षण पर चर्चा और सहयोग करने के लिए दुनिया भर के प्रतिनिधियों को एक साथ लाता है। यह बैठक वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने और हमारी विश्व धरोहर संपत्तियों की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चहल ने बताया कि सड़कों को बाधा मुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके लिए एनडीएमसी यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि फुटपाथ/पैदल पथ उपयोगकर्ता के अनुकूल हों। सुगम सवारी के लिए सभी गाड़ी के रास्ते गड्ढे मुक्त होने चाहिए। चहल ने यह भी बताया कि एनडीएमसी इस आयोजन के लिए नई दिल्ली क्षेत्र में स्ट्रीट स्केपिंग के एक भाग के रूप में दीवार कला, मूर्तियां आदि की स्थापना जैसे सौंदर्यीकरण कार्यों में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की सहायता कर रही है। संस्कृति मंत्रालय ने दो स्थानों पर दीवार कला कार्य का प्रस्ताव दिया है; एक अफ्रीकन एवेन्यू रेलवे अंडरपास और दूसरा सफदरजंग फ्लाईओवर की पैरापेट दीवार पर। मुंडी हाउस राउंड अबाउट, होटल ताज मानसिंह राउंड अबाउट और होटल ली मेरिडियन के सामने वाले राउंड अबाउट पर मूर्तियां लगाई जा रही हैं। एनडीएमसी ने संस्कृति मंत्रालय को इन सभी सौंदर्यीकरण कार्यों में सहायता की है। चहल ने बताया कि उद्यान विभाग को लगभग 50,000 गमलों में लगे सजावटी पौधे/फूलों के पौधे/8 फूलों के बोर्ड उपलब्ध कराये जा रहे हैं, जिन्हें 11 दिनों में एक बार बदलना होगा।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | लोहारु निर्वाचन क्षेत्र, जिला भिवानी में 2 अदद सम्पर्क सड़क का निर्माण गांव सोहनसारा से गागड़वास और सोहनसारा से पथरवा तक (लोहारु-सतनाली रोड तक) (आईडी 11426 और 11996) + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.07.2024 | 6.88 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27815/I/88/7 दि. 15.07.24

## डीयू ने छात्र संघ कार्यालय में तोड़फोड़ की जांच के लिए गठित की चार सदस्यीय समिति, प्राथमिकी दर्ज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय ने छात्र संघ कार्यालय में कथित तोड़फोड़ की घटना की जांच के लिए सोमवार को चार सदस्यीय समिति गठित की। समिति सात दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि समिति में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की कुलानुशासक (प्रॉक्टर) रजनी अब्बी, 'डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर' रंजन कुमार त्रिपाठी, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के स्टाफ सलाहकार सुरेन्द्र कुमार और संयुक्त कुलानुशासक गीता सहारे शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि समिति जल्द से जल्द, प्राथमिकता के साथ सात दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने रविवार को आरोप लगाया कि डूसू के उपाध्यक्ष अभि दहिया समेत कांग्रेस की छात्र शाखा 'नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया' (एनएसयूआई) के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में छात्र संघ कार्यालय में तोड़फोड़ की। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एम के मीणा ने कहा, ''डूसू अध्यक्ष तुषार डेढा ने कल मौरिस नगर पुलिस थाने में शिकायत दी। हमने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच करेंगे। एबीवीपी ने आरोप लगाया कि दहिया और अन्य एनएसयूआई सदस्यों ने रविवार तड़के डूसू अध्यक्ष तुषार डेढा, सचिव अपराजिता, संयुक्त सचिव सचिन बैंसला के कार्यालयों और आगंतुक कक्ष में तोड़फोड़ की। एबीवीपी ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने पहले डूसू उपाध्यक्ष अभि दहिया के कार्यालय में शराब पी और फिर तोड़फोड़ की। छात्र संगठन ने एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें दहिया के कार्यालय में कथित तौर पर खाली बोतलें दिखाई दे रही हैं और कार्यालय में तोड़फोड़ के वीडियो भी हैं। संगठन ने मांग की है कि दहिया को डूसू उपाध्यक्ष पद से हटाया जाए और उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जाए। एनएसयूआई ने आरोपों से इनकार किया है और एबीवीपी पर दहिया के कार्यालय में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। दहिया ने एक बयान में कहा कि कल रात, एबीवीपी के कई सदस्यों ने दिल्ली विश्वविद्यालय में मेरे कार्यालय पर हमला किया। मैंने एबीवीपी पदाधिकारी और डूसू अध्यक्ष की फर्जी डिग्री का खुलासा किया था। इसको लेकर ही यह हमला बोला गया। उन्होंने दावा किया कि एबीवीपी उन्हें और एनएसयूआई को बदनाम करने की कोशिश कर रही है।

## डूसू कार्यालय में तोड़फोड़ को लेकर एबीवीपी ने किया डीयू में विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने 14 जुलाई को डूसू कार्यालय में एनएसयूआई द्वारा की गए तोड़फोड़ मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और इस तोड़फोड़ को करने वाले वर्तमान डूसू उपाध्यक्ष एनएसयूआई के अभि दहिया एवं उनके साथ घटना में शामिल एनएसयूआई गुंडों पर कठोर कार्रवाई करने एवं डूसू उपाध्यक्ष अभी दहिया को पद से हटाने की मांग की। इस संदर्भ में दोषियों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए एबीवीपी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन भी सौंपा। डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा ने कहा कि इस तोड़फोड़ मामले से एनएसयूआई का असली चेहरा सबके सामने आ गया है। वहीं, एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल ने कहा कि डूसू कार्यालय में एनएसयूआई के अभि दहिया एवं एनएसयूआई गुंडों द्वारा सुनियोजित तरीके से की गई तोड़फोड़ बहुत ही निंदनीय है। इस पूरे प्रकरण के खिलाफ हमने दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय में सोमवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन कर दोषियों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु डीयू कुलपति को अपना ज्ञापन सौंपा।

**IndusInd Bank**

Office address: 43, Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi - 25

**Hypothecated Repossessed Vehicle Auction/Sale Notice to General Public**
IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below

| Deal No | Customer Name | Registration No | Engine No | Chassis No | Model | Year of Mfg |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DDP01916G | FATE MOHD | HR38AF1559 | AZXWPL66060 | MD2B17AX7PWL5014 | BAJAJ MAXIMA Z CNG Bs6 | 2023 |
| DAS00933G | IBLE HASAN | DL1LAJ9490 | 275CNG17BWXS19730 | MAT556002PVB08977 | TATA ACE | 2023 |
| DAL01311G | SAJID | UP81DT5223 | G12BN1137341 | MA3EZLF1T00251095 | Maruti Super Carry Cng Bs Vi | 2022 |
| DAM06601G | RAFIK | UP86AT2781 | 275CNG17BWXS26804 | MAT556002PVB11761 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2023 |
| DAL01739G | RAUHTASH | UP81ET9375 | AZXWPH06580 | MD2B17AX5PWH07285 | Bajaj Maxima Z Cng Bs Vi | 2024 |
| DAL01439G | SARFUDDEEN | UP81DT9791 | 1.5CRAIL05KXXSE4012 | MAT535073NYK48439 | Tata Intra V30 Bs Vi | 2023 |
| DAL01499G | PAVAN | UP81ET1238 | 275CNG17PXXSH6857 | MAT556004PVA00240 | Tata Ace Gold Cng+ Bsvi | 2023 |
| DAM06552G | LALA KALICHARAN HIMANSHU KUMAR JEWELLERS | UP85ET1208 | K12NN4097345 | MA3EDC03TPF288399 | Maruti Super Carry Cng Bs Vi | 2023 |
| DAA01415G | MUNNA | UP80ET0026 | A8H1227016 | MCHJ1DC3FJLH03380 | JSA VICTORY 1000 D3 3WHEELER 436CC 2 STR Goods | 2018 |
| DAA02141G | SUMAN | UP83CT5663 | AZXWNK39832 | MD2B47AX1NWK14429 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2022 |
| DDB02389G | DEEPAK KUMAR | HR38AA3906 | AZYWKB68729 | MD2B17AY2KWC05917 | Bajaj Maxima Z Cng | 2019 |
| DDB02991G | SANDEEP | HR38AC0843 | AZXWMJ76460 | MD2B47AXXMWJ17678 | Bajaj Re Cng 4s Fi Bs Vi | 2021 |
| UHM02119G | PARAM | UP23AT4625 | BAXWNF19560 | MD2A97AX8NWG05206 | Bajaj Re Diesel Bs Vi | 2023 |
| DMM03525G | M AAS | DL1LAJ1549 | 275CNG17KXXSE9436 | MAT556002NVK62195 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DAB00705G | I IMRAN | UP13CT3929 | G12BN1152098 | MA3EZLF1T00254904 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2022 |
| DMM03640G | M ZUBAIR | UP15GT2009 | 275CNG17DXXS60142 | MAT556002NVE26036 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2023 |
| DMM03867G | A MOHSIN | Unregistred | 275CNG18HWXSA5029 | MAT556012PVH44078 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2023 |
| DMM03382G | MOHD ZAID | UP15FT7530 | 275CNG17EXXS64369 | MAT556002NVE28348 | Tata Ace Gold Cng Bsvi | 2022 |
| AA3C16691 | M Shan Mohammad | UP16CW1313 | K15BN1202121 | MA3NYFJ1SME781716 | MARUTI VITARA BREZZA ZXI PLUS BS VI | 2021 |
| DDV04305C | K SURENDERA | DL5CQ1503 | G12BN622776 | MA3ERLF1S00643867 | MARUTI EECO 7 SEATER W/O AC 1196CC | 2018 |
| DDV04404C | C INTZAR | UP16BV9984 | D13A-5632607 | MA3NYFB1SJD374008 | MARUTI VITARA BREZZA VDI | 2018 |
| DED02125C | K PRASHAN | DL4CAW6457 | L12B32516051 | MAKDF153CFN110580 | HONDA AMAZE 1.2 S (O) MT I-VTEC | 2015 |
| DBO01349C | S SUMIT | DL1CAG0971 | 1887557 | MA3EJKD1S00A36616 | Maruti Swift Dzire Vxi (O) 1197cc Bs Iv | 2017 |
| DEE02228C | C Shri | HR26EV0981 | G3LCNM541473 | MALFC81ALNM330660 | Hyundai Venue 1.0 Turbo S Dct Ptl Bs Vi | 2022 |
| DDF01987D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GD1902 | E426CDLH326592 | MC2CASRF0MH072150 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2021 |
| DED00538D | TAPPET RAPTUM PVT LTD | HR38AE4315 | 22L84998069 | MAT828025NAN12649 | TATA SIGNA 5530 BS6 FB TIP TRAILOR | 2023 |
| DED00556D | Sphaira Transport Private Limited | HR55AP0290 | NPPZ144274 | MB1A5EHD7PANN4398 | ASHOK LEYLAND EA1920 4X2 32FT COWL CHASSIS | 2023 |
| DED00557D | Sphaira Transport Private Limited | HR55AP9679 | PMPZ105155 | MB1A5EHDXPAMN6451 | ASHOK LEYLAND EA1920 4X2 32FT COWL CHASSIS | 2023 |
| DNC02363C | ASHOK | HR87B5752 | D13A-5669221 | MA3NYFB1SJF399595 | MARUTI VITARA BREZZA VDI | 2018 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 7 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

Place : New Delhi
Contact Person : Yogesh Saini, Mob.No: 8860862245

हरियाणा सरकार





## पिछड़े वर्गों के कल्याण हेतु कटिबद्धता निभाई

**मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना**
1.80 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले लाभार्थियों की बेटियों के विवाह पर 41,000 रुपये का शगुन

**डॉ. बी. आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना**
घर की मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये तक की वित्तीय सहायता

**डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना**
उच्च शिक्षा के लिए 8,000 रुपये वार्षिक तक की छात्रवृत्ति

**पी.एम. यशस्वी योजना**
पोस्ट मैट्रिक छात्रों को 5 से 20 हजार रुपये तक शैक्षणिक भत्ता व ट्यूशन फीस

**पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना**
विद्यार्थियों को 160 रुपये से 750 रुपये तक मासिक छात्रवृत्ति तथा सभी नॉन रिफण्डेबल फीस की प्रतिपूर्ति

वार्षिक आय सीमा 1.50 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.50 लाख रुपये की

देश में पढ़ाई के लिए 15 लाख रुपये तथा विदेश में पढ़ाई के लिए 20 लाख रुपये तक का **ऋण 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर**

अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग समुदाय की 2930 चौपालों की मरम्मत इत्यादि कार्यों के लिए **119 करोड़ रुपये की राशि जारी**

# राज्य स्तरीय
# बी.सी. सम्मान सम्मेलन


**16 जुलाई, 2024 | प्रातः 11 बजे | केन्द्रीय विश्वविद्यालय ग्राउंड, महेन्द्रगढ़**

मुख्य अतिथि

## श्री अमित शाह
केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

अध्यक्षता

## श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा



"हमने हरियाणा की अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्गों के कल्याण और उत्थान के लिए कई योजनाओं को लागू किया है और कई योजनाओं पर निरन्तर कार्य कर रहे हैं। यही हमारी सरकार की कटिबद्धता भी है।"
**- नायब सिंह सैनी**

"सरकार एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. समुदायों को सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।"
**- नरेन्द्र मोदी**



कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

## आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana

# फरीदाबाद में अवैध कब्जों ने रोका नीलम आरोबी का काम, लोगों को झेलनी पड़ रही परेशान

नीलम आरओबी से नेशनल हाइवे की तरफ उतरते ही दिल्ली की तरफ एक स्लिप रोड का निर्माण होना था, लेकिन अवैध कब्जे की वजह से नहीं हो पा रहा है। हालांकि, अधिकारियों का तर्क है कि उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को लेटर लिखकर अवैध कब्जे हटाने के लिए कहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन डिवेलपमेंट अथॉरिटी के सुस्त रवैए की वजह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। नीलम ओवरब्रिज की रिपेयरिंग का काम चार महीने के अंदर पूरा करना था लेकिन एफएमडीए ने 10 महीने बाद भी काम पूरा नहीं किया है। यहीं नहीं नीलम आरओबी से नेशनल हाइवे की तरफ उतरते ही दिल्ली की तरफ एक स्लिप रोड का निर्माण होना था, लेकिन अवैध कब्जे की वजह से नहीं हो पा रहा है। हालांकि, अधिकारियों का तर्क है कि उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को लेटर लिखकर अवैध कब्जे हटाने के लिए कहा है कब्जा हटते ही स्लिप रोड का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

**खास बातें**

- 4 महीने में पूरा करना था ओवरब्रिज की रिपेयरिंग का काम
- 10 महीने बाद भी काम पूरा नहीं किया है एफएमडीए ने
- कब्जा हटते ही स्लिप रोड का निर्माण होगा



### दूसरी साइड भी कर दिया बंद

गौरतलब है कि नीलम रेलवे ओवरब्रिज की हालत काफी खराब थी। इसके ऊपर की सड़कें टूट चुकी थीं और नीचे के 22 पिलर भी जर्जर हो चुके थे। इसकी रिपेयरिंग का काम एफएमडीए को सौंपा गया जिसने 25 सितंबर 2023 को आरओबी की एक साइड को बंद कर काम शुरू किया। हाइवे से नीलम चौक को जाने वाली साइड को बंद कर 22 दिन के अंदर बनाना था लेकिन 22 दिन बाद भी आरओबी का काम खत्म नहीं हुआ। जिस कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। हालांकि, कुछ महीने बाद इसे खोल दिया गया और फिर दूसरी साइड को बंद कर रिपेयरिंग का काम किया गया।

### जारी है डिवाइडर और रेलिंग का काम

हालांकि, अब पिलरों की मरम्मत के अलावा सड़क को बनाने का काम पूरा कर लिया गया है। अब केवल फुटपाथ, डिवाइडर और रेलिंग बनाने का काम चल रहा है। वहीं, इस काम में नीलम आरओबी से उतरते ही दिल्ली की तरफ जाने के लिए स्लिप रोड का निर्माण करना था जिसका काम आज तक शुरू नहीं हो सका है। अधिकारियों की मानें तो जहां से स्लिप रोड का निर्माण किया जाना है वहां पर अवैध कब्जा है। जिसे हटाने के लिए अधिकारियों ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से बोला है लेकिन आज तक कब्जा नहीं हटाया गया है। एफएमडीए ने काम लेट होने को लेकर ठेकेदार के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की है।

**खबर संक्षेप**

### खैरमपुरिया को लेकर चौंकाने वाला खुलासा



**गुरुग्राम।** गैंगस्टर राकेश उर्फ काला खैरमपुरिया की पहचान भोंडसी थाना के रिकॉर्ड में प्रवीण के नाम से है। भोंडसी गांव की जमीन पर बसी डिफेंस कॉलोनी के एक मकान के पते पर उसके पासपोर्ट का वेरिफिकेशन कराया गया है। मामले की जांच पुलिस महानिदेशक के आदेश पर एसटीएफ कर रही है। गैंगस्टर का फर्जी पासपोर्ट का वेरिफिकेशन कराने के बाद भोंडसी थाना में तैनात तत्कालीन पुलिस अधिकारी भी एसटीएफ के रडार पर हैं।

### रिक्शा को तेज रफ्तार गाड़ी ने मारी टक्कर



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद स्थित थाना साहिबाबाद क्षेत्र के लोहिया पार्क के सामने तेज रफ्तार गाड़ी ने स्कूल की बच्चियों को ले जा रही ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में कई छात्राएं घायल हैं। पुलिस ने सभी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना मिलने के बाद लड़कियों के अभिभावक अस्पताल पहुंचे। घायल छात्रा प्राची के पिता ने बताया कि उनकी बेटी स्वामी विवेकानंद स्कूल में पढ़ती है । किसी तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। डॉक्टरों ने सीटी स्कैन कराने को कहा है। प्राची के अलावा 4 छात्रों का इलाज चल रहा है।

### जल्द होगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं नियुक्ति



**गाजियाबाद।** जिले में 212 आंगनबाड़ी कार्यक्रताओं की नियुक्ति न होने से दिक्कत आ रही है। हजारों महिलाएं आवेदन कर चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हो सकी है। अनुमान था कि आचार संहिता हटने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति होगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी शशि वाष्र्णेय ने बताया कि 212 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति जल्द हो जाएगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की प्रक्रिया चालू है।

### 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध हालात में लापता

**गाजियाबाद।** निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव खिदौड़ा में 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित भाई ने बताया कि 17 वर्षीय बहन रविवार को लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी जब वह नहीं मिली तो थाने में तहरीर दी गई। परिजनों ने गांव असदपुर नागल निवासी अनेश पर अपहरण का आरोप लगाया है। अलग-अलग समुदाय का मामला होने से तनाव बना है। पुलिस ने केस दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।




## गुरुग्राम से फरीदाबाद बेहाल मरीज,25 जुलाई को पूर्ण हड़ताल की चेतावनी

# डॉक्टरों की 2 घंटे की हड़ताल के चलते अस्पतालों में मचा हाहाकार

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज के आह्वान पर गुरुग्राम और फरीदाबाद समेत प्रदेश के सभी जिलों में सरकारी डॉक्टर सुबह 9 से 11 बजे तक दो घंटे की हड़ताल पर रहे। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाएं ठप रहीं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज के आह्वान पर गुरुग्राम और फरीदाबाद समेत प्रदेश के सभी जिलों में सरकारी डॉक्टर सुबह 9 से 11 बजे तक दो घंटे की हड़ताल पर रहे। डॉक्टरों के हड़ताल पर रहने के दौरान सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों को इलाज नहीं मिलने से दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सप्ताह का पहला दिन होने के चलते अस्पतालों की ओपीडी में लंबी-लंबी लाइनें देखी गईं। सबसे ज्यादा मरीजों को दिक्कतें नागरिक अस्पताल गुरुग्राम सेक्टर-10 में हुई। यहां पर इलाज कराने आए मरीज कई घंटों तक ओपीडी के बाहर डॉक्टर के इंतजार में खड़े रहे, लेकिन डॉक्टरों के हड़ताल पर चले जाने के कारण उनको इलाज नहीं मिला। इसके अलावा नागरिक अस्पताल पटौदी, सोहना और फर्रुखनगर में भी

**खास बातें**

- जिला नागरिक अस्पतालों, सीएचसी व पीचएचसी में ओपीडी सेवाए बंद रही
- आपाताकालीन सेवाएं व पोस्टमार्टम सेवाएं चालू रहीं

### परेशान होकर बिना इलाज करवाए ही घर लौट गए



हालांकि, अस्पताल प्रशासन द्वारा नागरिक अस्पताल की ओपीडी में इटर्न डॉक्टरों को बैठाया था। वह मरीजों को आगे की तारीख दे रहे थे। वहीं, इलाज नहीं मिलने से कई मरीज काफी नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि इलाज के लिए वह आए हैं, लेकिन हड़ताल के कारण इलाज नहीं हो रहा है। उल्लेखनीय है कि, हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन कई सालों से अपनी मांगों को लेकर सरकार के साथ बातचीत का प्रयास कर रही है, लेकिन सरकार द्वारा उनकी मांगें नहीं मानी गई हैं। ऐसे में सोमवार को दो घंटे की हड़ताल की गई है। एसोसिएशन ने कहा कि अगर सरकार उनकी मांगों का संज्ञान नहीं लेती है तो वह 25 जुलाई को हरियाणा में पूरी तरह से स्वास्थ्य सुविधाओं को बंद कर दिया जाएगा। एसोसिएशन की मुख्य मांग डॉक्टर सीधे एसएमओ की भर्ती, एसीपी नहीं मिलने, डॉक्टर की कमी और पीजी कोर्स के लिए भरे जाने वाले एक करोड़ के बांड का विरोध कर रहे हैं।

### 2 घंटे की हड़ताल से मरीज हुए परेशान

फरीदाबाद के बीके अस्पताल सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों ने 2 घंटे की हड़ताल रखी, जिससे इलाज के लिए पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सप्ताह का पहला दिन होने के चलते बीके अस्पताल में उपचार करने वालों की संख्या अधिक थी। वैसे ही ओपीडी कार्ड बनवाने वालों की रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लाइन लगी हुई थी। हड़ताल के दौरान डॉक्टरों ने ओपीडी प्रवेश द्वार के पास इकट्ठा होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

## ननि खोलेगा स्वीपर वेलफेयर एसोसिएशन अकाउंट

# बाहरी व्यक्तियों ने शहर का माहौल बिगाड़ा तो होगी कानूनी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से रजिस्टर्ड स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ एवं सहयोगी संगठनों ने मुलाकात की। उन्होंने बाहरी व्यक्तियों गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर धरना दिए जाने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि ऐसे संगठन जो रजिस्टर्ड नहीं है तथा बाहरी व्यक्ति उसमें शामिल है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। सफाई कर्मचारियों के हित में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों को रफ्तार देने पर भी चर्चा की गई है। मौके पर स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष शक्ति, उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राहुल चौहान व अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

### अनुमति के बिना धरना-प्रदर्शन नहीं

नगर आयुक्त ने शिकायत का संज्ञान लेते निर्देश जारी किए कि बाहरी व्यक्ति के द्वारा यदि निगम परिसर तथा मुख्यालय पर बिना किसी अनुमति के या बिना किसी नियमों अनुसार की गई कार्यवाही के धरना प्रदर्शन किया जाता है तो उसकी विरुद्ध कानूनी मदद के लिए कहा गया है। नगर आयुक्त ने बताया कि स्वीपर वेलफेयर एसोसिएशन अकाउंट जल्द ही खोला जाएगा जिससे कर्मचारी के हित में अमाउंट जोड़ते हुए कार्य किया जाएगा। जिससे सफाई कर्मचारी तथा उसके परिवार को भी लाभ प्राप्त होगा जिसमें आए हुए प्रस्ताव के क्रम में कार्यवाही तेजी से चल रही है स्वीपर वेलफेयर एसोसिएशन अकाउंट से सफाई कर्मचारी को अचानक बीमारी में भी लाभ मिलेगा तथा उसके परिवारजन को भी अन्य प्रकार की सुविधा भी दी जाएगी।

## डोम परिसंघ के जिलाध्यक्षों से मिले उदितराज कहा-

# विस चुनाव से पूर्व प्रदेश के सभी जिलों में रैली करेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

कांग्रेस पार्टी के असंगठित कामगार व कर्मचरियों के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. उदितराज विधानसभा चुनाव को लेकर हरियाणा के हर जिले में रैली करेंगे। यह बात उन्होंने हरियाणा डोम परिसंघ के 22 जिलों के जिलाध्यक्षों व लोगों के साथ उनके केन्द्रीय कार्यालय में कही। सभी जिलाध्यक्ष व उदितराज से मिलने पहुंचे थे। जिलाध्यक्षों ने उदितराज को बताया कि भाजपा के दस सालों में हरियाणा अपराध, भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया है। जनता को फैमिली आइडी, प्रॉपर्टी आइड के जाल में फंसा दिया गया है। लोग अपने काम धंधे छोड़कर इनके चक्कर मे लगे हुए है।

### 10 दिन एकांतवास में रहेंगे उदितराज

डॉ. उदितराज ने कहा कि वे अभी दस दिन एकांतवास में रहेंगे। इस दौरान वे परिवार, व सभी लोगों से दूर रहते हुए मौन साधना व प्राणायाम करेंगे। उसके बाद हरियाणा में चुनाव प्रचार में जुट जाएंगे। उदितराज के करीबी पीएल कटारिया ने बताया कि हरियाणा में कांग्रेस की टिकट लेने वाले लोग उदितराज से मिलने आते हैं। लेकिन डॉ उदितराज का कहना है कि पार्टी की प्रक्रिया का पालन व जिताऊ उम्मीदवार होगा, पार्टी उसको ही टिकट देगी। पार्टी सिफारिश के आधार पर टिकट नहीं देगी।

## जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

# सहकर्मियों के उत्पीड़न से परेशान गाजियाबाद में युवती ने दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सहकर्मियों के उत्पीड़न से परेशान युवती ने गाजियाबाद में जहर खाकर खुदकुशी कर ली। युवती नोएडा स्थित एक्सिस बैंक के रीजनल कार्यालय (एक्सिस हाऊस) में काम करती थी। वह पिछले छह माह से सहकर्मियों के उत्पीड़न से परेशान थी। यह कदम उठाने से पहले उसने सुसाइड नोट लिखा है। जिसके आधार पर शिवानी के भाई गौरव त्यागी ने एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें शिवानी के तीन सहकर्मियों ज्योति चौहान, मोहम्मद अकरम और जनमुश शाकिब समेत अन्य को नामजद किया गया है।



आरोप है कि वरिष्ठों से शिकायत पर भी कोई सुनवाई न होने से युवती परेशान थी। शुक्रवार शाम नंदग्राम थानाक्षेत्र स्थित घर में जहर खाने के बाद युवती को तत्काल जिला एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से डाक्टरों ने उसे दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी मौत हो गई।

सुसाइड नोट में शिवानी त्यागी ने लिखा है कि सहकर्मी ज्योति, अकरम और शाकिब पिछले पांच - छह माह से शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। उनके काम में कमी निकालने के साथ ही ताने देते हैं। शिवानी का आरोप है कि वरिष्ठों से शिकायत के बाद भी उसकी सुनवाई नहीं हुई। इसलिए परेशान होकर जान दे रही हूं। आत्महत्या के लिए जिम्मेदार सहकर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए।



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज करनाल | गांव खिराजपुर, ब्लॉक कुंजपुरा, जिला करनाल में स्वयं सहायता समूह हेतु हॉल का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई + 3 कार्य। | 11.07.2024 18.07.2024 | 46.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 2 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | राज्य के सरकारी स्कूलों में ग्रेड-1 से 3 के लिए टीएलएमएस के 9309 सैट्स की अधिप्राप्ति हेतु दर अनुबंध की व्यवस्था करना। | 13.07.2024 29.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | डीजल इंजन पम्पिंग सेट्स (2सीएस क्षमता)। | 13.07.2024 19.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 4 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | राज्य के सरकारी स्कूलों में ग्रेड-4 व 5 के लिए टीएलएमएस के 7350 सैट्स की अधिप्राप्ति हेतु दर अनुबंध की व्यवस्था करना। | 13.07.2024 29.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिविल स्टेशन रोड जिला सिरसा पर एसएसए-यार्ड में एलसी नं. 144 कि.मी. 224/2-3 के एवज में रेवाड़ी-भटिंडा रेलवे लाइन पर पुल के नीचे रोड के निर्माण हेतु डीएनआईटी। (सी.एम. घोषणा कोड सं. 26681 दिनांक 29.05.2022)। | 13.07.2024 02.08.2024 | 1060.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर में मुकंद लाल सिविल हॉस्पिटल में ट्रॉमा सेंटर और (एनपीसीडी) की विशेष मरम्मत। | 12.07.2024 18.07.2024 | 36.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, यमुनानगर निर्वाचन क्षेत्र सढ़ौरा (ग्रुप-1) के तहत विभिन्न सड़कों पर चौड़ा करने और मजबूतीकरण द्वारा सड़कों की मरम्मत (आईडी 404, 459, 412, 455 और 9742)। | 12.07.2024 22.07.2024 | 237.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | कुरंगावली गांव :- आरसीसी फिल्टर बेड, एचएलटी, स्वच्छ जल टैंक, सीडब्ल्यूएसडब्ल्यू, आरडब्ल्यूएसडब्ल्यू, पी/चैंबर का निर्माण, आरसीसी पाइप चैनल बिछाना, एस/एस टैंक का निर्माण, गांव में वितरण पाइप लाइन बिछाना और जल घर में विविध मरम्मत कार्य के लिए डीएनआईटी। सीएच टू :- कुरंगावाली :- जल आपूर्ति योजना के पुनरोद्धार/संवर्धन और गांव कुरंगावाली जिला सिरसा में वितरण प्रणाली के मजबूतीकरण हेतु आकलन (माननीय सी.एम. और एम.पी. द्वारा जन संवाद के दौरान मांग) [कार्य कोड-पीयूएच/2023-24/8405] {हैड-पी-01-38-4215- 01-102-93-94-एन-वी-ग्रामीण जल आपूर्ति (एसपी)-जलापूर्ति का संवर्द्धन} +4 कार्य | 09.07.2024 19.07.2024 | 837.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | जलापूर्ति मंडी डबवाली कस्बे का वार्षिक रखरखाव। "मण्डी डबवाली कस्बे में विभिन्न स्टेशनों पर गैसियस टाइप पूर्ण वॉक्यूम क्लोरीनेशन प्रणाली का व्यापक रखरखाव और क्लोरीन गैस सिलैंडरों की रिफिलिंग तथा उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।" (छह वर्ष की अवधि के लिए) + 10 कार्य। | 13.07.2024 23.07.2024 | 1830.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज कैथल | खेड़ी शेरू - गांव खेड़ी शेरू में पुण्डरी ड्रेन नं. 2 से रामदिया पुत्र रामकला के खेत से जसवंत पुत्र रामस्वरूप के खेत तक ब्रिक पेविंग रास्ता का निर्माण + 7 कार्य। | 11.07.2024 17.07.2024 | 62.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज कैथल | जल सेवाएं यांत्रिकी उपमंडल, गोहाना में गांव बरोदा में बाढ़ संरक्षण कार्य के लिए नये पम्पों की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | बंद होने की तिथि 18.07.2024 | 57.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | ओ/एल आरडी 25000-आर साडेवा डिस्टी. के डब्ल्यू/सी के रत्ताखेड़ा खरीफ चैनल के आरडी 27369 पर डब्ल्यू/सी क्रॉसिंग का निर्माण / मरम्मत + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.07.2024 | 3.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हिसार | आरडी 56460 चौधरी माइनर पर क्रॉस रेगुलेटर के निर्माण हेतु आकलन + 2 कार्य। | 11.07.2024 19.07.2024 | 46.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662237870 xenwsdnhsrhsr@gmail.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा कैथल | सरस्वती नदी के आरडी 55750 (16.99 कि.मी.) पर वीआर ब्रिज का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 21.07.2024 | 470.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8053519393 xen-sswati3ktl.irr@gov.in |
| 15 | पंचायती राज अम्बाला | गांव अबुपुर (जीपी कुराली) में शमशान घाट की चारदिवारी और गांव कोहरा भुरा ब्लॉक नारायणगढ़ में शमशान घाट के रास्ते का निर्माण + 6 कार्य। | 11.07.2024 18.07.2024 | 166.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 16 | वन विभाग हरियाणा जीन्द | जीन्द एचक्यू नर्सरी जीन्द रेंज में पौधों की नई रेजिंग + 7 अन्य कार्य। | 12.07.2024 19.07.2024 | 149.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1681255458 dfojind2009@rediffmail.com |
| 17 | पंचायती राज करनाल | गांव बारथल ब्लॉक नीलोखेड़ी (करनाल) में ग्राम सचिवालय भवन का निर्माण। | 12.07.2024 31.07.2024 | 49.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज करनाल | गांव जिमरी खेड़ा, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में अल्लानजोगी रोड से सतीश पुत्र कृष्ण के मकान तक नाला और आईएलपीबी गली के निर्माण कच्ची लागत स्कीम जन संवाद + 16 कार्य। | 12.07.2024 20.07.2024 | 234.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज हिसार | कोठ कलां, नारनौंद, नारा रोड से सत्यवान पुत्र अमर सिंह के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 20 कार्य। | 12.07.2024 18.07.2024 | 704.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 20 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, हिसार में मेन स्टोर हिसार में 11.2 मिमी गेज बजरी की आपूर्ति, संग्रहण और परिवहन। | बंद होने की तिथि 18.07.2024 | 3.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466446125 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 21 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में गन्नौर निर्वाचन क्षेत्र में गांव मोई माजरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (बकाया कार्य) + 2 कार्य। | 12.07.2024 18.07.2024 | 156.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 22 | लोनिवि भ व प सिरसा | कालांवाली निर्वाचन क्षेत्र में 2 अदद रोड्स पर 20 मिमी मोटी प्रीमिक्स कार्पेट द्वारा विशेष मरम्मत (I) कि.मी. 0.00 से 2.25 और 2.55 से 15.21 में कालांवाली से बड़ागुढा (वीटी) (रोड आईडी 5689) (II) सिरसा जिले में (ग्रुप नं. 1) कि.मी. 0.00 से 18.84 में बड़ागुढा से रोड़ी रोड (वीटी) (रोड आईडी 5686)। | बंद होने की तिथि 24.07.2024 | 391.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666220530 pwd-eepd1-sirsa@hry.nic.in |
| 23 | पंचायती राज कैथल | गांव पट्टी खोट में शमशान घाट में हैंड पम्प और शैड की स्थापना + 18 कार्य। | 12.07.2024 18.07.2024 | 82.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 24 | पंचायती राज कैथल | नरड़ - चौपाल, गांव नरड़ में इंडोर जिम की स्थापना। | 12.07.2024 18.07.2024 | 6.3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/480/27824/I/88/7 दि. 15.07.24





# झमाझम बारिश से भीगी राजधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारी उमस व गर्मी के बीच सोमवार को एक बार फिर मौसम ने दिल्ली वालों पर मेहरबानी दिखाई। राजधानी में हुई बारिश ने लोगों को गर्मी व उमस से राहत देते हुए मौसम खुशगवार बना दिया। हालांकि बारिश के चलते कई जगह हुए जलभराव की वजह से यातायात प्रभावित हुआ और वाहन चालकों को परेशानी भी उठानी पड़ी। अनुमान है कि अगले चार पांच दिन ऐसे ही दिल्ली वालों को हल्की बारिश देखने को मिल सकी है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे से सांयकाल साढ़े पांच बजे के बीच समस्त दिल्ली में कुल 2.7 एमएम पानी बरसा। जबकि रिज एरिया में सबसे ज्यादा 37.2 एमएम बारिश दर्ज हुई। पालम में 31 एमएम, लोधी रोड में 2.0 में एमएम और आयानगर में 1.2 में एमएम बारिश दर्ज की गई।

आईएमडी ने बताया कि बारिश के चलते अधिकतम तापमान में रविवार की तुलना में करीब दो डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है। अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य श्रेणी में आता है। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा 29.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी का अनुमान है कि 21 जुलाई तक ऐसे ही बारिश देखने को मिल सकती है। इस दौरान पारा भी दो से तीन डिग्री नीचे गिर सकता है। दिल्ली समेत कई राज्यों में इस हफ्ते झमाझम बारिश होने का अनुमान जताया है। दिन की बारिश के चलते पटेल नगर, आनंद पर्वत, राजा गार्डन, मायापुरी, नारायणा गांव, बुराड़ी, तिमारपुर, आदर्श नगर, जीटीबी नगर, भड़ोला गांव, समयपुर, बादली, सिरसपुर, मुकुंदपुर आदि जगहों पर जलभराव देखने को मिला।



## हल्की सी बारिश में फिर झीलों का शहर बनी दिल्ली : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा ने दिल्ली सरकार की मानसून को लेकर की गई तैयारियों को लेकर फिर निशाना साधा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने दिल्ली के सारे पॉइंट्स को पहले ही चिन्हित कर लिया था, फिर भी थोड़ी देर की बारिश में दिल्ली कैसे डूब गयी? प्रदेश अध्यक्ष ने दिल्ली सरकार की तैयारियों पर तंज कसते हुए कहा कि आखिरकार भ्रष्ट दिल्ली सरकार ने दिल्ली को झीलों-का-शहर बना ही दिया।

## बारिश के कारण जलभराव होने से यात्रियों को हुई परेशानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार को सुबह शहर के विभिन्न हिस्सों में बारिश होने के बाद सड़कों पर जलभराव हो गया जिससे यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोक निर्माण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सबसे अधिक जलभराव सीलमपुर में गुरुद्वारा रोड पर और मुंडका रोड पर सबसे अधिक जलभराव हुआ यहां विभाग के कर्मचारियों को जमा पानी को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं चौधरी फतेह सिंह मार्ग पर जलभराव की सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने यातायात परामर्श जारी किया है। इसमें लोगों से मॉल रोड सिग्नल से खैबर दर्रा, मजनू का टीला और वजीराबाद फ्लाईओवर होते हुए बुराड़ी की ओर जाने को कहा गया है। यात्रियों से निर्माणाधीन प्रभावित मार्ग से बचने को कहा गया है। वहीं आनंद पर्वत पर गली नंबर 10 के पास जलभराव के कारण न्यू रोहतक रोड के दोनों कैरिज-वे पर यातायात प्रभावित हुआ। वहीं पंजाबी बाग से धौला कुआं, राष्ट्रीय राजमार्ग 8 और झंडेवालान मेट्रो स्टेशन के पास भारी यातायात का सामना करना पड़ा जिससे उनके लिए अपने गंतव्य तक पहुंचना मुश्किल हो गया।



### पीडब्ल्यूडी में जलभराव की 40 शिकायतें दर्ज

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के कंट्रोल रूम में सोमवार को 40 शिकायतें दर्ज हुईं। कंट्रोल रूप में तैनात अधिकारी ने बताया कि 2 से तीन जगहों पर जलभराव की शिकायतों को निपटारा किया जा रहा है। बाकी सभी जलभराव की शिकायतों का निपटारा डेढ़ घंटे के भीतर कर लिया गया।

**खबर संक्षेप**

### बिजली की बढ़ी कीमतों के खिलाफ कांग्रेस 18 को करेगी प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली में बिजली की बढ़ी दरों के खिलाफ कांग्रेस भी मैदान में उतर गई है। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में जगह जगह प्रदर्शन होंगे। इसी कड़ी में आने वाली 18 जुलाई 2024 को यमुनापार करावल नगर जिला में केजरीवाल सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस बारे में जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने बताया कि दिल्ली के लोगों के लिए मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी के चलते प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने केंद्र व दिल्ली सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल रखा है। इसी कड़ी में आगामी 18 जुलाई 2024 को करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के सभी विधायक, विधानसभा प्रत्याशी ब्लॉक अध्यक्ष , निगम पार्षद, पूर्व पार्षद, निगम प्रत्याशी व जिला कांग्रेस से लेकर ब्लॉक स्तर तक के सभी कार्यकर्ता केजरीवाल सरकार के खिलाफ बिजली की बढ़ी दरें वापस लेने के लिए प्रदर्शन करेंगे।

### डीडीए ने चलाया वृक्षारोपण अभियान

**नई दिल्ली।** एक पेड़ मां के नाम के तहत दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा चलाए जा रहे अभियान से भारी संख्या में लोग जुड़ रहे है। अभियान के तहत प्राधिकरण ने सोमवार को दिल्ली



के स्पोर्ट्स फील्ड पार्क सी ब्लॉक विकासपुरी में सामूहिक वृक्षारोपण अभियान चलाया। डीडीए के वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत दिल्ली में विभिन्न जगहों पर पेड़ पौधे लगाए जा रहे है। इस अभियान में आम व खास वर्ग के लोग भारी संख्या में जुड़ रहे है। आज विकासपुरी में वृक्षारोपण में डीडीए अधिकारियों, पूर्व पार्षदों, मॉर्निंग वर्क्स एसोसिएशन और आरडब्ल्यूए तथा सोसायटी निवासियों ने करीब 300 पेड़-पौधे लगाने में भाग लिया।

## दिल्ली भाजपा ने पीपीएसी को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बिजली खरीद समझौता शुल्क (पीपीएसी) कोई शुल्क नहीं बल्कि एक भ्रष्टाचार शुल्क है। मीटर लगाते हुए जब शुल्क लिया जाता है तो केजरीवाल सरकार फिर हर महीने मीटर रेंट क्यों ले रही है। दिल्ली भाजपा द्वारा पीपीएसी में वृद्धि के विरोध में सोमवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र ने पावर डिस्कॉम बीएसईएस यमुना के कड़कड़डूमा स्थित मुख्यालय पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान उक्त संबोधन दिया। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के अंदर यह लूट का काम जब तक होता रहेगा भाजपा ऐसे ही दिल्ली की जनता के साथ सड़कों पर आकर विरोध प्रदर्शन करती रहेगी और हम घर घर जाकर बिजली के नाम पर इस लूट के बारे में सबको बताएंगे। इस दौरान विधायक ओमप्रकाश शर्मा, अभय वर्मा एवं अनिल बाजपेई, जिलाध्यक्ष संजय गोयल के अलावा पूर्व विधायक नितिन त्यागी, नसीब सिंह, स्थानीय निगम पार्षद एवं जिला और मंडल पदाधिकारी सम्मलित हुए। वहीं, मयूर विहार जिला अध्यक्ष विजेन्द्र धामा के नेतृत्व आयोजित विरोध प्रदर्शन में भी प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता डॉ अनिल गुप्ता भी उपस्थित थे। बवाना स्थित बिजली विभाग के कार्यालय के बाहर जिला अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन में विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने प्रदर्शन कारियों को संबोधित किया। प्रदेश भाजपा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में सोमवार को बिजली बिलों में लगने वाले पीपीएसी, पेंशन सरचार्ज, मीटर चार्ज एवं लोड़ सरचार्ज के विरूद्ध भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के अलग अलग कोनों में पावर डिस्कॉमों के 14 बड़े कार्यालयों पर रोष प्रदर्शन किया।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा में जब भी हम किसी विभाग के भ्रष्टाचार को लेकर चर्चा शुरु करते थे, हमें बाहर निकलवा दिया जाता था लेकिन इस बार के मानसून सत्र के शुरु होते ही बिजली के नाम पर लगातार हो रही अवैध वसूली को उठाएंगे।





### सांसदों ने खोली दिल्ली सरकार की पोल

सांसद मनोज तिवारी ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया और कहा कि दिल्ली सरकार सिर्फ दिखावा करती है कि वह मुफ्त बिजली दे रही है, लेकिन हकीकत यह है कि दिल्ली के अंदर सबसे महंगे बिजली बिल है। दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया और कहा कि केजरीवाल बिजली कम्पनियों के खाते ऑडिट करने के वादे के साथ सत्ता में आये थे पर आज जनता की बिजली बिल लूट में दिल्ली सरकार एवं बिजली कम्पनियां बराबर की साझेदार दिख रही हैं। सांसद कमलजीत सहरावत ने संबोधित किया और कहा कि दिल्ली के अंदर सिर्फ झूठ बोलकर पिछले 10 सालों से अरविंद केजरीवाल ने राज कर लिया है और इस दौरान बिजली के बिलों के नाम पर दिल्लीवासियों के जेब पर डाका डालने का काम किया है। नई दिल्ली सांसद बांसुरी स्वराज ने संबोधित किया और कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में केजरीवाल सरकार और निजी डिस्कॉम्स के बीच एक चिंताजनक साझेदारी दिखाई देती है।

## भारद्वाज ने जीटीबी अस्पताल की सुरक्षा बढ़ाने का दिया आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में गोलीबारी की घटना के बाद स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को अस्पताल की सुरक्षा बढ़ाने का आश्वासन दिया। मंत्री सौरभ ने यह आश्वासन सोमवार को उनसे मिलने गए अखिल भारतीय चिकित्सा संघ के प्रतिनिधिमंडल को दिया।

गौरतलब है कि जीटीबी अस्पताल में गोलीबारी की घटना के बाद अखिल भारतीय चिकित्सा संघ के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज से मुलाकात की। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने अस्पताल की सुरक्षा के लिए मेटल डिटेक्टर, सशस्त्र गार्ड और सीसीटीवी का आश्वासन दिया। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पुलिस की मौजूदगी और एसओपी समीक्षा के उपायों का आश्वासन दिया। इस तरह के सक्रिय दृष्टिकोण से डॉक्टरों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण बनाने में मदद मिलेगी और जिससे रोगी देखभाल को लाभ होगा।

### एलजी ने दिल्ली की कानून व्यवस्था को कर दिया बर्बाद : सौरभ

नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को उपराज्यपाल विनय सक्सेना पर आरोप लगाया कि उन्होंने दिल्ली की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। मंत्री सौरभ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सोमवार को लिखा कि एलजी ने दिल्ली की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। तिहाड़ जेल में पुलिस वालों के सामने चाकू गोदकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। अस्पताल में घुसकर सबके सामने एक व्यक्ति का कत्ल कर दिया गया।

### केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर 'आप' के दावे भ्रामक : तिहाड़ प्रशासन

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल प्रशासन ने सोमवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का वजन जेल में केवल दो किलोग्राम कम हुआ है और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का एक चिकित्सा बोर्ड उनकी नियमित निगरानी कर रहा है। जेल प्रशासन ने आम आदमी पार्टी (आप) के उन दावों को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया है कि केजरीवाल की सेहत बिगड़ रही है। दिल्ली सरकार के गृह विभाग को भेजी गई एक रिपोर्ट में तिहाड़ प्रशासन ने केजरीवाल के बारे में जानकारी साझा की और कहा कि आप मंत्रियों और नेताओं द्वारा गढ़ी गई कहानी जनता को भ्रमित और गुमराह करती है। तिहाड़ की रिपोर्ट में कहा गया है कि जब केजरीवाल पहली बार एक अप्रैल को जेल आए थे तो उनका वजन 65 किलोग्राम था और आठ से 29 अप्रैल के बीच उनका वजन 66 किलो था। रिपोर्ट के मुताबिक, 21 दिन की जमानत के बाद जब वह दो जून को जेल लौटे तो उनका वजन 63.5 किलोग्राम था। रिपोर्ट में कहा गया है कि 14 जुलाई को उनका वजन 61.5 किलोग्राम था। इसलिए प्रभावी रूप से उनका वजन दो किलोग्राम कम हो गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि केजरीवाल जेल में घर का बना खाना खा रहे हैं लेकिन नियमित रूप से अपने भोजन का कुछ हिस्सा वापस कर देते हैं। आम आदमी पार्टी से सांसद संजय सिंह ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा केजरीवाल की जान से खेल रही है। उन्होंने कहा कि किसी की मेडिकल रिपोर्ट लीक करना अपराध है और इसकी जांच होनी चाहिए। एक बयान में संजय सिंह ने कहा कि तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने भी माना कि केजरीवाल के रक्त में शुगर लेवल कई बार गिरा है और उनका वजन भी कम हुआ है।

## देवेंद्र यादव ने किया दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस का सदस्यता अभियान शुरू




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अपनी तैयारियां और तेज कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली युवा कांग्रेस का सदस्यता अभियान शुरू किया। प्रेस वार्ता के दौरान देवेंद्र यादव ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी की सोच है कि नेता बनो-नेता चुनो। इसी के तहत लोकतांत्रिक प्रक्रिया के चुनाव संगठन में चुनाव कराकर सबको बराबर का मौका दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन में लोकतंत्र को आतंरिक रुप से प्रक्रिया में लाकर राहुल का मकसद छोटे से छोटे कार्यकर्ता को चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेकर अपनी काबलियत के अनुसार बड़े से बडे पद पर पहुंच सकता है। इस मौके पर देवेंद्र के अलावा कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, आईवाईसी के महासचिव दिल्ली प्रभारी पूर्ण चन्द्र पांधी पोको, सचिव प्रभारी खुशबु शर्मा, दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष रणविजय सिंह लोचव, आईवाईसी सचिव रिषी भारद्वाज, पी.आर.ओ. मुकुल गुप्ता, आईवाईसी के चुनाव आयुक्त मकसूद और दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के एक्टिंग अध्यक्ष शुभम शर्मा सहित अन्य मौजूद थे। अपने वक्तव्य में देवेंद्र ने कहा कि मैं दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं से कहना चाहता हुं कि दिल्ली देश की राजधानी है, यहां किया गया हर कार्य संदेश बनकर फैलता है। सभी कार्यकर्ता युवा कांग्रेस की अत्यधिक सदस्यता बनाकर रिकॉर्ड तोड़ मेम्बरशिप करें ताकि प्रदेश युवा कांग्रेस को एक कर्मठ और सुदृढ़ कार्यकारिणी मिल सके। उन्होंने कहा कि यह राहुल की सोच का ही नतीजा रहा कि पिछले कुछ सालों से युवा कांग्रेस में चुनाव प्रक्रिया को शुरु किया जिसमें कॉमन वर्कर को प्रदेश की नुमाईंदगी करने का मौका मिला है।

**मोहल्ला बस सेवाओं की शुरुआत एक महत्वपूर्ण कदम : गहलोत**

## दिल्ली में मोहल्ला बस सेवा का दो मार्गों पर ट्रायल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक उठाते हुए सोमवार से दिल्ली के दो मार्गों पर मोहल्ला बस सेवाओं का ट्रायल शुरू कर दिया है। अगले 7 दिनों तक चलने वाले मोहल्ला बसों का ट्रायल प्रधान एन्क्लेव पुस्ता से मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन और अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन से मयूर विहार फेज-3 पेपर मार्केट तक होगा। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने इस अवसर पर कहा कि मोहल्ला बस सेवाओं की शुरुआत दिल्ली में लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन बसों को सीमित सड़क चौड़ाई और उच्च भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में परिचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस ट्रायल के द्वारा हम यात्रियों से उनके अनुभव के आधार पर आवश्यक फीडबैक इकट्ठा कर रहे हैं जिससे मोहल्ला बसों की सेवा का विस्तार दिल्ली के सभी इलाकों में लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने हेतु किया जाएगा।



### 45 मिनट की चार्जिंग में 200 किमी से ज्यादा चलेगी मोहल्ला बस

मोहल्ला बस 196 किलोवाट की कुल क्षमता वाले छह बैटरी पैक से सुसज्जित है, जो 45 मिनट की चार्जिंग के साथ 200 से ज्यादा किमी की रेंज प्रदान करती है। 9 मीटर की इन मोहल्ला बसों में 23 यात्री सीटें और 13 यात्रियों के खड़े होने की क्षमता है। आसानी से पहचान के लिए मोहल्ला बसों को हरे रंग का रखा गया है। मोहल्ला बसों में 25 प्रतिशत सीटें (6 सीटें) गुलाबी रंग की हैं, जो विशेष रूप से महिला यात्रियों के लिए आरक्षित हैं।



अपने लविंग पार्टनर को लेकर थोड़ा-बहुत पजेसिव होना तो सामान्य है। लेकिन यह बिहेवियर जब ऑब्सेशन में बदल जाए तो स्थिति चिंताजनक हो जाती है। ऐसा एक साइको कंडीशन 'लव ब्रेन' की वजह से हो सकता है। इस मेंटल कंडीशन के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। ऐसे में सजग रहते हुए इसके लक्षणों, बचाव और उपचार के बारे में जानना जरूरी है।

# पार्टनर का ऑब्सेसिव बिहेवियर लव ब्रेन का हो सकता है शिकार हो जाएं सजग

कवर स्टोरी



पूजा आनंद शर्मा
मनोवैज्ञानिक, विश्वास हीलिंग सेंटर, दिल्ली

हाल ही में सोशल मीडिया पर चीन से आई 'लव ब्रेन' की खबर सुर्खियों में रही। एक अट्ठारह साल की लड़की की अपने ब्वॉय फ्रेंड के प्रति चाहत इतनी बढ़ गई कि वह हर वक्त उसे अपने आस-पास देखना चाहती थी। वह उसकी हर एक्टिविटी पर नजर रखने लगी। ब्वॉय फ्रेंड दूर होने पर वह उसे कॉल करती रहती थी। उसका ऑब्सेसिव बिहेवियर इस कदर बढ़ गया कि वह अपने ब्वॉय फ्रेंड को दिन में सौ बार से अधिक कॉल करने लगी। गर्ल फ्रेंड के पजेसिव बिहेवियर से परेशान होकर लड़के को पुलिस की मदद लेनी पड़ी। मेडिकल जांच में पता चला कि लड़की 'लव ब्रेन' की मरीज है। उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

## समझें ऑब्सेसिव बिहेवियर

लव ब्रेन को समझने से पहले ऑब्सेसिव बिहेवियर को जानना जरूरी है। आज के दौर में प्यार करने वाले कई लोगों में ऑब्सेसिव



बिहेवियर देखने को मिल जाता है। ऐसे लोगों में इमोशनल स्टेबिलिटी का अभाव होता है। यानी रिश्ते को लंबे समय चलाने के लिए जरूरी भावनात्मक मजबूती की कमी होती है। ऐसे लोग दूसरे के साथ रिश्ता तो कायम कर लेते हैं, लेकिन भावनात्मक मजबूती के अभाव में उस रिश्ते से बहुत जल्दी दूर भी हो जाते हैं।

## क्या हैं लक्षण

आमतौर पर जब दो शख्स एक-दूसरे से प्यार करते हैं तो वे चाहते हैं कि उनका पार्टनर उनका खूब ख्याल रखे, अपना पूरा वक्त उसे दे, सिर्फ उनके साथ ही घूमे-फिरे। जब यही प्यार दिल और दिमाग पर हावी होने लगता है, तो एक गंभीर बीमारी का रूप ले लेता है। व्यक्ति अपनी जिंदगी भूल कर बस सिर्फ अपने साथी के बारे में सोचता है। पार्टनर के प्रति वह इतना पजेसिव हो जाता है कि दिनभर उससे संपर्क रखने की पुरजोर कोशिश करता है। कई बार मैसेज भेजता है या फोन करता है। इग्नोर या रिजेक्ट किए जाने को स्वीकार नहीं कर पाता। उससे बेवजह लड़ाई-झगड़ा करने लगता है। यहां तक कि एंग्जाइटी या डिप्रेशन का शिकार हो जाता है। पीड़ित व्यक्ति भावनात्मक रूप से अशांत रहता है।अपने साथी के दूर होने का डर उसे हमेशा सताता रहता है। अपने पार्टनर की अटेंशन पाने के लिए ऊटपटांग हरकतें करता है। उसमें मनोभावों को कंट्रोल करने की क्षमता कम होती जाती है, जिससे मूड स्विंग की प्रॉब्लम होती है।

### क्या है लव ब्रेन की स्थिति

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार लव ब्रेन की स्थिति एक गंभीर मनोवैज्ञानिक स्थिति है। इसे बॉर्डर लाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर भी कहा जाता है। यह प्यार का ऐसा ऑब्सेसिव बिहेवियर है, जो बेहद खतरनाक है। इसमें व्यक्ति खुद को या अपने पार्टनर को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचा सकता है।

## क्या हैं कारण



**सवाल उठता** है कि आखिर आंखों से शुरू होने वाला प्यार दिल और दिमाग पर इतना हावी कैसे हो जाता है, जो इतनी चिंताजनक स्थिति को जन्म देता है? इसके पीछे कई कारण हैं-

**चाइल्डहुड ट्रॉमा का शिकार होना:** लव ब्रेन, आमतौर पर उन लोगों को होता है, जो बचपन में किसी ट्रॉमा का यानी कि चाइल्डहुड ट्रॉमा का शिकार होते हैं। यानी बचपन से ही वे अपने पैरेंट्स के बीच आपस में प्यार या लगाव ना होने, उनके बीच लड़ाई-झगड़े होते देखते हैं। ऐसे बच्चों के अंतस में बचपन से ही अपने साथी पर अविश्वास करने की भावनाएं बैठ जाती हैं, जो भविष्य में या बड़े होने पर उनके व्यवहार में खुद-ब-खुद आ जाती हैं। रिलेशनशिप में अगर व्यक्ति का अपने पार्टनर के साथ गहरा संबंध स्थापित नहीं हो पाया है या पार्टनर उनके मुताबिक नहीं चलता, तो लव ब्रेन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**ओवर कॉन्फिडेंस होना:** व्यक्ति को भ्रम रहता है कि वह जो कर रहा है, ठीक कर रहा है। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। एक तरह से उसमें ओवर कॉन्फिडेंस आ जाता है कि उससे अच्छा कोई नहीं कर सकता, वह सामने वाले व्यक्ति पर एकाधिकार जमाने लगता है।

**एल्कोहलिक होना :** ऐसे लोगों में एल्कोहल या ड्रिंक करने की आदत जरूर पाई जाती है। भले ही शुरू में वे कभी-कभार करते हैं लेकिन धीरे-धीरे इसके आदी हो जाते हैं, अपने सामने किसी की नहीं सुनते।

**अहंकारी होना:** ऐसे लोगों में ईगो बहुत होता है। अपने आप को स्पेशल समझते हैं। उन्हें लगता है कि वह जो कर रहे हैं, वह बहुत अच्छा कर रहे हैं। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। वह अपने साथी के प्रति ऑब्सेसिव हो जाते हैं, उनके साथ अलग तरह का बर्ताव करने लगते हैं। एकाधिकार कायम करने में असफल होने पर उन्हें बुरा लगता है और गुस्से में गलत कदम तक उठा लेते हैं।

## उपचार का तरीका

एक्सपर्ट्स मानते हैं कि ऑब्सेसिव बिहेवियर के बारे में हमें सजग रहना जरूरी है। बॉर्डर लाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर को अगर समय रहते कंट्रोल ना किया जाए तो यह बड़ी बीमारी का रूप भी ले सकता है। व्यक्ति के ऑब्सेसिव बिहेवियर में सुधार ना हो तो यथाशीघ्र मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट की मदद जरूर लें। एक्सपर्ट विभिन्न प्रकार की साइकोथैरेपी के माध्यम से व्यक्ति का बिहेवियर मॉडिफिकेशन करते हैं, जिसके लिए उसके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों से भी मदद लेते हैं।

## ऐसे करें बचाव

व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए तैयार करना चाहिए। जिसमें वह खुद के साथ ज्यादा वक्त बिताए, अपनी भावनाओं को समझे, अपने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे। इसके अलावा ऑब्सेसिव बिहेवियर के बचाव के लिए कुछ और बातें भी ध्यान में रखें-

- अगर व्यक्ति अपने पार्टनर में ऑब्सेसिव बिहेवियर महसूस कर रहा है तो ऐसे में जरूरी है कि उससे कुछ समय के लिए दूरी बना लेनी चाहिए। उसे पूरा स्पेस देना चाहिए ताकि वह अपनी भावनाओं को कंट्रोल कर सके।
- ऑबसेस्ड व्यक्ति को अपनी हॉबीज के हिसाब से अपने पसंदीदा काम या क्रिएटिव एक्टिविटीज करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
- उसे अपने दोस्तों और परिवार के अन्य सदस्यों से संपर्क बनाए रखने के लिए तैयार करना चाहिए। ताकि वो उनसे अपने मन की बात शेयर कर सके और तनावपूर्ण स्थिति से निकल सके।
- ऑब्सेसिव बिहेवियर के शिकार व्यक्ति को जिंदगी में किसी अच्छे मुकाम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करना चाहिए। ताकि वह उसे पाने के लिए भरसक कोशिश करता रहे और व्यस्त रहे। वरना उसमें नकारात्मकता आ सकती है और अपने साथी के प्रति ज्यादा ऑब्सेसिव हो सकता है।

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

मेडिकल एडवाइस

डॉ. जे. के. गुप्ता जनरल फिजीशियन, दिल्ली

अन्य मौसमों की तुलना में बारिश के मौसम में बीमार होने की आशंका अधिक होती है। इसलिए इस दौरान एक्सट्रा केयर की जरूरत होती है। बारिश में बीमारी से बचने के लिए वे कौन-सी सावधानियां हैं, जिन्हें बरतना जरूरी है, जानिए।

# तब बारिश के मौसम में आप नहीं होंगी बीमार

बारिश के मौसम में कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स की आशंका बढ़ जाती है। जरा-सी असावधानी होने पर सर्दी, खांसी, गले में खराश, वायरल फीवर, एलर्जी, डायरिया, फूड प्वॉयजनिंग या फिर मच्छर काटने से मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इस मौसम में हमारे शरीर की इम्यूनिटी भी कमजोर हो जाती है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि मानसून के दौरान खुद को हेल्दी रखने के लिए ऐसी डाइट लें, जो इंफेक्शन से हमें बचाने में हेल्पफुल हो। अगर आप इस मौसम में कुछ छोटी लेकिन जरूरी बातों को ध्यान में रखेंगी तो इन मौसमी बीमारियों और इंफेक्शन से बची रह सकती हैं और अपने परिवार के सदस्यों को भी बचाए रख सकती हैं।



**साफ-सफाई का रखें ध्यान:** स्वयं को और परिवार के सदस्यों को मच्छर के काटने से बचाने के लिए जरूरी है कि शरीर को ढंकने वाले पूरी बांह के अपर और लोअर ड्रेस पहनें, ताकि मच्छरों और दूसरे कीड़े-मकौड़ों के काटने से बचा जा सके। सुनिश्चित करें कि घर, गली के आस-पास भी गंदगी ना फैले। घर और वर्कप्लेस में इस्तेमाल होने वाले डस्टबिन को हमेशा ढंककर रखें। घर की छतों-यार्ड में पुराने टायरों, गमलों या ऐसे टूटे-फूटे सामानों को हटा दें, जिसमें पानी इकट्ठा हो सकता है। गार्डन के गमलों या मनी प्लांट जैसे पौधों के जार का पानी दो-तीन दिन में जरूर बदलें। कहीं भी पानी जमा ना हो क्योंकि जमे हुए पानी में ही मच्छर पनपते हैं।



**खान-पान में ना बरतें लापरवाही:** वैसे तो खाना हमेशा ताजा ही खाना चाहिए, लेकिन बरसात के दिनों में ज्यादा एलर्ट रहने की जरूरत है। मानसून में फूड प्वॉइजनिंग होने के चांस बहुत ज्यादा होते हैं। इससे वॉमिट आना, डिहाइड्रेशन और डायरिया जैसी समस्या हो सकती हैं। इसलिए खाना बनाने से पहले सभी कच्ची सब्जियों और फलों को अच्छे से धो लें। जहां तक हो सके बाहर का खाना अवॉयड करें। अगर खाएं तो यह सुनिश्चित करें कि खाना ताजा हो। सूप, नूडल्स और पास्ता जैसी चीजें गर्म-गर्म ही खाएं। कच्चा सलाद या पहले से कटे फल ना खाएं। नॉनवेज यहां तक कि अंडा भी ना खाएं। इन दिनों नॉनवेज में बहुत जल्दी बैक्टीरिया पनपते हैं। इनसे पेट खराब हो सकता है। इस मौसम में ठंडे ड्रिंक्स के बजाय गर्म या हल्की गर्म ड्रिंक्स का सेवन करें। हर्बल टी, ग्रीन टी या कैमोमाइल टी भी पी सकती हैं।

**प्रस्तुतिः ललिता गोयल**

### बरतें ये भी सावधानियां

- बची हुई आइसक्रीम या मिल्क प्रोडक्ट्स को दोबारा फ्रिज में ना रखें। ऐसा करने से उसमें बैक्टीरिया पनपने की संभावना रहती है।
- इस मौसम में सभी तरह की सॉस, चटनी या केचअप का कम से कम सेवन करें। इन चीजों को नॉर्मल टेंप्रेचर में रखा जाता है, जिसके कारण इसमें अधिक बैक्टीरिया पनपने लगते हैं।
- दूध से बनी मिठाइयां भी तब तक ना खाएं, जब तक उसको कंट्रोल्ड टेंप्रेचर यानी फ्रिज में ना रखा गया हो ।
- मसालेदार, ऑयली, जंक, स्ट्रीट और पैक्ड फूड्स के साथ शराब और धूम्रपान से दूरी बनाकर रखें।
- हमेशा खाना खाने से पहले, खाना खाने के बाद और वाशरूम का इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथों को एंटी-बैक्टीरियल हैंडवाश या सोप से अच्छी तरह धोएं।
- अगर आपको लूज मोशन या अनडाइजेशन की समस्या हो रही है तो ओआरएस का घोल बनाकर पिएं। यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को मेंटेन करने में मदद करेगा।
- बारिश के दिनों में बड़ों और बच्चों को स्किन रिलेटेड प्रॉब्लम्स जैसे स्किन एलर्जी, रैशेज हो जाती हैं। इनसे बचने के लिए कोशिश करें बारिश में बॉडी को ड्राय रखें।

टिप्स

# ट्विजर से बनाएं परफेक्ट आईब्रो शेप

आपका चेहरा तब और खूबसूरत नजर आता है, जब आईब्रो की शेप परफेक्ट हो। अलग-अलग चेहरे पर अलग तरह की आईब्रो शेप अच्छी लगती हैं। लंबे चेहरे और गोल चेहरे पर बो (धनुषाकार) शेप, ओवल फेस पर ऊपर की ओर उठी हुई आईब्रो अच्छी लगती हैं। वैसे तो सैलून में जाकर थ्रेडिंग, वैक्सिंग के जरिए आईब्रो बनवाई जाती है। लेकिन घर पर ट्विजर प्लकर की मदद से भी आईब्रो को परफेक्ट शेप दी जा सकती है। इसके लिए कुछ बातों पर ध्यान देना जरूरी है।



- घर में आईब्रो को खूबसूरत आकार देने के लिए पहले देखें कि वे शुरू कहां से हो रही हैं और इन्हें कहां तक बनाना है? एक सफेद आईलाइनर की मदद से जैसी आईब्रो आपको चाहिए, फेस पर उतनी मार्क कर लीजिए। इसके बाद आईब्रो के अनचाहे बालों को निकाल लें। आईब्रो की छंटाई के लिए सही और अच्छी क्वालिटी का ट्विजर प्लकर ही इस्तेमाल करें।
- आईब्रो बनाने के बाद अगर लगे कि इनके शेप में डिफरेंस है तो ट्विजर की मदद से मोटी आईब्रो को नीचे से शेप देने की बजाय आईब्रो को ऊपर की तरफ से शेप दें।
- अगर आईब्रोज बहुत हैवी हैं तो उन्हें सही शेप दें, उन्हें पतली ना बनाएं। अगर आईब्रो ज्यादा पतली बन गई हैं तो इन्हें और ज्यादा ना छेड़ें। इनकी दोबारा ग्रोथ होने का इंतजार करें।
- आईब्रो बनाने के बाद एस्ट्रिंजेंट लोशन या क्रीम जरूर लगाएं।

**-सहेली फीचर्स**

ब्यूटी



शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

कई पोषक तत्वों से भरपूर पुदीना, त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इसका फेस पैक स्किन से जुड़ी कई प्रॉब्लम्स को दूर करने के साथ ही उसे निखारता भी है। यही नहीं, बालों को मजबूत और डेंड्रफ-फ्री बनाने में भी पुदीना बहुत यूजफुल है।

# निखरी त्वचा के लिए यूज करें पुदीना

पुदीने यानी मिंट की भीनी-भीनी खुशबू और स्वाद से हम सभी परिचित हैं। पुदीना लगभग हर भारतीय घर की रसोई में आसानी से मिलता है। यह ना केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि त्वचा को निखारने और बालों को कोमल-मुलायम बनाने में भी सहायक होता है। इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के साथ-साथ स्किन को कूल रखने, कील-मुंहासों को दूर करने और चेहरे की सूजन कम करने में सहायक होता है। इसका इस्तेमाल फेस पैक, टोनर या सीरम के रूप में भी किया जाता है।

**पिंपल्स-टैनिंग करे दूर :** पिंपल और टैनिंग की प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए मिंट फेस पैक को यूज कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए बाउल में पुदीने की कुछ पत्तियों का रस निकालें। अब इसमें एक खीरे को छीलकर कद्दूकस कर लें। इसमें एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पैक को अपने चेहरे और गर्दन के इर्द-गिर्द खुले अंगों पर आधे घंटे तक लगाकर रखें। इसके बाद ताजे पानी से धोएं। इसे लगाने से पिंपल्स और टैनिंग से छुटकारा मिलेगा। पिंपल की प्रॉब्लम से परेशान हैं तो पुदीने के रस में नारियल तेल मिलाकर लगाएं। ऐसा करने से कुछ ही दिनों में पिंपल दूर हो जाएंगे। इसके निशान और दाग-धब्बे भी हल्के होने लगेंगे।



**ऑयली स्किन फेशियल :** मिंट फेशियल, ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद है। इसे बनाने के लिए बाउल में दो बड़े चम्मच ताजा पिसे पुदीने के साथ दो बड़े चम्मच दही और एक बड़ा चम्मच ओटमील लेकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे पर 15 मिनट तक लगाए रखें, फिर हल्के हाथ से मसाज करते हुए ताजे पानी से चेहरा धो लें।

**स्किन ब्राइटनिंग :** पुदीने और गुलाब जल का पैक, स्किन को सॉफ्ट और ब्राइट बनाता है। इसे बनाने के लिए पुदीने के रस में एक चम्मच शहद और थोड़ा-सा गुलाब जल मिलाकर पैक बनाकर चेहरे पर लगाएं। कुछ देर लगाने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो लें। गुलाब जल स्किन के पीएच लेवल को बैलेंस करता है। इसके अलावा केले और पुदीने के रस का फेस पैक भी स्किन ब्राइटनिंग के लिए अच्छा है। इसे बनाने के लिए एक पके हुए केले को मैश कर लें। अब इसमें पुदीने की कुछ पत्तियों का पेस्ट मिलाएं। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के आधे घंटे बाद चेहरे को ताजे ठंडे पानी से धो लें। कुछ दिन ऐसा करने से चेहरे पर एक निखार आएगा।



**बाल बनाए डेंड्रफ-फ्री :** अगर आपके बाल पतले हैं और उसमें रूसी यानी डेंड्रफ है तो इसके लिए भी पुदीना काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आप अपने खाने में पुदीने की चटनी को नियमित रूप से शामिल करें। इसके साथ पुदीने का हेयर मास्क भी इफेक्टिव हो सकता है। इसे बनाने के लिए पुदीने के 10-12 पत्ते पीस लें। अब इसमें पिसे चने की दाल और दही मिलाकर पेस्ट तैयार करें। अब इस हेयर मास्क को बालों पर लगाने के आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो लें। कुछ दिन ऐसा करने से बालों की दोनों समस्या से आपको निजात मिलेगी।


पैरेंटिंग / रेखा शाह आरबी

आपका बच्चा पढ़ता तो खूब है, लेकिन उसे याद नहीं रहता। बच्चे को अपना पढ़ा याद रहे, इसके लिए आपको बच्चे में कुछ आदतें डालनी होंगी। इसके बाद आप देखेंगी कि बच्चे को पढ़ा हुआ याद रहने लगा है।

# क्या आपका बच्चा याद किया हुआ जल्दी भूल जाता है

बच्चों के स्कूल खुल चुके हैं, उनकी पढ़ाई शुरू हो चुकी है। अब अगर आपको इस बात की चिंता सता रही है कि आपका बच्चा पढ़ा हुआ बहुत जल्दी भूल जाता है तो नई क्लास में कैसे अच्छा परफॉर्म करेगा तो यह जान लें अधिकांश पैरेंट्स को यह शिकायत रहती है कि उनका बच्चा जो पढ़ता-लिखता है, भूल जाता है। कहने को तो बच्चे खूब मेहनत भी करते हैं, लेकिन बच्चों को भूलने की दिक्कत का सामना, स्कूल और घर दोनों जगह करना पड़ता है। इससे उनका रिजल्ट भी प्रभावित होता है। बच्चों की भूलने की आदत उनके करियर पर नेगेटिव असर डालती है। बच्चे मेहनत से एग्जाम की भरपूर तैयारी भी करते हैं, लेकिन एग्जाम के समय सब कुछ भूल जाते हैं, इससे बच्चों का कॉन्फिडेंस कम होता है। ऐसे बच्चों पर पैरेंट्स को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। उस पर गुस्सा करने के बजाय यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि आखिर इसके पीछे कारण क्या है? इस समस्या के निदान के लिए प्रयत्न करना चाहिए, जिससे बच्चा पढ़े गए लेसन को लंबे समय तक याद रखे। इसके लिए पैरेंट्स अगर कुछ छोटे-छोटे उपाय अपनाएंगे तो बच्चा अपना पढ़ा लेसन जल्दी नहीं भूलेगा। उसके नंबर एग्जाम में अच्छे आएंगे।

**लिखकर करे याद:** जो बच्चा अपना पढ़ा लेसन बार-बार भूल जाता है, ऐसे बच्चे को लिखकर याद करवाएं। स्वयं का लिखा हुआ बच्चा जल्दी भूल नहीं पाएगा। बच्चा जब पढ़ने के लिए बैठता है तो उसका मन भी इधर-उधर भटकता है, लेकिन लिखते समय वह पूरे ध्यान से लिखता है तो उसे अपना लेसन याद रहता है। लिखकर याद करते समय आप जरूरी प्वाइंट्स को बच्चे से अंडरलाइन भी करवा सकती हैं। इससे बच्चे का कंसंट्रेशन बढ़ेगा। उसे अपना पढ़ा हुआ याद रहेगा।



**नोट्स जरूर बनवाएं:** आजकल अनेक बच्चे मोबाइल पर भी पढ़ते हैं। ऐसे में बच्चे लिखते बहुत कम हैं। इससे बच्चे की मेमोरी कमजोर होती है, क्योंकि मोबाइल पर बच्चे को सिर्फ रीडिंग करना होता है, लिखना बहुत कम रहता है। ऐसे में उसे कोई लेसन पूरी तरह याद नहीं रहता, जबकि नोट्स बनाने पर आमतौर पर बच्चे को आधे से अधिक लेसन लिखते समय ही याद हो जाता है। इसलिए बच्चे को हर सब्जेक्ट के नोट्स बनाने की आदत जरूर बनाएं।



**ग्रुप स्टडी:** कई बार बच्चे को अकेले पढ़ना-लिखना ऊबाऊ लगता है। इसलिए बच्चे ग्रुप स्टडी करें। इससे बच्चा अन्य बच्चों से प्रभावित होकर स्वयं ही पढ़ाई की तरफ ध्यान देने लगेगा। वह अन्य बच्चों को पढ़ता देखकर पढ़ने के लिए प्रेरित होगा, अपने साथियों की तरह अच्छे अंक लाने की कोशिश करेगा।

**बीच-बीच में ब्रेक दें:** कुछ पैरेंट्स बच्चों को लगातार पढ़ने के लिए जोर देते हैं, जो सही नहीं है। थके शरीर और दिमाग के साथ बच्चे को कुछ भी याद नहीं होगा। इसलिए बहुत जरूरी है, पढ़ाई के समय बीच में उसे ब्रेक दें। उसे अन्य कामों को करने के लिए कहें, जैसे-कोई फिजिकल गेम या कोई अन्य फिजिकल एक्टिविटी करे। इससे बच्चे का दिमाग फ्रेश होगा, पढ़ाई पर अधिक फोकस करने से उसका परिणाम बेहतर होगा।

**रिवीजन करवाएं:** बच्चे ही नहीं बड़े भी एक बार पढ़कर याद नहीं रख पाते हैं। इसलिए अपने बच्चे को बार-बार रिवीजन कराती रहें। बच्चे को पढ़े हुए लेसन बार-बार दोहराने से उसे सारे लेसन याद रहेंगे फिर क्लास में उसके अच्छे नंबर आएंगे। उसका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा।

# यूपी में जारी है बाढ़ का कहर

# कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं, पूर्वांचल में यलो अलर्ट की चेतावनी, 18 को फिर होगी भारी बारिश

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के छह जिले बाढ़ की चपेट में हैं, जहां नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। हालांकि उफनाई नदियों में कई का जलस्तर अब घट रहा है या स्थिर है लेकिन बाढ़ से घिरे क्षेत्रों में मुश्किलें बरकरार हैं। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार और बुधवार को राज्य में हल्की से मध्यम बारिश होने या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है। गुरुवार 18 जुलाई को पूर्वी यूपी में भारी बारिश हो सकती है। गोरखपुर-बस्ती मंडल में बाढ़ ने पांच जानें लीं जबकि एक व्यक्ति लापता है। मरने वालों में चार सिद्धार्थनगर के हैं जबकि गोरखपुर के एक व्यक्ति की राप्ती नदी में डूबने से मौत हो गई वहीं एक व्यक्ति तालाब में नहाने के दौरान डूब गया। उसका कुछ पता नहीं चल सका। गोण्डा के तरबगंज में भगला नदी में नाव पलटने से तीन लोग डूब गए जिनमें से एक का शव बरामद हो गया है लेकिन दो लोग अभी लापता हैं।

**खास बातें**

- सीतापुर में गोमती, बलिया में सरयू, आजमगढ़ में घाघरा, हरदोई में गर्रा और मऊ में सरयू खतरे के निशान को पार कर चुकी
- सिद्धार्थनगर जिले में राप्ती, बूढ़ी राप्ती, घोघी, तेलार व कूड़ा खतरे के निशान से ऊपर बह रही
- गोरखपुर के 45 गांव बाढ़ की चपेट में



**शाहजहांपुर में कई गांव बाढ़ की चपेट में**

शाहजहांपुर में कनौट, गर्रा और रामगंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर जाने की वजह से तमाम गांव और मुख्य मार्ग बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। दूसरी ओर सीतापुर में गोमती, बलिया में सरयू, आजमगढ़ में घाघरा, हरदोई में गर्रा और मऊ में सरयू खतरे के निशान को पार कर चुकी है। राप्ती, गर्रा और कुआनो का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। राप्ती का पानी 23 सेंटीमीटर बढ़ा है। यह लगातार खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। प्रशासन के मुताबिक गोरखपुर के 45 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। यमुना नदी का जलस्तर प्रयागराज के नैनी में, गोमती लखनऊ में बढ़ रहा है। हालांकि यह दोनों नदियां अभी खतरे के निशान से नीचे हैं।

### हरदोई और फर्रुखाबाद के गांवों में पानी

हरदोई में उफनाईं रामगंगा और गर्रा नदियों के पानी से सैकड़ों गांव घिरे रहे। फर्रुखाबाद में उफनाई रामगंगा का पानी गांवों में घुसने लगा है। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए गंगापार के 28 गांवों की बिजली काट दी गई है। ग्रामीणों ने चौतरफा बोरियां लगाकर पानी रोकने के इंतजाम किए हैं।

### सिद्धार्थनगर में दो सौ से ज्यादा गांव बाढ़ प्रभावित

सिद्धार्थनगर जिले में बाढ़ का कहर बढ़ता ही जा रहा है। जिले में बहने वाली पांच नदियां राप्ती, बूढ़ी राप्ती, घोघी, तेलार व कूड़ा खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इसमें से बूढ़ी राप्ती तो हफ्तेभर से लाल निशान पार कर तबाही मचा रही है। बूढ़ी राप्ती खतरे के निशान से 2.56 मीटर ऊपर बह रही है। नदियों के उफान से दो सौ से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं जबकि 80 गांव डूबे हुए हैं। कई सड़कों पर बाढ़ का पानी तीन से चार फीट ऊपर बह रहा है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

### 11 लोगों को बचाने पर एक लाख का मिला इनाम

सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्रावस्ती में 11 लोगों का रेस्क्यू करने वाले सात लोगों को प्रशस्ति पत्र और एक लाख रुपये का नगद पुरस्कार देने की घोषणा भी की है। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कुशीनगर में 76 लोगों को बचाया गया। 21,239 से अधिक मवेशियों को भी सुरक्षित स्थान पहुंचाया जा चुका है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 804 बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं, जिसमें कुल 1,365 लोग रह रहे हैं। 1178 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं, जिससे लगातार निगरानी की जा रही है। इन क्षेत्रों में 914 नाव चलाई जा रही हैं। यही नहीं, आपदा से प्रभावित लोगों को 23,93,41 से अधिक लंच पैकेट और 7,345 से अधिक खाद्यान्न सामग्री की किट भी वितरित की गयी है। राहत कार्यों के लिए 12 कंपनी एनडीआरएफ, 9 कंपनी एसडीआरएफ, 23 कंपनी पीएसी और एक कंपनी एसएसबी तैनात की गई है

---

**खबर संक्षेप**

### कार टैंकर की भिड़ंत एक की मौत, एक घायल



**अमेठी।** अमेठी के जायस थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुरगहिया गांधीनगर के पास एलपीजी गैस भरे टैंकर व कार की टक्कर में एक एसआई की मौत हो गई जबकि एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। टैंकर सड़क पर पलट गया। टैंकर से एलपीजी गैस का रिसाव होने से विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई । गंभीर खतरे को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने एक किलोमीटर के इलाके को खाली करा लिया है।

### 30 सीटों पर चुनाव लड़ेगी सरयू राय की पार्टी



**पाकुड़।** आगामी विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड में किसी भी दल को बहुमत मिलता नहीं दिख रहा है। झारखंड में बनने वाली नई सरकार में भारतीय जनतांत्रिक मोर्चा अहम और निर्णायक भूमिका निभाने की स्थिति में होगा। यह बातें झारखंड में गठित भाजमो के संरक्षक व विधायक सरयू राय ने कही। उन्होंने कहा कि उनका भाजमो राज्य के 30 सीटों पर चुनाव लड़ेगा।

---

उर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में बोले सीएम योगी

# बकाया की वसूली के नाम पर उपभोक्ताओं का न हो उत्पीड़न

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2018-19 में एक दिन में सर्वाधिक 20062 मेगावॉट की मांग रही, जो इस सत्र में 13 जून को 30618 मेगावॉट तक पहुंच गई थी। आमजनता की आवश्यकता के दृष्टिगत इस वर्ष गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति की गई। मांग के सापेक्ष पर्याप्त बिजली आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित कराएं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ऊर्जा विभाग के मंत्री की उपस्थिति में प्रदेश में बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने भविष्य के दृष्टिगत जारी प्रयासों की समीक्षा की। बैठक में उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ-साथ सभी डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारी और इंजीनियर्स मौजूद रहे।

सीएम योगी ने कहा कि नियोजित प्रयासों से लाइन लॉस में लगातार कमी आ रही है। बिजली चोरी को रोकें। मीटर रीडर के काम की निगरानी की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि बिजली मीटर जांच/ बिल बकाया के नाम पर किसी उपभोक्ता का उत्पीड़न नहीं होगा। हर उपभोक्ता के साथ हमारा व्यवहार सद्भावनापूर्ण होना चाहिए।

> सीएम योगी ने उर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में मांग के सापेक्ष पर्याप्त बिजली आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हेल्पलाइन पर आने वाली हर कॉल अटेंड कर उपभोक्ता की समस्या का यथोचित समाधान किए जाने की बात कही।

**खास बातें**

- मीटर रीडर के काम की निगरानी करें
- सबको बिजली-निर्बाध बिजली का संकल्प पूरा हो रहा
- बिना विलंब ट्रांसफार्मर सुधार कर दें



### नए सब स्टेशनों की स्थापना कराएं

उन्होंने कहा कि नए सब स्टेशन स्थापित करने से पूर्व वहां की आवश्यकता का अध्ययन जरूर किया जाए। अगले पांच वर्ष की आवश्यकता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करते हुए नए सब स्टेशनों की स्थापना कराई जाए। यह सुखद है कि बिना भेदभाव अथवा वीआईपी कल्चर के आपूर्ति की जा रही है। इस बार भीषण गर्मी के बीच आम जन की सुविधा के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हुए 15 मार्च से 30 जून तक पूरे प्रदेश में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की गई।

### आवश्यकतानुसार नया ट्रांसफार्मर भेजें

सीएम योगी ने कहा कि गांव हो या नगरीय क्षेत्र ट्रांसफार्मर खराब हो तो बिना विलंब तत्काल सुधारा जाए। नया ट्रांसफार्मर तय समय सीमा का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। ट्रांसफार्मर की मरम्मत करने वाली एजेंसियों के कार्यों का भी अवलोकन किया जाना चाहिए।

### उपभोक्ता को गलत बिल न भेजें

सीएम योगी ने कहा कि पॉवर कॉर्पोरेशन के सामने सबसे बड़ी चुनौती है सही बिल और समय पर बिल उपलब्ध कराना । प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी उपभोक्ता को गलत बिजली बिल न मिले ।

### निर्माणाधीन परियोजना का काम तेजी से हो

सीएम ने कहा कि घाटमपुर, पनकी, ओबरा-सी और जवाहरपुर में निर्माणाधीन इकाइयों का कार्य पूरा करा लिया जाए। एनटीपीसी के साथ संयुक्त उपक्रम के रूप में स्थापित हो रही ओबरा डी, अनपरा व मेजा तापीय परियोजना-द्वितीय चरण के इन प्रयासों से प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होगी।

---

नीति आयोग की एसजीडी रिपोर्ट का दिया हवाला

# बिहार सरकार की विशेष राज्य के दर्जे की मांग की कर रही है पुष्टि



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार सरकार के मंत्रियों ने दावा किया है कि नीति आयोग के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) इंडिया इंडेक्स 2023-24 की नवीनतम रिपोर्ट ने केंद्र से अधिक वित्तीय सहायता की राज्य सरकार की मांग की पुष्टि की है। नीति आयोग ने 12 जुलाई को एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 जारी किया। कुछ पैमानों पर स्थिति में सुधार के बावजूद बिहार सतत विकास का आकलन करने वाले एसडीजी इंडिया इंडेक्स में सबसे निचले पायदान पर रहा।

### बिहार आर्थिक रूप से कमजोर

जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि आयोग की नवीनतम रिपोर्ट ने अधिक केंद्रीय वित्तीय सहायता को लेकर लंबे समय से की जा रही हमारी मांग को सही साबित कर दिया है। यही कारण है कि हम बिहार के लिए विशेष दर्जा (एससीएस) या विशेष राहत पैकेज की मांग कर रहे हैं, जो अपने वित्त का प्रबंधन खुद कर रहा है, जबकि यह देश के उन राज्यों में से एक है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। हमें राज्य के समग्र विकास के लिए एक विशेष पैकेज की भी जरूरत है।

### विशेष राज्य का दर्जा दिलाएं: कांग्रेस



कांग्रेस ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर विशेष राज्य के दर्जे को लेकर सिर्फ बातें करने का आरोप लगाया और कहा कि वह वर्तमान समय में इस मांग को पूरा करवाने की स्थिति में हैं और इसे लेकर उन्हें पूरी ताकत झोंक देनी चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू पर भी यही बात लागू होती है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि बिहार के वरिष्ठ मंत्री अब बोल रहे हैं कि नीति आयोग का ताजा विश्लेषण, राज्य को केंद्र की तरफ से मिलने वाली सहायता के मामले में विशेष राज्य के दर्जे समेत उनकी अन्य मांग को सही ठहराता है। अन्य फ़ायदों के अलावा, इसका मुख्य रूप से ऐसी सहायता का 70 प्रतिशत ऋण के रूप में होने के बजाय, केवल 10 प्रतिशत होगा।

---

**पेज एक का शेष**

### 2000 पेज की ...

गया है कि जांच के दौरान कुल 94 मूर्तियां, मूर्तिकला के टुकड़े और मूर्तिकला चित्रण के साथ वास्तुशिल्प सदस्य देखे गए। खिड़कियों, खंभों और प्रयुक्त बीमों पर चार सशस्त्र देवताओं की मूर्तियां उकेरी गई थीं। इन पर उकेरी गई छवियों में गणेश, ब्रह्मा अपनी पत्नियों के साथ, नृसिंह, भैरव, देवी-देवता, मानव और पशु आकृतियां शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक कई स्थानों पर मस्जिदों में मानव और जानवरों की आकृतियों की अनुमति नहीं है, इसलिए ऐसी छवियों को तराशा गया है या विकृत कर दिया गया है। बता दें हिंदू फ्रंट ऑफ जस्टिस की याचिका पर हाईकोर्ट ने 11 मार्च को एएसआई को आदेश दिया था कि वह छह हफ्ते में भोजशाला परिसर की साइंटिफिक स्टडी कर अपनी रिपोर्ट सौंपे। तीन बार समय बढ़ाया गया। चार जुलाई को हाईकोर्ट ने एएसआई को निर्देश दिए थे कि 15 जुलाई तक अपनी पूरी रिपोर्ट सौंप दें। भोजशाला के मसले पर एक पक्ष पहले ही सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई को निर्देश दिया था कि साइंटिफिक स्टडी करने के दौरान भोजशाला के भौतिक ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। साथ ही हाईकोर्ट को यह सख्त निर्देश दिए थे कि वह फिलहाल इस पर कोई निर्णय नहीं ले सकेगा। इसी वजह से हिंदू पक्ष अब एएसआई की रिपोर्ट के आधार पर सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कह रहा है।

**यह है आदेश, जिस पर है विवाद:** एएसआई ने 22 मार्च को इस विवादित परिसर का सर्वे शुरू किया था। करीब तीन महीने यह सर्वे चला। दरअसल, पूरा विवाद एजेंसी के सात अप्रैल 2003 के आदेश को लेकर है। हिंदुओं और मुस्लिमों में विवाद बढ़ने पर एएसआई ने आदेश जारी कर परिसर में प्रवेश को सीमित किया था। आदेश के बाद 21 साल से हिंदू सिर्फ मंगलवार को भोजशाला में पूजा-अर्चना कर सकते हैं। मुस्लिम सिर्फ शुक्रवार को नमाज अदा कर सकते हैं। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने इस व्यवस्था को चुनौती दी है।

**ऐसे हुआ सर्वे :** एएसआई ने कार्बन डेटिंग, जीपीएस सहित अन्य तकनीक इस सर्वे में अपनाई है। भोजशाला के बड़े हिस्से में खुदाई भी की गई है। दावा किया गया है कि खुदाई के दौरान पुरानी मूर्तियों के अवशेष, धार्मिक चिह्न मिले हैं। अफसरों ने सर्वे की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई है। सर्वे रिपोर्ट में खुदाई में मिले अवशेषों के फोटो भी प्रस्तुत किए गए।

### हिंदू पक्ष ने कहा...

थे। दो हजार पेज की रिपोर्ट में हमारा पक्ष मजबूत हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की कार्यवाही पर स्टे दे रखा है। इस वजह से हम सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं।

### नेपाल के नए प्रधानमंत्री...

मान सिंह और सीपीएन-यूएमएल के विष्णु प्रसाद पौडेल को उप-प्रधानमंत्री बनाया गया है। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के तहत बीते रविवार को सीपीएम-यूएमएल और नेपाली कांग्रेस गठबंधन के नेता चुने गए केपी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री नियुक्त किया था।

### 'एक्स' पर पीएम मोदी...

का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2047 में जब भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी पूरी करेगा, तो युवा ही विकसित भारत के शिल्पकार होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी युवा पीढ़ी को नए कौशल और प्रशिक्षण तथा विश्व स्तरीय शिक्षा से लैस करने के लिए अथक प्रयास कर रही है, ताकि उन्हें विकसित भारत का निर्माता बनाया जा सके। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा लाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस लक्ष्य में योगदान देगी।

### केंद्रीय उर्जा मंत्री मनोहर...

पीएसपी को मौजूदा जल प्रबंधन प्रणालियों में एकीकृत करने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने टीम की महत्वपूर्ण उपलब्धियों और 2400 मेगावाट टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स के विकास में स्थापित किए गए उच्च मानकों को स्वीकार करते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे जलविद्युत परियोजनाओं में टीएचडीसी का योगदान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को वास्तविक रूप दे रहा है। उन्होंने कहा कि टिहरी बांध टीएचडीसीआईएल के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो ऐसे समय में पूरा हुआ है, जब इतने बड़े बांध का विचार लगभग अकल्पनीय लग रहा है। टिहरी बांध का विकास अपने आप में किसी आश्चर्य और इंजीनियरिंग चमत्कार से कम नहीं है। विद्युत मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल की टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर.के. विश्नोई, निदेशक (कार्मिक) शलिन्दर सिंह, निदेशक (तकनीकी) भूपेन्द्र गुप्ता तथा टीएचडीसीआईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

---

# सोरेन का कौशल विकास पर जोर बोले-युवाओं के हुनर निखारने के साथ रोजगार दे रहे, 1500 शिक्षकों को नियुक्ति भी पत्र सौंपे

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने 1,500 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं के कौशल विकास पर सरकार का विशेष जोर है। यहां विभिन्न माध्यम से युवाओं के हुनर को निखारने के साथ रोजगार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। यहां के हुनरमंद युवा देश के साथ विदेशों में भी अपने कार्यों से सबका दिल जीत रहे हैं। सोरेन ने शिक्षकों से कहा कि आपके ऊपर बच्चों के भविष्य निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी है। मुझे पूरा भरोसा है कि आप निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए राज्य के सर्वांगीण विकास में योगदान देंगे।

सीएम ने नौजवानों को अपने पैरों पर खड़ा करने के संकल्प को दोहराया। कहा कि जो युवा स्वरोजगार करना चाहते हैं, उन्हें आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जा रही है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब यहां के युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण कर रहे हैं।

---

# रिकॉर्ड समय में महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को पूरा करने वाले अयोध्या के डीएम के जाने से जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या



अयोध्या के पूर्व डीएम नीतीश कुमार को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम आगरा के एमडी बनाया गया है। 2010 कैडर के नीतीश ने 26 अक्टूबर 2021 को जनपद अयोध्या में कार्यभार ग्रहण किया था। अयोध्या की आम जनता का कहना है कि उनके करीब 2 वर्ष 9 माह के कार्यकाल के दौरान जनपद ने चहुंमुखी विकास किया और समस्त क्षेत्रों में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए। इस दौरान रिकार्ड समय में बहुत सी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं पूर्ण हुई हैं जो एक कामयाब प्रशासनिक क्षमता का बेजोड़ नमूना है और यह प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के लिए एक मॉडल है। कुशल नेतृत्व में 3 दीपोत्सवों का भव्य एवं सफल आयोजन, जिसमें साल दर साल नए कीर्तिमान स्थापित हुए। अयोध्या धाम आने वाले पर्यटकों/ श्रद्धालुओं को सुगम एवं निर्बाध यातायात सुविधा के लिए अयोध्या धाम को जोड़ने वाले मार्गों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण करवाया।

### भू-अर्जन जैसे बेहद चुनौतीपूर्ण काम को अंजाम तक पहुंचाया

उनके मार्गदर्शन में राम पथ, जन्म-भूमि पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ, एनएच-27 से महोबरा चौराहा होते हुए टेढ़ीबाजार राम पथ तक का कार्य पूर्ण हुआ। जबकि सुग्रीव पथ, क्षीरसागर पथ, अवध आगमन पथ, दशरथ पथ, लक्ष्मण पथ का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। अयोध्या धाम में पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण परिक्रमा पथों यथा-चौदहकोसी एवं पंचकोसी मार्ग का फोरलेन में चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण कर वृहद् स्तर पर जन सुविधाओं का भी कार्य प्रगति पर है। इसके लिए भूमि अर्जन के बेहद ही चुनौतीपूर्ण कार्य को पर्याप्त संख्या में आवश्यकतानुसार टीमों का गठन कर पूरा करवाया।

---

मेक इन इंडिया व आत्मनिर्भर भारत अभियान को मिलेगी ताकत

# कानपुर में बनेंगे ब्रेक पैराशूट व हावर क्राफ्ट का बेस सिस्टम

एजेंसी ▶▶ कानपुर

कानपुर की ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड की इकाई आयुध पैराशूट निर्माणी (ओपीएफ) एडवांस तेजस लड़ाकू विमान के ब्रेक पैराशूट बनाएगी। निर्माणी ने इसका प्रोटोटाइप तैयार कर लिया है। दिसंबर में लड़ाकू विमान में फिट करके इसका फील्ड ट्रायल शुरू किया जाएगा। इसके अलावा निर्माणी देश में पहली बार हावर क्राफ्ट का बेस सिस्टम बनाएगी।

मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत निर्माणी में अभी सुखोई, हॉक, मिराज, जगुआर, तेजस, मिग 21, मिग-29 लड़ाकू विमानों के ब्रेक और पायलट पैराशूट बनते हैं। ब्रेक पैराशूट की मदद से लड़ाकू विमानों को रनवे पर सुरक्षित उतारा जाता है। छोटे रनवे या समुद्री जंगी जहाजों में इन पैराशूटों की मदद से सुरक्षित लैंडिंग होती है। देश में अब तेजस लड़ाकू विमान का आधुनिक संस्करण बनाया गया है। इस विमान का के ब्रेक पैराशूट का प्रोटोटाइप ओपीएफ में बनाया गया है।

**खास बातें**

- 10 किलो वजनी है पैराशूट
- 285 से 350 किमी प्रति घंटा की गति वाले विमान को रोकने में सक्षम
- प्रोटोटाइप तैयार कर लिया गया है
- दिसंबर से फील्ड ट्रायल शुरू होगा





### 10 साल तक उपयोगी रहेगा

यूनिक्रॉस आकार के पैराशूट में कुल सात सब असेंबली हैं। इस पैराशूट की छतरी में इस्तेमाल किया जाने वाला मूल कपड़ा नायलॉन 66 प्रकार का है। करीब 10 किलो ग्राम भार वाले इस पैराशूट का प्रोटोटाइप बनाया गया है। यह पैराशूट सामान्य 285-300 किलोमीटर प्रति घंटा से आपात स्थिति में 340-350 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार होने पर विमान को रोकने में सक्षम होगा। इसे 10 साल तक या 50-55 बार इस्तेमाल में लाया जा सकेगा।

### नौसेना और कोस्ट गार्ड करेगी मदद

निर्माणी में पहली बार हावर क्राफ्ट का बेस सिस्टम तैयार किया जाएगा। क्राफ्ट का बेस रबर का बना होता है। निर्माणी में सेना के लिए इन्फ्लेटेबल बोट, ब्रिज आदि का निर्माण लंबे समय से होता रहा है। अब क्राफ्ट का बेस सिस्टम नौसेना और कोस्ट गार्ड की मदद से तैयार किया जाएगा। इसके लिए इसी महीने टीम निर्माणी आएगी। उनकी जरूरत के मुताबिक बेस सिस्टम तैयार किया जाएगा। हावर क्राफ्ट पानी, जमीन, कीचड़ और घास पर चलने में सक्षम होता है। समुद्र या विशेष ऑपरेशन में हावर क्राफ्ट मददगार साबित होते हैं।

## चिंतन

# अमेरिकी राजनीति के लिए कठिन परीक्षा का वक्त

अमेरिकी राजनीति भी क्या अब हिंसा के मार्ग पर है? विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका का चुनावी इतिहास करीब-करीब हिंसक घटनाओं से परे रहा है। अब्राहम लिंकन, मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे महान अमेरिकी नेताओं की राजनीतिक हत्याएं हुई हैं, लेकिन यूएस के चुनावी इतिहास में चुनावी सभा के दौरान किसी की जान लेने की कोशिश विरले ही हुई है। आखिर रिपब्लिकन की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एक सभा के दौरान जानलेवा हमला के पीछे मकसद क्या है? इसके पीछे कौन हो सकते हैं? कौन लोग हैं जिन्हें ट्रंप के नहीं रहने से फायदा हो सकता है? ट्रंप को राष्ट्रपति रहते हुए भी निशाना बनाया जा चुका है? आखिर ट्रंप रिपब्लिकन की ओर से इस बार उम्मीदवार बनने की जिद पर क्यों अड़े हैं। जैसे डेमोक्रेट्स की ओर से वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन उम्मीदवार बनने पर अड़े हैं। इस हमले में अगर ट्रंप को गंभीर चोट लगती तो अमेरिका में गृहयुद्ध भड़क सकता था। क्रोध, हताशा, आक्रोश, शत्रुता का एक नया स्तर सामने आ सकता था, जो अमेरिका ने कई वर्षों से नहीं देखा है। राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप का पहला कार्यकाल अमेरिका के हिसाब से बहुत उल्लेखनीय नहीं रहा, इसके बावजूद यूएस में ट्रंप के करोड़ों समर्थक हैं। हाल के दशकों में द्विदलीय व्यवस्था में अमेरिकी राजनीति तेजी से ध्रुवीकृत हुई है। पार्टी के अंदर भी व्यक्ति विशेष की राजनीति हावी हुई है। अमेरिका में कई लोग ट्रम्प को एक यूनिकॉर्न के रूप में देखते हैं, जिसने कई मायनों में वास्तव में पूरे रूढ़िवादी आंदोलन को निगल लिया है। 2016 के बाद से रूढ़िवादी आंदोलन नाटकीय रूप से बदल गया है, जब ट्रम्प पहली बार चुने गए थे, और ट्रम्पवाद की कई विशेषताएं वास्तव में अब रूढ़िवादी आंदोलन के विभिन्न हिस्सों में काफी लोकप्रिय हैं। इसलिए भले ही ट्रम्प किसी बिंदु पर सेवानिवृत्त होने का फैसला करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं कह सकते कि ट्रम्पवाद - लोकलुभावन विचारों के एक सेट के रूप में- राजनीति से गायब हो जाएगा। यदि विभिन्न दल, विभिन्न आंदोलन, कुछ मुद्दों पर एक साथ काम करने के इच्छुक नहीं हैं तो लोकतंत्र काम नहीं कर सकता। लोकतंत्र तब काम करता है जब कई समूह बातचीत के माध्यम से किसी प्रकार की आम सहमति तक पहुंचने, सहयोग करने और सहयोग करने के इच्छुक होते हैं। अमेरिका में पिछले 17 वर्षों में राजनीतिक ध्रुवीकरण बढ़ा है और इसमें ट्रंप भी एक धुरी हैं। राजनीतिक असहमति का हिंसा या प्रतिशोध में बदलना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। ट्रंप पर हमले ने अमेरिका सुरक्षित के मिथ को तोड़ा है, अमेरिकी पुलिस की साख को कमजोर किया है, अमेरिकी लोकतंत्र के मानवतावादी व्यवहार का भंजन किया है। मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन को ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले के पीछे के सभी षड्यंत्र को जनता के सामने लाना चाहिए। अमेरिका खुद को महाशक्ति मानता है, लोकतंत्र का झंडाबरदार मानता है, मानवाधिकार का रक्षक मानता है, ऐसे में अमेरिकी सरकार पर अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा की अधिक जिम्मेदारी है। आगे अमेरिका में चुनाव प्रचार और अधिक सघन होगा, इसलिए नेताओं की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। हिंसक हमले राजनीतिक सहानुभूति के औजार नहीं बनने चाहिए। अमेरिकी राजनीति के लिए यह कठिन वक्त है।



पड़ोस
प्रमोद भार्गव

# अस्थिर नेपाल पर नजर रखे भारत

**सीपीएन-यूएमएल नेता केपी शर्मा ओली सबसे बड़े दल नेपाली कांग्रेस के समर्थन से गठबंधन की नई सरकार बनने जा रहे हैं। सीपीएन-यूएमएल व नेपाली कांग्रेस के बीच हुए सत्ता समझौते के अनुसार ओली और नेपाली कांग्रेस नेता शेर बहादुर देउबा बारी-बारी से डेढ़-डेढ़ वर्ष के लिए प्रधानमंत्री पद संभालेंगे। प्रचंड विश्वासमत नहीं जीत सके। नेपाल में अस्थिर सरकार होने का पता इस बात से चलता है कि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के अध्यक्ष प्रचंड प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होने के बाद से चार बार विश्वास मत का सामना कर चुके। अब ओली के फिर से प्रधानमंत्री बन जाने से चीन का दखल फिर बढ़ता दिखाई देगा? ऐसे में भारत को सचेत रहने की जरूरत है।**

भारत के पड़ोसी देश नेपाल में एक बार फिर से सत्ता परिवर्तित हो गई है। नेपाल में फिर से चीन के करीबी माने जाने वाले नेता सीपीएन-यूएमएल के प्रमुख केपी शर्मा ओली ने सत्ता की कमान संभाल ली है। नेपाल में जबसे कम्युनिस्ट दलों की सरकार बनने लगी है, तब से चीन के दबाव के चलते वहां लगातार अस्थिरता बनी हुई है। पुष्प कमल दहाल उर्फ प्रचंड संसद में विश्वास मत प्राप्त करने में विफल रहे। सीपीएन-यूएमएल नेता केपी शर्मा ओली सबसे बड़े दल नेपाली कांग्रेस के समर्थन से गठबंधन की नई सरकार बनने जा रहे हैं। ओली ही नए पीएम होंगे। सीपीएन-यूएमएल व नेपाली कांग्रेस के बीच हुए सत्ता समझौते के अनुसार ओली और नेपाली कांग्रेस नेता शेर बहादुर देउबा बारी बारी से डेढ़-डेढ़ वर्ष के लिए प्रधानमंत्री पद संभालेंगे। नेपाल में अस्थिर सरकार होने का पता इस बात से चलता है कि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के अध्यक्ष प्रचंड प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होने के बाद से चार बार विश्वास मत का सामना कर चुके हैं। पांचवीं बार विफल रहे। साफ है, नेपाल के हालात दुरुस्त नहीं है। वहां हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग भी लगातार उठ रही है। इधर चीन नेपाल को कर्ज देकर अपने शिकंजे में कसता जा रहा है।

पड़ोसी और धार्मिक व सांस्कृतिक एकरूपता से जुड़े देश नेपाल में हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग के लिए शंखनाद शुरू हो गया है। वहां अनेक संगठन सड़कों पर उतरकर राजशाही के पक्ष में आंदोलन कर रहे हैं। इस मांग में पुरुषों के साथ महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन में शामिल हैं। इस मांग को मुख्य रूप से राष्ट्रवादी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी कर रही है। यह नेपाल की पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है। इस दल के प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ की मांग है कि नेपाल में राजशाही की पुनर्बहाली हो, देश में संघीय व्यवस्था लागू हो और इसे हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। इस समय नेपाल और भारत में जिस तरह से धर्म और संस्कृति का पुनरुत्थान हो रहा है, उसका अनुसरण भी देखने में आ रहा है। नेपाल को 2007 में पंथनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था। नतीजतन 2008 में राजशाही व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी। इस आंदोलन को 'राष्ट्र, राष्ट्रवाद, धर्म, संस्कृति और नागरिकों की रक्षा के लिए अभियान' का दर्जा दिया जा रहा है। 2008 में नेपाल के गणराज्य बनने के बाद से कारोबारी दुर्गा प्रसाई आंदोलन को हवा दे रहे हैं। एक समय प्रसाई के प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली के साथ घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन अब वह नियमित रूप से आलोचना कर रहे हैं। इसी समय राजशाही के दौर में गृहमंत्री रहे कमल थापा ने हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए नया गठबंधन बनाया है। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह भी एकाएक सक्रिय होकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने लगे हैं। वे मंदिरों में होने वाली पूजा में शामिल हो रहे हैं।

दरअसल, नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी का चीन की गोद में बैठना और भारत विरोधी अभियान चलाना देश की जनता को नागवार गुजर रहा है। राजशाही के साथ हिंदू राष्ट्र बहाली की मांग भी मुखर हुई है। नेपाल के



मुसलमान भी देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में हैं। नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग के समर्थन में हो रहे प्रदर्शनों में शामिल राप्ती मुस्लिम सोसायटी के अध्यक्ष अमजद अली ने कहा है कि इस्लाम को बचाने के लिए यह जरूरी है। समाज के कुछ नेताओं का मानना है कि हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म होने के बाद से नेपाल में ईसाई मिशनरियां ज्यादा सक्रिय हो गई हैं। मिशनरी इस स्थिति का फायदा उठाकर लोगों का धर्म परिवर्तन करवा रही हैं। यूसीपीएन माओवादी के मुस्लिम मुक्ति मोर्चा भी मिशनरियों के बढ़ते प्रभाव को स्वीकार नहीं करता है। राष्ट्रवादी मुस्लिम मोर्चा भी देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान नहीं चाहता है। 80 फीसदी मुस्लिम आबादी देश की हिंदू पहचान बहाल करने के पक्ष में है।

गौरतलब है कि राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और कई हिंदूवादी संगठन काफी समय से नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र का दर्जा देने के लिए अभियान चला रहे हैं। राजनीतिक दलों के बीच नए संविधान में देश की धर्मनिरपेक्षता की पहचान खत्म करने को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद से यह मांग और तेज हो गई है। देश के सभी समुदाओं के लोग मानते हैं कि हिंदू पहचान की बहाली का कोई विकल्प नहीं है। धर्मनिरपेक्षता हिंदू-मुस्लिम एकता तोड़ने की साजिश है। दरअसल सात साल पहले दो नेपाली युवकों को बुटवॉल में पुराने राष्ट्रगान को गाने की वजह से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से ही पूरे नेपाल में इस राष्ट्रगान को गाने का सिलसिला चलने के साथ हिंदू राज की पुनरुस्थापना की मांग उठ रही है।

हिमालय की गोद में बसा नेपाल एक छोटा और सुंदर देश है। पूरी दुनिया में नेपाल ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसे आज तक कोई दूसरा देश परतंत्र नहीं बना पाया। इसलिए यहां स्वतंत्रता दिवस नहीं मनाया जाता। किंतु चीन के लगातार बढ़ रहे हस्तक्षेप के चलते लोगों को लगने लगा है कि कहीं यह हिंदू धर्मावलंबी देश अपनी मौलिक संस्कृति व स्वतंत्रता न खो दे? नेपाल एक दक्षिण एशियाई देश है। नेपाल के उत्तर में चीन का स्वायत्तशासी प्रदेश तिब्बत है। जिसे चीन निगलता जा रहा है। दक्षिण पूर्व व पश्चिम में भारत की सीमा लगती है। नेपाल की 85.5 प्रतिशत आबादी हिंदू है, इसलिए वह प्रतिशत के आधार पर सबसे बड़ा हिंदू धर्मावलंबी देश है। नेपाल में लंबे समय तक राजशाही रही है। किंतु राजशाही के खूनी दुखद अंत के बाद यहां माओवादी नेता प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने से सामंतशाही सिमटती चली गई और 18 मई 2006 को राजा के अधिकारों में कटौती कर नेपाल को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित कर माओवादी लोकतंत्र की शुरुआत हो गई। तभी से चीनी हस्तक्षेप के चलते यहां के मूल स्वरूप को बदलने के अलावा भारत के साथ संबंध खराब होने की शुरुआत भी हो गई थी। केपी शर्मा ओली के प्रधानमंत्री रहते हुए चीन के दबाव में न केवल भारत से शत्रुतापूर्ण संबंधों की बुनियाद रखी थी, बल्कि चीनी सेना को खुली छूट देकर अपनी जमीन भी खोना शुरू कर दी। जाहिर है, नेपाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना तो हो गई, लेकिन लचर नेतृत्व के चलते यह देश अपना अस्तित्व खोने की कगार पर आ खड़ा हुआ है। अब ओली के फिर से प्रधानमंत्री बन जाने से चीन का दखल फिर बढ़ता दिखाई देगा? भारत को सचेत रहने की जरूरत है।

हमारे पड़ोसी देशों में नेपाल और भूटान ऐसे देश हैं, जिनके साथ हमारे संबंध विश्वास और स्थिरता के रहे हैं। यही वजह है कि भारत और नेपाल के बीच 1950 में हुई सुलह, शांति और दोस्ती की संधि आज भी कायम है। नेपाल और भूटान से जुड़ी 1850 किमी लंबी सीमा रेखा बिना किसी पुख्ता पहरेदारी के खुली है। बावजूद चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की तरह कोई विवाद नहीं है। बिना पारपत्र के आवाजाही निरंतर जारी है। करीब 60 लाख नेपाली भारत में काम करके रोजी-रोटी कमा रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## राजस्थान
बाल मुकुन्द ओझा



# फोन टैपिंग के जिन्न से फिर गरमाई सियासत

राजस्थान में जन प्रतिनिधियों के फोन टैपिंग का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। इसी के साथ गहलोत शासन के दौरान का फोन टैपिंग का मुद्दा फिर गरमा गया है। 2020 में कांग्रेस के भीतर गुटबाजी का यह किस्सा 4 साल बाद एक बार फिर सुर्खियों में है। फोन टैपिंग का रहस्योद्घाटन और कोई नहीं अपितु खुद गहलोत के शासन के समय के अधिकारी कर रहे हैं। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके ओएसडी रह चुके लोकेश शर्मा की बातचीत के वायरल हुए एक पुराने ऑडिया ने सियासत में फिर तहलका मचा दिया है। इस ऑडियो से पिछली सरकार में सुर्खियों में आए फोन टैपिंग के मुद्दे को फिर हवा मिल गई है। कथित ऑडियो उस समय का बताया जा रहा है कि जब गहलोत मुख्यमंत्री थे। अब यह ऑडियो वायरल हुआ है। इसको लेकर अब भाजपा नेता कांग्रेस पर जमकर हमलावर हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गहलोत के पुराने ऑडियो के वायरल होने पर गहलोत पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह बात मैं चीख-चीखकर सरकार और न्यायालय को सुनाना चाहता था, लेकिन अब जो ऑडियो सामने आया है, उसने सारी बात स्पष्ट कर दी है। गहलोत और लोकेश शर्मा के बीच की बातचीत का यह ऑडियो वायरल होने के बाद सियासत में जमकर हलचल मची हुई है। शेखावत ने इस ऑडियो को लेकर गहलोत को जमकर आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि हाल में जो ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं।



उसमें पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत और उनके ओएसडी लोकेश शर्मा की बातचीत से जनता के सामने स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस के शासनकाल में फोन टैपिंग हुई हैं। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि फोन टैपिंग अपराध है। उसके साथ-साथ जिस शपथ को लेकर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आसीन हुए थे, उस शपथ का अनादर करते हुए उन्होंने जो कुछ भी उनके संज्ञान में गोपनीय तरीके से लाया गया था। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री होने के नाते उसको खुद एक ऑडियो टैप के माध्यम से एक पेन ड्राइव देकर लीक करने का काम किया। यह प्रकरण दिल्ली के एक न्यायलय में भी विचाराधीन है।

गौरतलब है गहलोत शासन के दौरान असंतुष्ट नेता सचिन पायलट व 18 अन्य कांग्रेस विधायकों द्वारा मुख्यमंत्री गहलोत के नेतृत्व के खिलाफ बगावती तेवर अपनाए जाने के बाद कांग्रेस ने अपने विधायकों को लंबे समय तक अलग-अलग होटलों में रखा था। इसी घटनाक्रम में विधायकों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के फोन टैप किए जाने के आरोप लगे थे। हालांकि अधिकारियों व तत्कालीन मुख्यमंत्री गहलोत ने खुद इसका खंडन किया। फोन टैपिंग का यह मामला सुर्खियों में आने के बाद दबी चिंगारी फिर सुलग उठी है। गहलोत के लिए यह गले की हड्डी बन गया है और भाजपा इसे बख्श दिए जाने के मूड में नहीं है। आगे राजनीति गर्माने वाली है।

उस दौरान सचिन पायलट खेमे के 19 विधायकों ने गहलोत सरकार के खिलाफ बगावत की थी और ये विधायक मानेसर के एक होटल में अलग से बाड़ेबंदी में चले गए थे। उसके बाद 15 जुलाई 2020 को गहलोत गुट की तरफ से कुछ ऑडियो टेप जारी किए गए थे। इन ऑडियो टेप में गहलोत खेमे की तरफ से दावा किया गया था कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह, कांग्रेस विधायक भंवरलाल शर्मा और तत्कालीन मंत्री विश्वेंद्र सिंह की बातचीत है। उस बातचीत में सरकार गिराने और पैसों के लेनदेन की बातें थीं। गहलोत ने कई बार कहा कि सरकार गिराने के षड्यंत्र करने में हुए करोड़ों के लनेदेन के सबूत हैं और ये आरोप झूठे हों तो राजनीति छोड़ दूंगा। जिन नेताओं के ऑडियो टेप आए थे, उनके वॉयस टेस्ट नहीं हुए थे।

यह उल्लेखनीय है जब कोई दो लोग मोबाइल, टेलीफ़ोन या इंटरनेट के माध्यम से आपस में बात करे रहे होते हैं, और ऐसे में कोई तीसरा शख्स उन दोनों के बीच होने वाली बातों को रिकार्ड कर बिना उनकी अनुमति के सुनता है, तो इसे फोन टैपिंग कहा जाता है। यह निजता का हनन है, जिसके कारण इसे गैरकानूनी माना जाता है। भारत में फोन टैपिंग को लेकर कानून बनाये गए हैं, जिसके अनुसार सिर्फ कुछ खास मामलों में जरूरत पड़ने पर केंद्र या राज्य सरकार किसी का फोन सर्विलांस पर रखवा सकती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप



संकलित
दर्शन

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।

## छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी समुद्र तट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है।अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भाजपा के लिए उपचुनाव के सबक

आम चुनाव के कुछ ही समय बाद देश के कुछ राज्यों में विधानसभाओं के उपचुनाव हुए। इन उपचुनावों में कांग्रेस और इसके साथी राजनीतिक दलों को अच्छी जीत और भाजपा को निराशा हाथ लगी। हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकतंत्र में हर चुनाव में ऊंट किस करवट बैठ जाए अर्थात मतदाता किसके सिर जीत का ताज सजा दे, यह कोई पता नहीं, लोकतंत्र में मतदाता सर्वोपरि होता है। लेकिन उपचुनाव से ही किसी भी राजनीतिक दल का भविष्य तय नहीं किया जा सकता, क्योंकि आमजन हर चुनाव में मतदान करता है और अलग-अलग नजरिया और सोच रखता है। बहरहाल, अगर भाजपा को भविष्य में जीत हासिल करनी है तो उसे स्थानीय नेताओं को महत्त्व देना होगा।

*- देवदत्त बसु, भिलाई*

## ट्रेंड


### शक्ति का जश्न



विश्व युवा कौशल दिवस पर, अपने युवाओं की क्षमता और शक्ति का जश्न मनाएं। कौशल विकास में निवेश उज्ज्वल कल का मार्ग प्रशस्त करता है। युवाओं को शिक्षा और अवसरों से सशक्त बनाना नवाचार और प्रगति का भविष्य सुनिश्चित करता है। विश्व युवा कौशल दिवस की शुभकामनाएं।

**-नितिन गड़करी, केंद्रीय मंत्री**

### शालीनता का अमेरिका



अमेरिकी लोकतंत्र में असहमति अपरिहार्य है। यह मानव स्वभाव है, लेकिन राजनीति कभी भी शाब्दिक युद्धक्षेत्र नहीं होनी चाहिए। हम ऐसे अमेरिका के लिए खड़े हैं जो अतिवाद और रोष का नहीं, बल्कि शालीनता और शालीनता का अमेरिका है।

**-जो बाइडन, अमेरिकी राष्ट्रपति**

### अनिष्ट की आशंका



मेरे ससुर पेंसिल्वेनिया में शनिवार को रैली में थे। जब गोलियां चलीं और ट्रंप नीचे गिरे तो अफरा-तफरी मच गई। सभी को अनिष्ट की आशंका थी। लेकिन फिर ट्रंप उठे, अपने ही खून में लथपथ, मुट्ठी को निडरता से उठाया और भीड़ उसे यह कहते हुए देख सकती थी, लड़ो।

**-एलन मास्क, उद्योगपति**

### शंकर महादेवन बहुत पसंद



मुझे शंकर महादेवन बहुत पसंद है। बतौर गायक तो स्वाभाविक ही है बतौर इंसान भी। शंकर का गाया हुआ शिव स्तोत्रम मैं लगभग रोज़ सुनता हूं। जब वो मुझे अनंत अंबानी और राधिका की शादी में मिले तो मैंने चंद पंक्तियां गाने की रिक्वेस्ट की।

**-अनुपम खेर, अभिनेता**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# चीन और रूस में संयुक्त नौसैन्य अभ्यास शुरू

चीन और रूस की नौसेनाओं ने रविवार को दक्षिणी चीन में एक सैन्य बंदरगाह पर संयुक्त अभ्यास शुरू किया। चीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने यह जानकारी दी। यह अभ्यास ऐसे वक्त में हो रहा है, जब कुछ दिन पहले उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों ने बीजिंग को यूक्रेन में युद्ध का ''निर्णायक समर्थक'' बताया था। चीन के रक्षा मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि दोनों देशों की वायु सेना ने हाल में पश्चिमी और उत्तरी प्रशांत महासागर में गश्त की और इस अभ्यास का अंतरराष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्थितियों से कोई लेना-देना नहीं है तथा इसमें किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाया गया। यह अभ्यास रविवार को गुआंगडोंग प्रांत में शुरू हुआ और इसके जुलाई मध्य तक जारी रहने की संभावना है। सरकारी प्रसारणकर्ता 'सीसीटीवी' ने शनिवार को बताया था कि इस अभ्यास का उद्देश्य सुरक्षा खतरों से निपटने और वैश्विक व क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता बनाए रखने की क्षमताओं का प्रदर्शन करना है। इसमें मिसाइल रोधी अभ्यास, समुद्री हमले और वायु रक्षा शामिल है। 'शिन्हुआ' समाचार एजेंसी ने बताया कि चीनी और रूस नौसेना ने झांगजियांग शहर में उद्घाटन समारोह के बाद अभ्यास किया।



## ऑफ बीट

# शंघाई पर समुद्र में डूबने का खतरा मंडराया

चीन का सबसे विकसित और अमीर शहर शंघाई पिछले कम से कम 100 साल से भूमि अवतलन की समस्या से जूझ रहा है। यह चीन के उन शुरुआती शहरों में से एक हैं, जिनमें गंभीर स्तर पर भू-अवतलन हो रहा है। शंघाई में 1921 से 2007 के बीच 22.94 मिमी प्रति वर्ष की औसत दर से भूमि अवलतन हुआ। बहरहाल, भू-अवतलन की यह दर 2010 में स्थिर हो गई, लेकिन वैश्विक तापमाना में वृद्धि की वजह से समुद्र के बढ़ते जलस्तर ने दो करोड़ 40 लाख की आबादी वाले शहर के लिए नया खतरा पैदा कर दिया है। भू-अवतलन के अब अपेक्षाकृत स्थिर होने का अनुमान है, लेकिन समुद्र में जलस्तर बढ़ने की दर जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में तेज होने की आशंका है। इसके प्रमुख कारण महासागरों के गर्म होने के कारण पानी की मात्रा बढ़ना और हिमनद एवं बर्फ का पिघलना है। ऐसा माना जा रहा है कि अंटार्कटिक बर्फ की चादर पिघलना समुद्र में जल स्तर बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है। सापेक्ष समुद्र स्तर की औसत वृद्धि 2050 तक 45 सेंटीमीटर से 50 सेंटीमीटर के बीच रहने का अनुमान है। कम्प्यूटर से की गई गणना के अनुसार, शंघाई में समुद्र का जल स्तर 2030 में लगभग दोगुना तेजी से बढ़ सकता है।



## अमेठी, श्रीनगर में मुहर्रम जुलूस में लगे आपत्तिजनक नारे

# भड़काऊ नारेबाजी में 7 गिरफ्तार, फिलिस्तीन के झंडे भी लहराए

*अमेठी में रविवार की शाम मुसाफिरखाना कस्बे में निकले मुहर्रम के जुलूस में आपत्तिजनक और भड़काऊ नारे लगाए जाने की बात सामने आई है। इस पर पुलिस ने कार्रवाई भी की। उधर, ऐसी ही खबर श्रीनगर से है। यहां देश विरोधी झंडे लहराए गए और नारेबाजी भी की गई।*

एजेंसी ▶▶ अमेठी/श्रीनगर

उत्तर प्रदेश के अमेठी में रविवार की शाम मुसाफिरखाना कस्बे में निकले मुहर्रम के जुलूस में आपत्तिजनक और भड़काऊ नारे लगाए जाने की बात सामने आई है।

इस आरोप में अमेठी की कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर 7 लड़कों को पकड़ा है। पुलिस ने वायरल वीडियो के जरिए इन लड़कों की पहचान की। वीडियो में कुछ अन्य लड़के भी नजर आ रहे हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

### अमेठी की कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मामला



**अन्य समुदाय की भावनाओं को ठेस लगी**

मुहर्रम के जुलूस में आपत्तिजनक और भड़काऊ नारे लगाए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद एसआई राजेश कुमार ने इस मामले में कोतवाली में तहरीर दी। तहरीर के मुताबिक मुहर्रम के जुलूस में कुछ लड़कों द्वारा दूसरे समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले भड़काऊ नारे लगाए गए। कोतवाली पुलिस ने एसआई की तहरीर पर कई अज्ञात के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 302 व 353 (2) के तहत केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू की।

### श्रीनगर के आठवें मुहर्रम जुलूस में हंगामा

### गाजा के समर्थन में की नारेबाजी, भारी भीड़ रही



कश्मीर के शिया समुदाय ने सोमवार को पारंपरिक गुरु बाजार-डलगेट मार्ग पर शोक के आठवें मुहर्रम का जुलूस निकाला। अधिकारियों ने बताया कि जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, क्योंकि पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध किया गया था।जुलूस सोमवार तड़के शहर के गुरु बाजार इलाके से शुरू हुआ और जहांगीर चौक और मौलाना आजाद रोड से होते हुए निर्धारित मार्ग से गुजरा और फिर डलगेट पर समाप्त हुआ।

### दो जगहों पर लहराया गया फिलिस्तीन का झंडा


*इस जुलूस के दौरान एक दो अन्य स्थानों पर फिलिस्तीन झंडा लहराने और नारों की खबरें इंटरनेट मीडिया पर दिख रहीं। यह लगातार दूसरा साल है, जब अधिकारियों ने मुहर्रम जुलूस को पारंपरिक मार्ग से निकालने की अनुमति दी है।कश्मीर में आतंकवाद के पनपने के बाद जुलूस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, क्योंकि आशंका थी कि अलगाववादी भीड़ का गलत मकसद से दुरुपयोग कर सकते हैं।*

### जुलूस के लिए दिया गया था सीमित समय

*यह जुलूस कर्बला में शहीद हुए पैगम्बर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की याद में मनाया जाता है। अधिकारियों ने जुलूस के लिए सीमित समय दिया था, इसलिए सुबह 5.30 बजे हजारों लोग गुरु बाजार में एकत्र हुए, ताकि सामान्य जीवन प्रभावित न हो।अधिकारियों ने बताया कि यातायात विभाग ने मुहर्रम जुलूस के दौरान अपनाए जाने वाले मार्गों के बारे में शहर के निवासियों को जानकारी दे दी गई थी।*

## खबर संक्षेप

### 22 तक बढ़ी मनीष सिसोदिया की हिरासत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी है। उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया।

### किरोड़ीलाल राजस्थान भाजपा की कमान लेंगे!



**जयपुर।** राजस्थान भाजपा की कार्यसमिति की बैठक जयपुर के जेईसी में संपन्न हो गई। खबर यह है कि भाजपा संगठन में जल्द ही फेर बदल होने वाला है। कार्यसमिति की बैठक बतौर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का यह आखिरी बड़ा कार्यक्रम था। अब विधानसभा उपचुनाव नए अध्यक्ष की अगुवाई में होंगे। इसके लिए किरोड़ी लाल मीना का नाम सामने आ रहा है।

### बिहार में ट्रेन से आरडीओ का अपहरण



**पटना।** पटना से इस वक्त की बड़ी खबर आ रही है। ग्रामीण विकास अधिकारी (आरडीओ) दीपक कुमार पाठक का कोसी एक्सप्रेस ट्रेन से अपहरण हो गया है। वे बरौनी से गया जा रहे थे। फोन से उन्होंने खुद परिवारवालों को अपने अपहरण की सूचना दी। खुसरुपुर स्टेशन की घटना बताई जा रही है। यहां से उनको किडनैप किया गया। ट्रेनिंग में शामिल होने ट्रेन से जा रहे थे।

### पूजा के माता-पिता फरार, फोन स्विच ऑफ



**पुणे।** ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के माता-पिता के खिलाफ एक किसान को कथित रूप से धमकाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। पुणे ग्रामीण पुलिस ने सोमवार को दावा किया है कि पूजा के आरोपी माता-पिता फरार हैं और दोनों का फोन बंद आ रहा है। एसपी पंकज देशमुख ने बताया कि 'आरोपी फरार हैं। हम उनसे संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं।

### केजरीवाल की जमानत अर्जी पर टली सुनवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने ईडी द्वारा कथित दिल्ली शराब नीति मामले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के राउज एवेन्यू कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई टाल दी। अब सुनवाई 7 अगस्त को होगी। हाईकोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को जमानत देने के ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी।

## संसद सुरक्षा चूक का मामला, 2 अगस्त को किया जाएगा पेश

# दिल्ली पुलिस ने दाखिल की सप्लीमेंट्री चार्जशीट, यूएपीए के तहत केस चलेगा



### पटियाला हाउस कोर्ट में आरोप पत्र दायर किया, 6 पर मामला दर्ज

**1000 पन्नों का आरोपपत्र पेश**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


संसद सुरक्षा चूक मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सोमवार को कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस मामले में अब आरोपियों को दो अगस्त को कोर्ट में पेश किया जाएगा और सुनवाई होगी। इस मामले में दिल्ली के राज्यपाल वीके सक्सेना ने सभी आरोपियों के खिलाफ यूएपीए के तहत केस चलाने की मंजूरी प्रदान कर दी है।

अब पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में आरोप पत्र दायर कर दिया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सात जून को इस मामले में गिरफ्तार सभी छह आरोपियों मनोरंजन डी, ललित झा, अमोल शिंदे, महेश कुमावत, सागर शर्मा और नीलम आजाद के खिलाफ करीब 1000 पन्नों का आरोपपत्र दायर किया था।

### समीक्षा समिति ने भी जांच-पड़ताल की थी

इस मंजूरी से पहले समीक्षा समिति (डीओपी, तीस हजारी, दिल्ली) ने भी 30 मई को जांच एजेंसी द्वारा एकत्र किए गए संपूर्ण साक्ष्यों की जांच की। जांच में संसद हमले के मामले में आरोपियों की संलिप्तता पाई गई थी। इसे देखते हुए समीक्षा समिति ने पाया कि प्रथम दृष्टया आरोपियों के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला बनता है। दिल्ली पुलिस ने लोकसभा में सुरक्षा अधिकारी द्वारा की गई शिकायत पर संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में आईपीसी और यूए (पी) अधिनियम की तहत एफआईआर दर्ज की। बाद में मामले की जांच संसद मार्ग पुलिस स्टेशन से पीएस स्पेशल सेल, नई दिल्ली की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट को स्थानांतरित कर दी गई थी। जांच के दौरान उपरोक्त छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और वर्तमान में वे सभी न्यायिक हिरासत में हैं। अब इनके खिलाफ दिल्ली के उप राज्यपाल ने सख्त कार्रवाई की मंजूरी प्रदान कर दी है। इस संबंध में कोर्ट में पूर पत्र भी पेश कर दिया गया है।

### उपराज्यपाल सक्सेना ने अनुमति प्रदान की



इस मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने छह आरोपियों पर गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति दी है। इन लोगों पर 13 दिसंबर 2023 को सदन की कार्यवाही के दौरान संसद पर कथित रूप से हमला करने का आरोप है।

### अवैध प्रवेश और धुए के केन फेंकने का आरोप

*आरोप है कि मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, नीलम, ललित झा और महेश कुमावत नामक लोगों ने संसद में अवैध प्रवेश किया। सत्र के दौरान लोकसभा में धुएं के केन फेंके। दिल्ली पुलिस ने उपराज्यपाल से यूएपीए की धारा 16 और 18 के तहत उनके अभियोजन का अनुरोध किया था। एलजी ने रिकॉर्ड पर पर्याप्त सामग्री पाए जाने पर अभियोजन स्वीकृति प्रदान की।*

### नीट-यूजी की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने भेजा नोटिस

### राजस्थान हाईकोर्ट का मामला सभी केस शीर्ष कोर्ट में सुने जाएं



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से नीट-यूजी 2024 परीक्षा से संबंधित दायर याचिकाओं पर नोटिस जारी किया। याचिका में राजस्थान हाईकोर्ट के सामने लंबित मामलों को शीर्ष कोर्ट में स्थानांतरित करने की मांग की गई है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं लंबित हैं, जिनमें नीट-यूजी 2024 के नतीजों को रद्द करने और परीक्षा को फिर आयोजित के निर्देश देने की मांग की गई है। याचिकाओं में पेपर लीक होने और कई अन्य गड़बड़ियों के आरोप लगाए गए हैं। याचिकाओं के जरिए अभ्यर्थियों ने शीर्ष अदालत में प्रतिपूरक अंक और परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों में विसंगति का मुद्दा भी उठाया था।

## तेलंगाना एंटी नारकोटिक्स डिपार्टमेंट

# रकुल प्रीत के भाई से 2.6 किलो कोकीन जब्त, 30 लोगों के नाम

### हैदराबाद कमिश्नर करेंगे सभी सदस्यों की जांच पड़ताल और सिफारिश



एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह के भाई अमन प्रीत सिंह को लेकर बड़ी खबर है। हैदराबाद के कोकीन रैकेट में उनका नाम सामने आया है। इस सूची में 30 लोगों के नामों का खुलासा हुआ है। तेलंगाना एंटी नारकोटिक्स डिपार्टमेंट को 2.6 किलो कोकीन मिला है, जिसे बेचने के लिए हैदराबाद लाया गया था।

टीम ने इस रैकेट का भंडाफोड़ किया और 30 संभावित ग्राहकों की पहचान की। (इनमें एक शख्स एक्टर का रिश्तेदार भी है)। ये सभी 30 नाम हैदराबाद कमिश्नर को आगे की जांच पड़ताल के लिए सौंपे गए हैं। अमन स्ट्रगलिंग एक्टर हैं। वे कई म्यूजिक वीडियो में काम कर चुके हैं। उन्हें ट्रैवलिंग का काफी शौक है। अमन को लेकर हुए विवाद पर अभी रकुल और उनकी फैमिली के किसी भी सदस्य की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इसके पहले मुंबई में ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया गया था।

### ड्रग्स केस में रकुल भी फंसी थीं

साल 2020 में सुशांत सिंह राजपूत ड्रग्स केस की जांच के दौरान रकुल का नाम भी सामने आया था। कई एक्ट्रेसेज का नाम इस केस से जुड़ा था। इसमें रकुल भी शामिल थीं। रिया चक्रवर्ती से पूछताछ में उन्होंने सारा अली खान और रकुल प्रीत का नाम लिया था। मीडिया में अपना नाम आने पर एक्ट्रेस ने नाराजगी भी जताई थी। खुद के खिलाफ मीडिया कवरेज रोकने की खातिर उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया था। एक्ट्रेस का कहना था उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। कोर्ट में रकुल के वकील ने दलील देते हुए कहा था कि एक्ट्रेस न ही ड्रिंक करती हैं और न स्मोकिंग।

### मूवीज में काम कर रहीं रकुल

वर्कफ्रंट पर रकुल साउथ और बॉलीवुड मूवीज में काम करती हैं। उनकी पिछली रिलीज फिल्म इंडियन 2 है। उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में मेरी पत्नी का रीमेक, इंडियन 3, दे दे प्यार दे 2 शामिल है। 2024 में रकुल की उनके लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जैकी भगनानी से शादी हुई।

# बच्चों, गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण को सरल बनाने का केंद्र का अभिनव प्रयोग जल्द

### 'यू-विन' एप से जोड़ा जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अब वो दिन दूर नहीं जब एक भी टीका (वैक्सीनेशन) छूटा तो आपका मोबाइल बोल उठेगा। आपके बच्चे को कब कब कौन से टीका लगना है। कब कब कौन सा टीका लग चुका, सब जानकारी आपकी मुट्ठी में होगी।

आपके मोबाइल में दर्ज होगी। एक एप के माध्यम से केंद्र सरकार ऐसे समस्त टीकाकरण अभियान को जोडने की शुरुआत करने जा रही है जिससे देश के हर आम और खास बच्चों के हेल्थ डेवलपमेंट पर सरकार की नजर रहेगी। जिस तरह कोरोना के समय कोविन में हर कोई अपने डिटेल्स दर्ज कर टीकाकरण करा रहा था उसी तरह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय 'यू-विन' नाम से एक मोबाइल एप से जनता को तेजी से जोड़ने का काम शुरू करने जा रहा है। नवजात बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण अभियान ठीक से चले, उनके स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल हो सके, इस रीतिनीति के तहत केंद्र सरकार पहली बार सेंट्रलाइज्ड ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से युद्धस्तर पर मोबाइल धारकों को पहले चरण में जोड़ने जा रही है। ऐसे लोगों का भी उपयुक्त डाटाबेस हो जो अभी भी जीएसएम मोबाइल यूजर्स हैं, या ऐसे नागरिक जो मोबाइल धारक नही हैं, इसके लिए अलग से योजना पर काम हो रहा है। योजना का पायलट प्रोजेक्ट बेहद सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस महीने के अंत तक औपचारिक रूप से योजना का शुभारंभ होने की संभावना है। यू-विन एप के माध्यम से संबंधित व्यक्ति को पंजीकृत करना होगा। उसके बाद टीकाकरण अभियान की जानकारी, आसपास के सेंटर्स, एप्वाइंटमेंट सहित कई जानकारी, सुविधाएं एप से मिलेंगी।

# नड्डा ने एफएसएसएआई की विभिन्न पहलों की समीक्षा की, खाद्य सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर दिया बल



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि साक्ष्य आधारित जानकारी के माध्यम से विभिन्न खाद्य सुरक्षा विषयों पर उपभोक्ताओं और नागरिकों को सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि तभी हमारा काम समग्रता में पूरा होगा। नड्डा नई दिल्ली में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण मुख्यालय में समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों के कल्याण में खाद्य सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और एफएसएसएआई से उपभोक्ताओं, उद्योग और हितधारकों को न केवल नियामक मुद्दों पर बल्कि स्वस्थ खान-पान की आदतों को विकसित करने व्यवहार परिवर्तन पर भी संवेदनशील बनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि नियामक विषय एफएसएसएआई का एक महत्वपूर्ण दायित्व हैं, लेकिन खाद्य सुरक्षा का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर उपभोक्ताओं के साथ संवाद और संवेदनशीलता के साथ ही पूरा हो सकता है। नड्डा ने मोटे अनाज और कोडेक्स मानकों जैसे क्षेत्रों में एफएसएसएआई के नेतृत्व की भी सराहना की। उन्होंने स्ट्रीट वेंडरों को प्रशिक्षित और सुसज्जित करने की उनकी पहल की सराहना की और इस बात पर बल दिया कि उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। "खाद्य सुरक्षा का मुद्दा एफएसएसएआई पर एक बड़ा दायित्व है। हम इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनें। उन्होंने मोटे अनाज के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करने के लिए भी उनकी सराहना की। उन्होंने वैश्विक मानकों को विकसित करने, एक मजबूत परीक्षण अवसंरचना की स्थापना करने और ईट राइट इंडिया अभियान जैसी पहल शुरू करने में एफएसएसएआई के योगदान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने और खाद्य सुरक्षा प्रबंधन को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया। एफएसएसएआई परिसर में एक आम का पौधा भी लगाया। बैठक में समंत्रालय और एफएसएसएआई के अधिकारी उपस्थित थे। क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों के 1000 से अधिक अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए।

## गृहमंत्री शाह ने 3 राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की बात, जाने हाल

# बाढ़-बारिश से बिगड़े हालातों पर हरसंभव मदद देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम, उत्तर प्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्रियों से बात कर तीनों राज्यों में बाढ़ और भारी बारिश से उपजी स्थिति का जायजा लिया।शाह ने असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा से टेलीफोन पर बातचीत की।

इस दौरान उन्होंने राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल से फोन पर बात की। शाह ने स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद मुहैया भरोसा दिया।

### असम, यूपी और गुजरात सीएम से की फोन पर बात



### सैकड़ों जानें जा चुकी

*असम में बाढ़ और बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 109 लोगों की जान जा चुकी है। कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, गोलपाड़ा, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव, नागांव, नलबाड़ी और शिवसागर जिलों में 5,97,600 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में 1,500 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं।*

**हैदराबाद में यात्रियों से भरी कार बही**

हैदराबाद के विभिन्न हिस्सों भारी बारिश हुई। यहां के विभिन्न इलाकों में जम जमाव हो गया। मुशीराबाद इलाके में तो सड़क पर इतना पानी भर गया कि एक कार डूब गई। कार में 4 लोग सवार थे जो पानी में कार के साथ बहने लगे। कार को बहते हुए देख स्थानीय लोगों ने कार को रोका और शीशा तोड़कर उसमें सवार 4 यात्रियों को बचाया गया।

### देश के कई हिस्सों में बारिश का अलर्ट



*मौसम विभाग ने 5 दिन के दौरान कोंकण, गोवा, केरल, तटीय और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक के कुछ भागों और मध्य महाराष्ट्र तथा गुजरात के अलग-अलग हिस्सों में मूसलाधार बारिश की संभावना व्यक्त की है। असम, मेघालय, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों तथा गुरुवार तक उत्तराखंड और पूर्वी राजस्थान में भी तेज बारिश हो सकती है। केरल के 3 जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य के मलप्पुरम, कॉसरगोड जिलों में भारी बारिश की संभावना है। एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, कोझिकोड और वायनाड जमें ऑरेंज अलर्ट किया है।*

## वाल्मीकि कॉरपोरेशन घोटाला

# भाजपा ने कर्नाटक सरकार को बताया कांग्रेस का एटीएम

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में भाजपा ने महर्षि वाल्मीकि जनजातीय विकास निगम में कथित घोटाले के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया।

भाजपा नेताओं ने सरकार के खिलाफ विधानसभा तक विरोध मार्च निकाला। कर्नाटक में महर्षि वाल्मीकि जनजातीय विकास निगम में कथित तौर पर 180 करोड़ रुपए से ज्यादा का घोटाला हुआ है। एसआईटी द्वारा इसकी जांच-पड़ताल की जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट ने शिवकुमार की याचिका खारिज की



सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को झटका दिया है। कोर्ट ने शिवकुमार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपने ऊपर आय से अधिक संपत्ति के कथित मामले में सीबीआई की ओर से दर्ज केस को रद्द करने की मांग की थी। शिवकुमार ने मामले के भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज किए जाने पर आपत्ति जताई थी।

# जोमैटो के प्लैटफॉर्म फीस बढ़ाते ही सीईओ दीपिंदर सिंह गोयल बन गए अरबपति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फ़ूड डिलीवरी स्टार्टअप के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर सिंह गोयल अरबपति बन गए हैं। हाल ही में जोमैटो ने अपने प्लैटफार्म फीस में 20 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। वहीं, जुलाई 2023 के निचले स्तर से जोमैटो के शेयरों में 300 प्रतिशत की उछाल ने उन्हें बिलेनियर क्लब में एंट्री दिला दी। फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर इंडेक्स में दीपिंदर गोयल का नेटवर्थ 1.4 अरब डॉलर है। दुनिया के अमीरों की ताजा लिस्ट में गोयल 2173वें पायदान पर हैं। जोमैटो के शेयर ने एनएसई पर 232 रुपए का नया रिकॉर्ड बनाया और शुरुआती कारोबार में 3 प्रतिशत तक की बढ़त हासिल की, जिससे इसका मार्केट कैप 2 ट्रिलियन रुपए से अधिक हो गया।

■ फीस बढ़ोतरी से कंपनी के शेयरों में उछाल दर्ज किया गया

## जोमैटो ने प्लैटफार्म फीस में 20 फीसदी की बढ़ोतरी की

### जोमैटो शेयर प्राइस हिस्ट्री

आज एनएसई पर जोमैटो के शेयर 225 रुपये पर खुले और 232 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। 23 जुलाई 2021 को शेयर का मूल्य 126 रुपए से बढ़कर अब इस मुकाम तक पहुंचा है। इस अवधि में इसमें 80 फीसदी से अधिक की उछाल दर्ज किया गया है। इसका 52 हफ्ते का लो 76.50 रुपए है। पिछले एक साल में इस स्टॉक ने 183 फीसदी का रिटर्न दिया है। जबकि इस साल अब तक इसमें 82 फीसदी से अधिक की बढ़त रही है।




### प्लेटफॉर्म शुल्क 6 रुपए की

बता दें शेयर ने कंपनी के अपने प्लैटफार्म शुल्क को 5 रुपए से बढ़ाकर 6 रुपए करने की घोषणा के बाद बढ़त हासिल की, जो पहले 5 रुपए था। नई फीस दिल्ली और बेंगलुरु के चुनिंदा मार्केट में लागू होगी। इससे कंपनी की प्रॉफिटीबिलिटी पर थोड़ा सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

### गोयल के पास कंपनी के 4.24 फीसदी हिस्सेदारी

खबर के मुताबिक इसके साथ ही जोमैटो के 41 वर्षीय संस्थापक और भारत के सबसे अमीर पेशेवर प्रबंधक बन गए हैं। इनकी कुल संपत्ति 8,300 करोड़ रुपए से अधिक है। गोयल के पास कंपनी के 36.95 करोड़ शेयर या कुल 4.24 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### बिलेनियर क्लब तक का सफर

मिडिल क्लास फैमिली से आने वाले गोयल ने मैथ्स और कंप्यूटर में आईआईटी दिल्ली से ग्रेजुएशन किया था। फूड के प्रति अपने जुनून से प्रेरित होकर उन्होंने सुविधाजनक भोजन ऑर्डर करने के लिए एक ऐप बनाया। बेन एंड कंपनी में रहते हुए उन्होंने फूडीबाय डॉट कॉम की स्थापना की। इसे बाद में फूड ऑर्डरिंग प्रोसेस को स्ट्रीलाइन करने की क्षमता को पहचानने के बाद जोमैटो डॉट कॉम का नाम दिया गया। साल 2011 में इन्फो एज से शुरुआती फंडिंग के साथ गोयल और उनकी टीम ने जोमैटो के ग्रोथ पर फोकस करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी। कंपनी 2018 में एक यूनिकॉर्न बन गई।

**सूचना**

मैं, कृष्ण पाल सिंह पुत्र स्व. श्री लहरी सिंह निवासी डी-30/804, ईस्ट गोकलपुर दिल्ली-110094 बयान करता हूं कि आईसीआईसीआई बैंक द्वारा जारी किया गया मेरा फील्ड एग्जीक्यूटिव आईडी कार्ड (आईडी नं. 0845080333) कहीं गुम हो गया है। मो. नं. 9990515868

## सेबी सात कंपनियों की 19 संपत्तियां करेगी नीलाम

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी मंगलम एग्रो प्रोडक्ट्स, सन प्लांट बिजनेस लिमिटेड और सुमंगल इंडस्ट्रीज समेत सात कंपनियों की 19 संपत्तियों की 12 अगस्त को नीलामी करेगा। अवैध रूप से एकत्र की गई धनराशि को वसूलने के सेबी के प्रयासों का हिस्सा है। नीलामी 12 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर एक बजे तक ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। सेबी ने सुमंगल इंडस्ट्रीज, सनहेवन एग्रो इंडिया, रविकिरण रियल्टी इंडिया, मंगलम एग्रो प्रोडक्ट्स, पुरुषत्तम इन्फोटेक इंडस्ट्रीज, जीवन साथी ड्रीम प्रोजेक्ट्स और सन प्लांट बिजनेस तथा उनके प्रवेर्तकों/निदेशकों के खिलाफ वसूली कार्यवाही में संपत्तियों की बिक्री के लिए बोलियां आमंत्रित कीं। सेबी ने नीलामी में सहायता के लिए एड्रोइट टेक्निकल सर्विसेज को नियुक्त किया है।

### लगातार चौथा माह जब थोक मुद्रास्फीति बढ़ी

# सब्जियों के दाम चढ़ने से थोक महंगाई दर जून में बढ़कर 16 महीने के उच्चस्तर 3.36 फीसदी पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जियों और विनिर्मित उत्पादों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति जून महीने में बढ़कर 16 महीने के उच्चस्तर 3.36 प्रतिशत पर पहुंच गयी।

यह लगातार चौथा महीना है जब थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.61 प्रतिशत के स्तर पर थी। जून, 2023 में यह शून्य से 4.18 प्रतिशत नीचे रही थी। थोक महंगाई दर फरवरी, 2023 में 3.85 प्रतिशत थी।

### तेल तथा तेल से विनिर्मित वस्तुओं के दाम बढ़े

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को बयान में कहा, 'जून, 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल तथा अन्य विनिर्मित वस्तुओं आदि की कीमतों में वृद्धि है। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जून में 10.87 प्रतिशत बढ़ी, जबकि मई में यह 9.82 प्रतिशत थी।



- सब्जियों व विनिर्मित उत्पादों के दाम बढ़े
- खाद्य पदार्थ, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के दाम चढ़े
- सब्जियों की महंगाई दर जून में 38 .76 प्रतिशत रही

### कच्चे तेल की कीमत अस्थिर रही

नायर ने तेल की कीमतों के संबंध में कहा, 'भारत के लिए कच्चे तेल की औसत कीमत जुलाई, 2024 में अबतक काफी अस्थिर रही है। मांग-आपूर्ति में अंतर के कारण, मासिक आधार पर वृद्धि देखी जा रही है।'उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें चालू महीने में थोक मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ा सकती हैं।

*ईंधन और बिजली हुई मामूली महंगी: ईंधन और बिजली की महंगाई दर 1.03 प्रतिशत रही। यह मई के 1.35 प्रतिशत से मामूली कम है। हालांकि, माह के दौरान कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की मूल्य वृद्धि दहाई अंक में 12.55 प्रतिशत रही। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति जून में 1.43 प्रतिशत थी, जो मई के 0.78 प्रतिशत से अधिक है।*

### खुदरा मुद्रास्फीति पांच फीसदी से ऊपर पहुंची

जून में थोक महंगाई दर में वृद्धि खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के अनुरूप थी। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गई है। भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है।

### प्याज की महंगाई दर 93 फीसदी रही

सब्जियों की महंगाई दर जून में 38.76 प्रतिशत रही, जो मई में 32.42 प्रतिशत थी। प्याज की महंगाई दर 93.35 प्रतिशत जबकि आलू की महंगाई दर 66.37 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर जून में 21.64 प्रतिशत रही। आलोच्य महीने में फलों की मुद्रास्फीति 10.14 प्रतिशत, अनाज 9.27 प्रतिशत और दूध की महंगाई दर 3.37 प्रतिशत रही।

### सभी प्रमुख क्षेत्रों के दाम बढ़े

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि जून, 2024 में थोक मुद्रास्फीति में वृद्धि व्यापक थी। ईंधन और बिजली को छोड़कर सभी प्रमुख क्षेत्रों में दाम बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि अनुकूल तुलनात्मक आधार के साथ-साथ वैश्विक जिंस कीमतों में कुछ नरमी के कारण जुलाई, 2024 में थोक मुद्रास्फीति लगभग दो प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है।

## सुप्रीम कोर्ट का अदाणी समूह पर अपने फैसले की समीक्षा से इंकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अदाणी समूह पर शेयरों की कीमतों में हेराफेरी के संबंध में लगे आरोपों की जांच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल को सौंपने से इनकार करने के अपने तीन जनवरी के फैसले की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने तीन जनवरी के फैसले के खिलाफ जनहित याचिका दायर करने वालों में शामिल अनामिका जायसवाल की तरफ से दायर समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने पांच मई के अपने आदेश में कहा, ''समीक्षा याचिका पर गौर करने के बाद रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं दिखाई देती है। उच्चतम न्यायालय नियम 2013 के आदेश 47 नियम एक के तहत समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है। लिहाजा समीक्षा याचिका खारिज की जाती है।''इस याचिका पर न्यायाधीशों ने चैंबर में विचार किया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रामपुर बाघेलान जिला सतना (म.प्र.)**

प्रकरण क्र.

1. अरविंद तिवारी तनय शिवप्रसाद तिवारी उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम मनकहरी तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र., 2. प्रभा देवी पुत्री स्व. जनार्दन प्रसाद द्विवेदी पत्नी विष्णु प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम पाल तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र..........अपीलार्थीगण बनाम

1. सरोज देवी पुत्री जनार्दन प्रसाद पत्नी राजीव लोचन तिवारी निवासी ग्राम जनार्दनपुर तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र. 2. तेजभान तनय विशेषर प्रसाद द्विवेदी उम्र 87 वर्ष पेशा कृषि निवासी ग्राम जनार्दनपुर तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र. 3. हरीश कुमार तनय श्री नर्वदा प्रसाद द्विवेदी उम्र 77 वर्ष पेशा सेवानिवृत्त शिक्षक, निवासी प्रेमनगर पावर हाउस के पास सतना म.प्र. 4. संतोष कुमार तनय स्व. श्री नर्वदा प्रसाद द्विवेदी (जायज) वारिस - क- सुधा द्विवेदी पत्नी स्व. संतोष कुमार द्विवेदी उम्र 73 वर्ष, ख- निकेश द्विवेदी तनय स्व. संतोष कुमार द्विवेदी उम्र 45 वर्ष, दोनों निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी उतैली सतना जिला सतना म.प्र. 5. चन्द्रलेखा पत्नी श्री विनोद द्विवेदी उम्र 63 वर्ष निवासी पुराना टिकरापारा खैरागढ़ जिला राजनादगांव छ.ग. 6. संजय तनय विनोद द्विवेदी उम्र 48 वर्ष निवासी बड़ी दरगाह के पास अमहिया जिला रीवा म.प्र. 7. विजय तनय स्व. विनोद द्विवेदी उम्र 43 वर्ष निवासी पुराना टिकरापारा खैरागढ़ जिला राजनादगांव छ.ग. 8. सुशीला पत्नी स्व. जमुना प्रसाद द्विवेदी उम्र 88 वर्ष निवासी एम.आई.जी. प्रथम मकान नं. 91 दीनदयालपुरम उतैली सतना जिला सतना म.प्र. (फौत) 9. मनोज तनय स्व. जमुना प्रसाद द्विवेदी पेशा नौकरी इंटलीजेंस आफीसर निवासी मार्फत 56 एम.पी.ओ.आई.टी.जी.एफ. नई दिल्ली 10. श्रीकृष्ण तनय स्व. जमुना प्रसाद द्विवेदी पेशा नौकरी निवासी एम.आई.जी. प्रथम मकान नं. 91 दीनदयालपुरम उतैली सतना जिला सतना म.प्र. 11. सरला पुत्री स्व. जमुना प्रसाद द्विवेदी पत्नी जगतबहादुर सिंह तिवारी निवासी ग्राम मनिकवार तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा म.प्र. 12. शान्ती देवी पत्नी स्व. रामकृपाल द्विवेदी उम्र वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी उतैली गुप्ता आटा चक्की के पास सतना जिला सतना म.प्र. 13. दिनेश तनय स्व. रामकृपाल द्विवेदी उम्र 67 वर्ष निवासी दीनदयालधाम पड़रा मकान नं. 44, 45 एल.आई.जी. रीवा जिला रीवा म.प्र. 14. उमेश तनय स्व. रामकृपाल द्विवेदी उम्र 51 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी उतैली गुप्ता आटा चक्की के पास सतना जिला सतना म.प्र. 15. नीरज तनय स्व. रामकृपाल द्विवेदी उम्र 48 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी उतैली गुप्ता आटा चक्की के पास सतना जिला सतना म.प्र. रेस्पां.गण

सूचित किया जाता है कि उन्मानित अपील मेरे न्यायालय में अपीलार्थीगण द्वारा तहसीलदार रामपुर बाघेलान म.प्र. के रजिस्ट्रेशन क्र. 0012/ए27 (2)/2017-18 रा.प्र.क्र. 36अ 27/17-18 में पारित आदेश दिनांक 31.03.2022 के विरुद्ध प्रस्तुत की गई है, समन तामीली के पश्चात भी आप रेस्पां. गण स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं हुए हैं, अपीलार्थीगण की ओर से तलवी हेतु प्रकाशन का निवेदन किया गया, जिसे स्वीकार किया गया, इसलिए समाचार पत्र प्रकाशन के माध्यम से आप रेस्पां गण को आदेशित किया जाता है कि आगामी पेशी दिनांक 30.07.2024 को मेरे न्यायालय के समक्ष सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसे प्रकरण के संबंध में सम्पूर्ण तथ्यों की मालुमात हो उपस्थित होवें अन्यथा की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर अपील का निराकरण कर दिया जायेगा, अपील में अनुपस्थिति की जिम्मेदारी इस सूचना / प्रकाशन के पश्चात आप रेस्पां.गण की होगी। प्रकाशन की सूचना मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी की गई।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
रामपुर बाघेलान
जिला-सतना (म.प्र.)

रामपुर बाघेलान
दिनांक- 11.07.2024

**मेरा किया जो काटे उसे इनाम**

सभी समस्याओं का समाधान

गुरू शान भारती

स्पेशलिस्ट : मनचाहा वशीकरण, नौकरी, कारोबार, गृहक्लेश, प्रेमविवाह, संतान प्राप्ति, शादी, तलाक, किया-कराया, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, मुकदमा, कैरियर, विदेश यात्रा आदि।

यदि आपका ज्योतिष, पंडित या तांत्रिक से विश्वास उठ गया हो तो एक बार अवश्य फोन करें।

9821413060

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सेंसेक्स 145 अंक चढ़कर सर्वकालिक उच्चस्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई




स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 145 अंक से अधिक की तेजी के साथ नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। निफ्टी भी नये शिखर पर पहुंच गया। कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 145.52 अंक की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 80,664.86 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 84.55 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,586.70 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 132.9 अंक की बढ़त के 24,635.05 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बजट को लेकर सकारात्मक रुख के साथ घरेलू बाजार में तेजी बनी हुई है। इसके अलावा मजबूत एफआईआई प्रवाह और आईटी कंपनियों के उम्मीद से बेहतर वित्तीय नतीजों से भी बाजार को बढ़त मिल रही है।'

## सोना 50 रुपए मजबूत, चांदी में 500 रुपए की गिरावट

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में सोने की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय बाजार में आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 50 रुपये की मजबूती के साथ 75,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, शनिवार को सोना 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। संघ ने कहा कि घरेलू मांग में तेजी के बीच सोने की कीमतों में मजबूती रही। हालांकि, वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख से इसके लाभ पर कुछ अंकुश लगा। इसके अतिरिक्त, चांदी की कीमत 500 रुपये के नुकसान के साथ 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। इससे पिछले सत्र में चांदी 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 3.51 डॉलर घटकर 2,407.92 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार पर रहा।

**पहचान की अपील**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष **नामः अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, निवासीः अज्ञात को सेक्टर-6, वेस्ट मेट्रो स्टेशन के पास मृत में पाया गया था। रोहिणी, बीएसए अस्पताल के पास, सेक्टर-6, रोहिणी दिल्ली से 18-06-2024 को शाम 4:38 बजे** पाया गया। इस संबंध **में डीडी नंबरः 61ए द्वारा दिनांक 18-06-2024 को थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** में मामला दर्ज कराया गया है।



**शव का विवरण इस प्रकार हैः**

**नामः** अज्ञात, **लिंगः** पुरुष, **उम्रः** लगभग 45 वर्ष, **रंगः** गहरा, **ऊंचाईः** 5'7", **पहनावाः** गहरे भूरे रंग की पैंट और सफेद रंग की चेक शर्ट और नंगे पैर।

स्थानीय पुलिस द्वारा मृतक का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है। यदि किसी को मृतक के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली
फोन न. 8750870330

DP/9170/RD/2024

## राशिफल

- **मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।
- **वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
- **मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।
- **कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।
- **सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।
- **कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।
- **तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।
- **वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।
- **धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।
- **मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।
- **कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।
- **मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## 'दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत' के चुनाव संपन्न

**नई दिल्ली।** दिल्ली के 360 गावों की मूल आबादी की एकमात्र प्रतिनिधि सामाजिक संस्था 'दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत' के वार्षिक चुनाव आज रोहिणी सिटी सेंटर, सेक्टर -10 रोहिणी में समाजसेवी श्री नरेश राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुए। इस चुनाव में पूर्व उपकुलपति प्रोफेसर (डा) राजबीर सोलंकी को अध्यक्ष, नरेश डबास (कार्यकारी अध्यक्ष) डॉ.दयानंद वत्स भारतीय (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी), प्रोफेसर हंसराज सुमन ((महामंत्री), डॉ. अमित सिंह (उपाध्यक्ष),श्री रामकुमार टोकस (सचिव)प्रो.मनोज कुमार कैन (संगठन मंत्री), डॉ.अनिल कुमार( सह-सचिव)श्री धीरज पवार (कोषाध्यक्ष)चुने गए। पंचायत के प्रवक्ता मीडिया प्रभारी और वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने कहा कि पंचायत ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया कि सरकार तत्काल हरियाणा सरकार की तर्ज पर दिल्ली के गांवों में भी प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना लागू करें और दिल्ली के गांवों को लाल डोरा फ्री करने।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी के आईएनएस टावर्स, बी-विंग का मुंबई में उद्घाटन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी, मुंबई के प्रतिष्ठित बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में स्थित आईएनएस टावर्स, बी-विंग का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस एवं उपमुख्यमंत्री अजीत पवार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, उद्योग जगत के नेता और प्रिंट मीडिया समूह के सदस्य उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह की शुरुआत पट्टिका के औपचारिक अनावरण के साथ हुई, जिसके बाद इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी के अध्यक्ष राकेश शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिसके बाद प्रधानमंत्री का संबोधन हुआ। आईएनएस के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने प्रधानमंत्री से स्व-घोषणा प्रमाणपत्र के हालिया मुद्दे के साथ-साथ वित्त मंत्री के साथ हालिया बातचीत के दौरान उठाए गए मुद्दों पर भी गौर करने का आग्रह किया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सिरसा | कीर्ति नगर वार्ड नं. 10 में गंगोत्री स्कूल, कन्नु फास्टफूड से शंकर लाल के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण + 5 कार्य। | 13.07.2024 18.07.2024 | 87.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466676699 secymc.sirsa@gmail.com |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27816/1/88/7 दि. 15.07.24

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NIT NO 27/CWD-VOI- XVII/HVPN/ 2024-25 ONLINE TENDER ID NO 2024_HBC_385153_1 | बोली खुलने की तिथि 12.07.2024 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 22.07.2024 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | E-TENDER NOTICE NO 02/XEN/ TS/SRS/2024-25 DATED 24.06.2024 ONLINE TENDER ID 2024_HBC_383455_1 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 18.07.2024 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है, खुलने की तिथि 27.06.2024 (11.45 बजे)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27820/1/88/7 दि. 15.07.24

## शब्द पहेली - 5573




**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 5572 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | त | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | थ | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | रा | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | रा | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |





**गोल स्कोर**
स्पेन
निको विलियम्स 47वां
कोल पामर 73वां
इंग्लैंड
मिकेल ओयारजाबल 87वां

# यूरोपियन चैंपियनशिप की सबसे सफल टीम बनी स्पेन
# लामिने यमाल ने पेले का 66 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

## स्पेन की टीम 1964, 2008, 2012 और अब 2024 में भी बनी चैंपियन

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

स्पेन ने यूरोपियन चैंपियनशिप (यूरो कप) 2024 के फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 2-1 से हराने के साथ ही रिकॉर्ड चौथी बार इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। यूरो कप की ट्रॉफी सर्वाधिक बार जीतने का रिकॉर्ड अब स्पेन के नाम हो गया है।



इससे पहले स्पेन और जर्मनी ने एक समान तीन-तीन बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था, लेकिन अब स्पेन इस चैंपियनशिप की सबसे सफल टीम बन गई है। स्पेन की टीम 1964, 2008 और 2012 में भी चैंपियन रही है। वहीं, इंग्लैंड की टीम का 58 साल का इंतजार अब तक समाप्त नहीं हो सका है।

बर्लिन के ओलंपियास्टेडियन में खेले गए यूरो कप के फाइनल मुकाबले अंतिम क्षणों में मिकेल ओयारजाबल ने 87वें मिनट में मार्क कुकुरेला के क्रॉस पर गोल दागा जो अंत में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले, स्पेन और इंग्लैंड के बीच पहले हॉफ तक मुकाबला गोल रहित रहा था, लेकिन 47वें मिनट में स्पेन के निको विलियम्स ने लामाइन यमल से मिले पास पर गोल दागकर टीम को बढ़त दिला दी। इंग्लैंड ने भी बराबरी की काफी कोशिश की और उसे 73वें मिनट में सफलता मिली जब स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे कोल पामर ने गोल दागा। इसके बाद दोनों टीमों ने बढ़त लेने की कोशिश की और एक समय लगा कि मैच में अतिरिक्त समय में जाएगा, लेकिन ओयारजाबल ने बिना कोई गलती किए गोल दागा और टीम को जीत दिलाने में सफल रहे।



### छह को गोल्डन बूट अवार्ड

इंग्लैंड के स्ट्राइकर हैरी केन समेत छह खिलाड़ियों ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में सर्वाधिक तीन गोल करके गोल्डन बूट जीता। केन के अलावा स्पेन के दानी ओल्मो, जर्मनी के जमाल मुसियाला, नीदरलैंड के कोडी गाकपो, स्लोवाकिया के इवान शरांज और जॉर्जिया के जॉर्जेस एम ने भी तीन तीन गोल किया। यूएफा ने स्पेन के मिडफील्डर रोड्री को 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' खिलाड़ी चुना।

### 17 साल के यमाल ने रचा इतिहास

स्पेन के लामिने यमाल इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल मुकाबले में उतरने के साथ ही किसी बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी पेले का 66 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ डाला। यमाल जब यूरो कप 2024 का फाइनल खेलने उतरे तो उनकी उम्र 17 साल एक दिन थी, जबकि 1958 में फीफा विश्व कप का फाइनल खेलते समय पेले की उम्र 17 साल 249 दिन थी।

### यमाल सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी

स्पेन फुटबॉल की नई सनसनी लामिने यमाल को उनके 17वें जन्मदिन के एक दिन बाद यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। उन्होंने कहा, 'मुझे जन्मदिन पर इससे बेहतर तोहफा नहीं मिल सकता था। यह सपना सच होने जैसा है।' वह यूरो चैंपियनशिप खेलने वाले, इसमें गोल करने वाले और फाइनल खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने। उन्होंने पहली बार यूरो चैंपियनशिप खेलते हुए एक गोल किया और चार में सहायक रहे।

# मेसी ने जीता रिकॉर्ड 45वां खिताब
# अर्जेंटीना कोपा अमेरिका चैंपियन



एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

अर्जेंटीना ने कोलंबिया को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से हराकर रिकॉर्ड 16वीं बार कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। दोनों टीमों के बीच यह मैच काफी करीबी जहां जहां निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकी थीं।

इसके बाद स्टॉपेज टाइम में भी मुकाबला गोल रहित रहा, लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे लाउटारो मार्टिनेज ने अतिरिक्त समय में गोल दाग टीम को बढ़त दिलाई जो अंत तक बरकरार रही।

### मार्टिनेज ने दागा 5वां गोल

मार्टिनेज का यह टूर्नामेंट का पांचवां गोल था और वह गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे रहे। फीफा विश्व कप जीतने के बाद अर्जेंटीना का यह लगातार तीसरा खिताब है। अर्जेंटीना ने इससे पहले 2021 कोपा अमेरिका और 2022 विश्व कप भी जीता था।

### चोटिल मेसी को जाना पड़ा बाहर

फाइनल मुकाबले में चोट के कारण मेसी को मैदान से बाहर जाना पड़ा। इस कारण मेसी दुखी हो गए और बेंच पर बैठते समय अपने आंसू नहीं रोक सके। मैच के 64वें मिनट में मेसी को चोट लग गई। कुछ देर तक ट्रेनर्स ने उनका हाल जाना, लेकिन अंत में इस स्टार खिलाड़ी को स्बस्टीट्यूट होने के लिए मजबूत होना पड़ा।

### कोलंबिया का थमा अभियान

अर्जेंटीना ने इस जीत के साथ ही कोलंबिया का लगातार 28 मैचों से चला आ रहा विजयी अभियान भी रोक दिया है। कोलंबिया फरवरी 2022 के बाद से अजेय चल रही थी।

### मेसी ने दानी आल्वेज का रिकार्ड तोड़ा

अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने अपने खाते में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ ली है। मेसी ने दूसरी बार कोपा अमेरिका कप का खिताब जीता। इस जीत के साथ ही लियोनेल मेसी ने ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की। लियोनेल मेसी दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉलर बन गए हैं। मेसी ने क्लब और देश के साथ कुल मिलाकर 45 ट्रॉफी अपने खाते में जोड़ी। उन्होंने ब्राजील के दानी आल्वेज का रिकॉर्ड ध्वस्त किया।

## खबर संक्षेप



### यह अच्छी बात है कि सभी रन बना रहे हैं

**हरारे।** जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 श्रृंखला में मिली जीत के बाद भारतीय टी20 टीम में सलामी बल्लेबाज की भूमिका के लिए प्रतिस्पर्धा कड़ी हो गई है और इस क्रम के दावेदारों में शामिल शुभमन गिल ने इसे टीम के लिए अच्छा बताया।

# सात्विक-चिराग को ओलंपिक के लिए मिला अनुकूल ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की स्टार पुरुष युगल टीम को 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में अनुकूल ड्रॉ मिला है। थॉमस कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे सात्विक (23 वर्ष) और चिराग (27 वर्ष) की जोड़ी को तीसरी वरीयता मिली है।

स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी को ग्रुप सी में रखा गया है जहां फजर अल्फियां और मोहम्मद रियान एरदियांतो की इंडोनेशिया की छठे



नंबर की जोड़ी उनकी सबसे कड़ी प्रतिद्वंद्वी होगी। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग की जोड़ी को ग्रुप चरण में मार्क लैम्सफस और मर्विन सीडल की जर्मनी की 31वें नंबर की जोड़ी और लुकास कोर्वी तथा रोनन लेबर की फ्रांस की दुनिया की 43वें नंबर की जोड़ी से भी भिड़ना है।

ड्रॉ में जोड़ियों की संख्या को लेकर खेल पंचाट (कैस) की सुनवाई के कारण शुक्रवार को पुरुष युगल ड्रॉ स्थगित कर दिया गया था। पुरुष ड्रॉ में शुरुआती 16 की जगह अब 17 जोड़ियां होंगी।

### पंड्या का वड़ोदरा पहुंचने पर शानदार स्वागत

**वड़ोदरा।** भारत की टी20 विश्व कप की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का सोमवार को अपने गृह नगर वडोदरा पहुंचने पर शानदार स्वागत किया गया। हार्दिक के प्रशंसकों ने उनके स्वागत के लिए यहां जमकर तैयारी की थी जिससे मुंबई के मरीन ड्राइव से प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम तक भारतीय टीम की खुली छत वाली बस परेड की याद ताजा हो गई। हार्दिक ने भारतीय टीम की जर्सी पहन रखी थी और वह बेहद खुश नजर आ रहे थे। उन्होंने प्रशंसकों की तरफ हाथ हिलाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया।



# टेटे दल में खिलाड़ियों से ज्यादा सहयोगी स्टाफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जर्मनी के सारब्रकेन में पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटी भारतीय टेबल टेनिस टीम में खिलाड़ियों से ज्यादा संख्या सहयोगी स्टाफ की है। ओलंपिक से पहले तीसरी बार भारत के मुख्य कोच के तौर पर लौटे इटली के मास्सिमो कोंस्टेंटिनी के साथ राष्ट्रीय कोच के तौर पर पूर्व खिलाड़ी सौरव चक्रवर्ती हैं। इसके अलावा सरकार ने टीम के साथ जाने के लिए चार निजी कोचों को मंजूरी दी है चूंकि महिला टीम की तीनों सदस्य निजी कोच ले जाना चाहती हैं। नौ सदस्यीय सहयोगी स्टाफ में दो मालिशिए और एक फिजियो भी हैं जबकि छह खिलाड़ी (तीन महिला और तीन पुरुष) टीम में हैं। स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ अपने निजी कोच लेकर जाएंगी। तीन सदस्यीय पुरुष टीम में भारत के ध्वजवाहक अचंता शरत कमल के साथ उनके कोच क्रिस पेइफेर होंगे।



### एक दिन में सर्वाधिक मैच खेलने का बनेगा रिकॉर्ड



**मुंबई।** शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे 20 जुलाई को यहां होने वाले अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में एक दिन में शतरंज की सबसे अधिक बाजियां खेलने का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेगी। टूर्नामेंट में 350 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। नौ दौर का यह टूर्नामेंट 10 प्लस पांच टाइम कंट्रोल प्रारूप में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट का आयोजन फीनिक्स मार्केटसिटी मॉल और चेसबेस इंडिया अखिल भारतीय शतरंज महासंघ और फिडे के सहयोग से कर रहे हैं। टूर्नामेंट की इनामी राशि एक लाख रुपए है जबकि प्रतिभागियों को 300 रुपए का प्रवेश शुल्क देना होगा।

# विंबलडन चैंपियन क्रेजिकोवा की शीर्ष 10 में वापसी, अल्काराज़ तीसरे स्थान पर बरकरार

एजेंसी ▶▶| लंदन

विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए रैंकिंग में फिर से शीर्ष 10 में शामिल हो गई हैं जबकि महिला एकल की उपविजेता जैस्मीन पाओलिनी अपने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग पर पहुंच गईं।

क्रेजिकोवा ने शनिवार को फाइनल में पाओलिनी को 6-2, 2-6, 6-4 से पराजित करके अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। इस जीत से चेक गणराज्य की 28 वर्षीय खिलाड़ी 22 पायदान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर पहुंच गईं।



पुरुषों के वर्ग में कार्लोस अल्काराज़ लगातार दूसरी बार विंबलडन चैंपियन बनने के बावजूद पहले की तरह तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। यानिक सिनर इस प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए थे, लेकिन इसके बावजूद वह विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं। अल्काराज ने फाइनल में नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 (4) से हराया था। जोकोविच पहले की तरह दूसरे नंबर पर काबिज हैं। महिला वर्ग में इगा स्वियातेक पहले की तरह शीर्ष पर बनी हुई हैं।

# अनाहत और बावा ने क्वार्टर में बनाई जगह



*नई दिल्ली। भारत की अनाहत सिंह और शौर्य बावा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमशः लड़कियों और लड़कों के एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत ने प्री क्वार्टर फाइनल में जापान की अकारी मिडोरिकावा को 11-6, 13-11, 11-2 से हराया। यह 16 वर्षीय खिलाड़ी अंतिम आठ में मिस्र की नादियन एल्हममी से भिड़ेंगी। लड़कों के वर्ग में बावा ने अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टबिल्स को 11-9, 5-11, 11-5, 13-11 से पराजित करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।*

### विराट कोहली ने दी ओलंपिक खिलाड़ियों को शुभकामना

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार विराट कोहली ने देशवासियों से भारत के ओलंपिक दल की हौसलाअफजाई का आग्रह करते हुए कहा कि 26 जुलाई से पेरिस में शुरू हो रहे ओलंपिक में पदक के लिए जोर आजमाइश करने जा रहे खिलाड़ियों का उनके साथ सभी समर्थन करें। कोहली ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत को खेलों की महाशक्ति के रूप में जाना जाए। वीडियो में ओलंपिक में भारत की पदक उम्मीद भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निशांत देव शामिल है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **मोहम्मद वसीम, पुत्रः** स्वर्गीय जहीर, **पताः** मकान नं. 36 जनता कॉलोनी वेलकम, दिल्ली ने **FIR No. 568/2019, U/s 25/54/59 A.Act, पुलिस थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद वसीम,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद वसीम,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद वसीम,** केस **FIR No.568/2019, U/s 25/54/59 A.Act, पुलिस थाना जाफराबाद, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.08.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना
महानगर दण्डाधिकारी–05
कमरा नं. 07 शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/9058/NE/2024
(Court Matter)


### चैंपियंस ट्रॉफी : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने की मांग
# बीसीसीआई लिखित में दे कि सरकार ने अनुमति नहीं दी

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि बीसीसीआई इस बात का लिखित सबूत दे कि भारत सरकार ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सुरक्षा कारणों से टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। पीसीबी के एक सूत्र ने यह बात कही। मेजबान बोर्ड चाहता है कि मामला जल्दी से सुलझाया जाए क्योंकि टूर्नामेंट अगले साल फरवरी मार्च में होना है।आईसीसी की सालाना कांफ्रेंस 19 जुलाई को कोलंबो में होगी जिसमें 'हाइब्रिड मॉडल' पर चर्चा एजेंडे में नहीं है। इसके तहत भारतीय टीम अपने मैच यूएई में खेलेगी। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, 'अगर भारत सरकार ने अनुमति नहीं दी है तो उसे लिखित में देना होगा और बीसीसीआई को चाहिए कि आईसीसी को वह पत्र तत्काल दे। हम लगातार कह रहे हैं कि बीसीसीआई पांच छह महीने पहले टूर्नामेंट के लिए टीम के पाकिस्तान जाने के बारे में आईसीसी को लिखित में सूचित करे।' बीसीसीआई हमेशा से कहता आया है कि पाकिस्तान में खेलने का फैसला सरकार का होगा और 2023 वनडे एशिया कप में भी भारत के मैच हाइब्रिड मॉडल पर श्रीलंका में खेले गए थे।



### अनुबंध के समय में कटौती करेगा पीसीबी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को अपने केंद्रीय अनुबंध का समय तीन साल से घटाकर एक साल करने का फैसला किया लेकिन खिलाड़ियों के वेतन में कटौती नहीं की जाएगी। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी द्वारा लाहौर में बुलाई गई बैठक में यह फैसले किए गए। बैठक में पाकिस्तान के टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी, सीमित ओवरों के कोच गैरी कर्स्टन, चयनकर्ता मोहम्मद यूसुफ और असद शाफिक, सहायक कोच अजहर महमूद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

### पीसीबी ने सौंपा शेड्यूल

पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंप दिया है जिसमें भारत के सारे मैच, सेमीफाइनल और फाइनल लाहौर में होंगे। भारत और पाकिस्तान का मैच एक मार्च को होना है। टूर्नामेंट 19 फरवरी को कराची में शुरू होगा और फाइनल नौ मार्च को लाहौर में होगा। फाइनल में एक दिन रिजर्व का होगा। बीसीसीआई सूत्रों की माने तो टीम पाकिस्तान नहीं जाने वाली और ऐसी दशा में आईसीसी प्रबंधन अतिरिक्त बजट आवंटन कर सकता है।


**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि / संचालन अवधि में बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया गया हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | पूर्व अविसूचित तिथि | आवृत्ति | चलने के दिन | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 02393 पटना जं.–नई दिल्ली सुपरफास्ट विशेष | 31.07.24 | 6 दिन | गुरूवार छोड़कर | 02.08.24 से 30.09.24 तक |
| 02394 नई दिल्ली–पटना जं. सुपरफास्ट विशेष | 01.08.24 | 6 दिन | शुक्रवार छोड़कर | 03.08.24 से 01.10.24 तक |
| 02397 गया जं–आनन्द विहार टर्मि. विशेष | 31.07.24 | 6 दिन | शनिवार छोड़कर | 01.08.24 से 30.09.24 तक |
| 02398 आनन्द विहार टर्मि.–गया जं विशेष | 01.08.24 | 6 दिन | रविवार छोड़कर | 02.08.24 से 01.10.24 तक |

शेष पूर्ववत् है

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2154/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




भगवान जगन्नाथ के कारण आज अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिंदा है। यह दावा हम नहीं बल्कि इस्कॉन मंदिर कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने किया है। दास ने एक्स पर 48 साल पहले ट्रंप की सबसे बड़ी मदद का उल्लेख किया है जो जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव को लेकर थी। दास ने कहा कि जगन्नाथ ने उन्हें बचाकर एहसान का बदला चुकाया है।

# 'भगवान जगन्नाथ ने डोनाल्ड ट्रंप को बचाया', इस्कॉन का बड़ा दावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

14 जुलाई यानी रविवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बाल-बाल बचे और उन्हें बचाने वाले भगवान जगन्नाथ हैं। ये दावा वैश्विक हिंदू आध्यात्मिक आंदोलन इस्कॉन ने किया है। इस्कॉन मंदिर कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने सोमवार को दावा किया कि केवल भगवान जगन्नाथ की वजह से आज ट्रंप जिंदा है। दरअसल, पेन्सिलवेनिया में एक चुनावी रैली में भाषण देने के दौरान ही उनके दाहिने कान के ऊपरी हिस्से से गोली गुजरी थी। ये गोली इतनी पास से गुजरी की ट्रंप का कान लहुलुहान हो गया था।

## 48 साल पहले रथ यात्रा में मिली थी मदद

### 48 साल बाद जगन्नाथ ने चुकाया ट्रंप का एहसान

दास ने दावा किया कि 48 साल बाद अब भगवान जगन्नाथ ने डोनाल्ड ट्रम्प की रक्षा करके इस उपकार का बदला चुकाया है। बता दें कि हर साल ओडिशा के पुरी शहर में रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से तीन देवताओं की पूजा की जाती है, जिसमें भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और उनकी बहन सुभद्रा शामिल है। इस साल 7 जुलाई से ये रथ यात्रा शुरू हुई थी जो कि 8 जुलाई तक चली थी।



### एक्स पर क्या बोले दास?

राधारमण दास ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, 'ठीक 48 साल पहले, डोनाल्ड ट्रम्प ने जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव को बचाया था। आज, जब दुनिया फिर से जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव मना रही है, ट्रम्प पर हमला किया गया, और जगन्नाथ ने उन्हें बचाकर एहसान चुकाया।

### ट्रंप ने की थी भक्तों की मदद

इस्कॉन के प्रवक्ता राधारमण दास ने सोशल मीडिया एक्स पर 48 साल पहले न्यूयॉर्क में पहली रथ यात्रा का उल्लेख किया। ये वहीं रथ यात्रा है जिसमें डोनाल्ड ट्रम्प की बहुत बड़ी भूमिका रही थी। बता दें कि ट्रंप ने इस रथ यात्रा के लिए कथित तौर पर भक्तों की मदद की थी।

### ट्रंप ने की थी कृष्णा भक्तों की मदद

राधारमण दास ने बताया कि 'करीब 48 साल पहले, जब इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) न्यूयॉर्क शहर में पहली रथ यात्रा आयोजित करने की योजना बना रहा था, तो चुनौतियों का अंबार था। फिफ्थ एवेन्यू में परेड की अनुमति मिलना किसी चमत्कार से कम नहीं था, लेकिन रथ बनाने के लिए एक विशाल खाली जगह ढूंढना भी कभी आसान नहीं था। उन्होंने हर संभव व्यक्ति के दरवाजे खटखटाए, लेकिन किसी ने मदद नहीं की थी। तब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कृष्ण भक्तों के लिए आशा की किरण बनकर उभरे।

### 1976 का किस्सा किया याद

राधारमण दास ने जुलाई 1976 का एक किस्सा याद किया। उन्होंने बताया कि '1976 में डोनाल्ड ट्रंप ने रथयात्रा के निर्माण के लिए अपना ट्रेन यार्ड निःशुल्क उपलब्ध कराकर इस्कॉन भक्तों की रथयात्रा में मदद की थी। आज, जबकि दुनिया 9 दिवसीय जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव मना रही है, उन पर यह भयानक हमला और उनका बाल-बाल बचना जगन्नाथ के हस्तक्षेप को दर्शाता है।

# प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप हैं बड़े महासागरीय देश : जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत प्रशांत द्वीप समूह के विकास के प्रयासों का समर्थन करना अपनी जिम्मेदारी मानता है। उन्होंने कहा कि प्रशांत क्षेत्र के द्वीप छोटे द्वीप नहीं हैं, बल्कि बड़े महासागरीय देश हैं और भारत को उनका भागीदार बनने का अवसर मिला है।

विदेश मंत्री ने कहा कि हम सतत विकास की तलाश में प्रशांत द्वीप समूह का समर्थन करना अपनी जिम्मेदारी मानते हैं। जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाएं, गरीबी उन्मूलन और स्वास्थ्य सेवा आम चुनौतियां हैं, जिनसे हमें मिलकर निपटने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत अपने हिंद-प्रशांत साझेदारों के साथ और अधिक काम करने के लिए हमेशा तैयार है। विदेश मंत्री ने यह बात डिजिटल माध्यम से हुए एक कार्यक्रम में कही हैं। इस कार्यक्रम में भारत ने



मार्शल द्वीप में चार सामुदायिक विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि इन परियोजनाओं में ऐलुक एटोल में एक सामुदायिक खेल केंद्र, मेजित द्वीप पर हवाई अड्डा टर्मिनल, अर्नो और वोट्जे एटोल में सामुदायिक केंद्र शामिल हैं। ये निश्चित रूप से मार्शल द्वीप के लोगों को बेहतर बुनियादी ढांचा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और मार्शल द्वीप गणराज्य के बीच मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों का एक लंबा इतिहास है। पिछले कुछ वर्षों में भारत-प्रशांत द्वीप समूह सहयोग मंच (एफआईपीआईसी) के तत्वाधान में विस्तार हुआ है। विदेश मंत्री ने कहा कि मैं उन्हें हासिल करने की दिशा में प्रगति देखकर खुश हूं। हम मार्शल द्वीप गणराज्य के लिए विलवणीकरण (पानी से नमक और अन्य खनिजों को अलग करने वाली) इकाइयों और डायलिसिस मशीनों के संबंध में प्रस्तावों पर भी काम कर रहे हैं। भारत प्रशांत द्वीप देशों की प्राथमिकताओं और जरूरतों को पहचानता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल और संबंधित बुनियादी ढांचे, गुणवत्ता और सस्ती दवाएं, अच्छी जीवन शैली, उत्कृष्टता केंद्र, शिक्षा और क्षमता निर्माण, लघु एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र का विकास, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वच्छ जल सुविधाएं ये सभी हमारे सहयोग के कुछ मुख्य क्षेत्र हैं।

